स्वदेश TODAY digital
रांची, शुक्रवार
19.04.2024
वर्ष : 09, अंक : 108, पृष्ठ : 12
मूल्य : 3 रुपया
www.swadeshtoday.com

हिन्दी दैनिक
# स्वदेश टुडे
देश की आवाज

डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर
▶▶ 3




@swadeshtoday | @swadesh_today | swadesh_today | swadesh today | @swadesh_today | 8092174888 | 9031730388

## NEWS IN Gallery

### हेमंत सोरेन नहीं हुए पेश, तीन मई को अगली सुनवाई

**रांची :** ईडी के समन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा की अदालत में पेश नहीं हुए। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख तीन मई निर्धारित की है। इससे पूर्व 12 मार्च को सीजेएम की अदालत ने उन्हें समन जारी करते हुए तीन अप्रैल को उपस्थित होने का आदेश दिया था, लेकिन समन नहीं पहुंचने की बात कहते हुए वह तीन अप्रैल को भी पेश नहीं हुए थे। इसके बाद अदालत ने अगली पेशी की तारीख 18 अप्रैल तय की थी। गुरुवार को भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पेश नहीं हुए। बड़गाईं मौजा वाली जमीन मामले में हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार किया है, इसी मामले में वे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (जेल) में बंद हैं।

### झामुमो नेता अंतू तिर्की व तीन अन्य पांच दिन के ईडी रिमांड पर

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा केस में गिरफ्तार झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित चार आरोपितों की ईडी कोर्ट में पेशी हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने गुरुवार को चारों आरोपितों अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय को पांच दिन के ईडी के रिमांड पर भेज दिया। इससे पूर्व बुधवार को ईडी ने चारों को ईडी के विशेष न्यायाधीश के आवासीय कार्यालय में पेश किया था। उन्होंने चारों को जेल भेज दिया था। ईडी ने गुरुवार को अदालत से सात दिन के रिमांड की मांग की। सुनवाई के बाद अदालत ने पांच दिन की डिमांड की अनुमति दी है।

### ईडी ने शिल्पा शेट्टी का फ्लैट किया अटैच

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क की है। इसमें शिल्पा शेट्टी का जुहू वाला फ्लैट और राज कुंद्रा के नाम पर रजिस्टर्ड बंगला और इक्विटी शेयर शामिल हैं। मामला 2002 के बिटकॉइन पॉन्जी स्कीम घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिये यह जानकारी दी है। ईडी के एक्शन के बाद राज और शिल्पा के वकील प्रशांत पाटिल का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा - ईडी की जांच में राज और शिल्पा पूरा सहयोग करेंगे। वहीं, हमें निष्पक्ष जांच पर भी पूरा भरोसा है। ईडी ने वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और अन्य के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी।

# झारखंड की चार लोस सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

**अधिसूचना जारी होने के साथ ही चुनावी प्रक्रिया शुरू, सभी सीटों पर आमने-सामने का मुकाबला**

- खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू में चुनावी प्रक्रिया का आगाज

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** झारखंड की 14 में से चार लोकसभा सीटों खूंटी, लोहरदगा, सिंहभूम और पलामू में गुरुवार को अधिसूचना जारी होने के साथ चुनावी प्रक्रिया का आगाज हो गया। यहां 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 29 अप्रैल तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। इन सीटों पर 13 मई को वोट डाले जायेंगे।
झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय की ओर से जारी सूचना में बताया गया है कि इन चारों सीटों पर कुल 63 लाख 99 हजार 582 लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर पायेंगे। इन चार सीटों में खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम अनुसूचित जनजाति और पलामू सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।
खास बात यह कि अनुसूचित जनजाति के आरक्षित तीनों सीटों – खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम में महिला वोटरों की तादाद पुरुषों से ज्यादा है। देश में लोकसभा के चौथे और झारखंड में पहले चरण की इन चारों सीटों पर होने वाली वोटिंग के जरिये केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा, पलामू के सांसद बीडी राम, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत जैसे दिग्गजों की किस्मत का फैसला होगा। अब तक जो सियासी परिस्थितियां बनी हैं, उसके मुताबिक इन चारों सीटों पर भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के बीच आमने-सामने का मुकाबला दिख रहा है। खूंटी सीट पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का मुकाबला कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से होगा।
वहीं, सिंहभूम सीट पर दो दिग्गज महिला लीडर भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो की जोबा मांझी के बीच मुकाबला है। झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने इस सीट पर पिछली बार कांग्रेस के कैंडिडेट के तौर पर जीत दर्ज की थी। इस बार वह भाजपा की प्रत्याशी हैं। जोबा मांझी बिहार और झारखंड सरकार में चार बार मंत्री रह चुकी हैं। लोहरदगा सीट पर भाजपा ने राज्यसभा के सांसद रहे समीर उरांव को प्रत्याशी बनाया है, जबकि उनके मुकाबले में कांग्रेस ने पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे सुखदेव भगत को उतारा है। पलामू सीट पर भाजपा ने राज्य के पूर्व डीजीपी बीडी राम को लगातार तीसरी बार मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला यहां राजद की ममता भुइयां से होगा।

## लोकसभा चुनाव : पहले चरण में 102 सीटों पर आज होगी वोटिंग




एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। इसके साथ ही पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें) और सिक्किम (32 सीटें) में विधानसभा चुनाव भी होंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं।

**ईवीएम–वीवीपीएटी मामला : चुनाव आयोग से बोला सुप्रीम कोर्ट –**

# चुनाव प्रक्रिया की 'पवित्रता' रहे बरकरार

- स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से हों चुनाव

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के चुनाव आयोग से चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाये रखने का आग्रह किया है। ईवीएम-वीवीपीएटी क्रॉस-सत्यापन सुनवाई के संबंध में सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने चुनाव निकाय से स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताने को कहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ईसीआई से यह सुनिश्चित करने को कहा कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से आयोजित हों। शीर्ष अदालत ने कहा - यह (एक) चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि जो कुछ अपेक्षित है वह नहीं किया जा रहा है।
सुप्रीम कोर्ट वर्तमान में उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है जो इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों पर डाले गये वोटों को पेपर बैलेट वीवीपीएटी प्रणाली के साथ क्रॉस-सत्यापन की मांग करती हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से वकील प्रशांत भूषण के आरोपों पर गौर करने का भी आग्रह किया कि केरल में एक मॉक पोल के दौरान चार ईवीएम मशीनों द्वारा भाजपा के लिए एक अतिरिक्त वोट दर्ज किया गया था। एक वीवीपीएटी-मतदाता सत्यापन योग्य पेपर ऑडिट ट्रेल-प्रणाली मतदाताओं को यह सत्यापित करने और जांचने की अनुमति देती है कि क्या उनका वोट सही ढंग से डाला गया है और उस उम्मीदवार के लिए गिना गया है जिसे वे समर्थन करना चाहते हैं। यह मशीन एक कागज की पर्ची बनाती है जिसे मतपेटी में संग्रहित किया जाता है और किसी भी विवाद की स्थिति में इसका उपयोग किया जा सकता है।

## चुनाव आयोग ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने लोक सभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए गुरुवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। दूसरे चरण के चुनाव के लिए 12 राज्यों की 88 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान कराये जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, ऑनलाइन समीक्षा बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और दोनों चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह संधू ने भाग लिया। बैठक में इन क्षेत्रों से संबंधित 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। आयोग ने अधिकारियों से सख्ती से यह सुनिश्चित करने को कहा कि गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए यथासंभव सभी प्रबंध किये जायें। बैठक में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पर्यवेक्षकों को आयोग द्वारा पहले से अधिसूचित नियमों और प्रक्रियाओं तथा व्यवस्थाओं का पालन करने का कहा गया है।

# राज्य में पारा 43 डिग्री के पार, येलो अलर्ट जारी



- बढ़ती गर्मी को देखते हुए कई स्कूलों का समय बदला

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** राज्य में लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य देवता आग उगल रहे हैं। कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार, आने वाले दिनों में पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के तापमान में वृद्धि की संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग ने 19 से 21 अप्रैल तक कोल्हान प्रमंडल में लू का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार, संथाल परगना में 20 से 21 अप्रैल तक हीट वेब चलेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में दर्ज किया गया है। सरायकेला में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
बढ़ते तापमान को देखते हुए कई निजी स्कूलों ने समय सारिणी में बदलाव शुरू कर दिया है। कई स्कूलों ने सुबह स्कूल पहुंचने और दोपहर छुट्टी के समय में बदलाव किया है। वहीं, कई स्कूल अगले सप्ताह से टाइमिंग में जल्द ही बदलाव करेंगे।

### सुधांशु त्रिवेदी सहित पांच नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों ने ली शपथ

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राज्यसभा के पांच नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ संसद भवन में दिलायी गयी जहां राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीके मोदी भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण करनेवालों में भीम सिंह, परमार जसवंतसिंह सलामसिंह, संगीता, नवीन जैन और डॉ. सुधांशु त्रिवेदी शामिल थे।

**देवघर रोपवे हादसा : झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब, पूछा –**

# कंपनी के खिलाफ क्या एक्शन हुआ?

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने अप्रैल, 2022 में देवघर के त्रिकूट पर्वत पर हुए रोपवे हादसे को लेकर दर्ज एफआईआर पर हुई कार्रवाई के बारे में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि रोपवे संचालित करने वाली कंपनी के खिलाफ क्या एक्शन हुआ है? राज्य सरकार से कहा गया है कि वह इस संबंध में शपथ पत्र दाखिल करके पूरी जानकारी कोर्ट के समक्ष पेश करे। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को तय की है।
बता दें कि देवघर के त्रिकूट पर्वत पर 10 अप्रैल, 2022 की शाम लगभग 6 बजे रोपवे का एक तार टूट जाने की वजह से तीन लोगों की मौत हो गयी थी, जबकि डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हो गये थे। रोपवे की 24 में से 23 ट्रॉलियों पर सवार कुल 78 लोग पहाड़ी और खाई के बीच हवा में फंस गये थे। इनमें से 28 लोगों को उसी दिन सुरक्षित निकाल लिया गया था। जबकि, 48 लोग 36 से लेकर 45 घंटे तक बिना पानी-खाना के पहाड़ी और खाई के बीच हवा में लटके रह गये थे।



वायुसेना, एनडीआरएफ, आईटीबीपी और आर्मी के लगातार 45 घंटे के जोखिम भरे ऑपरेशन के बाद हवा में लटके 48 में से 46 लोगों को बचा लिया गया था। जबकि, रेस्क्यू के दौरान दो लोगों की मौत हो गयी थी। हाईकोर्ट ने इस हादसे को लेकर मीडिया में आयी खबरों पर संज्ञान लिया था। पूर्व की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जांच में रोपवे संचालित करने वाली कंपनी दामोदर रोपवे इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. को दोषी पाया गया है। उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जा रही है।

**भाजपा ने राहुल गांधी को दी चुनौती, कहा –**

# हिम्मत है तो अमेठी से चुनाव लड़ें

एजेंसी



**अमेठी :** भाजपा ने राहुल गांधी को बातों बातों में अमेठी से चुनाव लड़ने का चैलेंज दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार के बाद उनमें इस बार वहां से खड़े होने की हिम्मत नहीं है। सिंह ने कहा कि गांधी अपनी हार के बाद उत्तर प्रदेश से केरल चले गये। भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के लिए समर्थन जुटाने के लिए पथानामथिट्टा लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी बैठक में बोलते हुए उन्होंने दावा किया - हालांकि, मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है। सिंह ने यह भी कहा कि देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, लेकिन कांग्रेस के युवा नेता की लॉन्चिंग पिछले 20 वर्षों से नहीं हुई है। उन्होंने वायनाड से कांग्रेस सांसद पर कटाक्ष करते हुए कहा - कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो लॉन्च हुआ है और न ही कहीं उतरा है।

# ईरान के कब्जे वाले शिप से भारत लौटी पहली क्रू मेंबर

एजेंसी



**नई दिल्ली :** मालवाहक पोत एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल में शामिल केरल के त्रिशूर की रहने वाली महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ गुरुवार (18 अप्रैल, 2024) को कोचीन पहुंचीं। दोपहर को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उनकी वापसी हुई और इस दौरान महिला कैडेट का स्वागत क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने किया। यह जानकारी भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर साझा की गयी है। विदेश मंत्रालय की ओर से आगे बताया गया कि तेहरान में भारतीय मिशन मालवाहक पोत एमएससी एरीज के बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है।

**लोकसभा चुनाव | योगी ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को किया संबोधित, कहा -**

# भारत 80 करोड़ लोगों को दे रहा है फ्री राशन

एजेंसी



**मेरठ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मेरठ के किठौर में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक साथ ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुए, आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है और भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है।
पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है, बंटवारे के समय उनके हिस्से उर्वरा भूमि गयी, बावजूद इसके आज पाकिस्तान की जनता भूखों मर रही है। पाकिस्तान की आबादी से भी अधिक लोग भारत में पिछले 10 साल में गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि रामनवमी के अगले दिन ही मेरा यहां आना हुआ है। जब अरुण गोविल रामायण सीरियल में भगवान राम का रोल अदा कर रहे थे और उसके माध्यम से कलियुग में भगवान राम के जीवन को चित्रित कर रहे थे, उस समय उन्हें भी नहीं पता था कि एक दिन भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर अपना जन्मदिन मनायेंगे। जिस साल मेरठ से अरुण गोविल प्रत्याशी बने, उसी साल 500 वर्षों के इंतजार के बाद श्रीराम अपना जन्मोत्सव मना रहे हैं। आपने देखा होगा कि सूर्यवंशी राम का तिलक सूर्य की किरणों से हुआ। ये देख पूरी दुनिया अभिभूत हुई है।
सीएम योगी ने सवाल पूछा - रामलला के मंदिर के शिलान्यास से लेकर उनकी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और भव्य रामनवमी का आयोजन क्या कांग्रेस, सपा, बसपा के लोग कर पाते? उन्होंने बताया कि रामनवमी के दिन 15 लाख लोग अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हम सब मेरठ आये हैं और अरुण गोविल को लेकर आये हैं। 1857 में धन सिंह कोतवाल ने अपनी नौकरी को ठुकराकर व देश के अमर बलिदानियों की श्रेणी में खड़ा होकर स्वतंत्रता का उद्घोष किया था। उनका सपना एक ही था कि 'तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहें न रहें'। वे अपने और अपने परिवार के लिए न होकर देश की स्वाधीनता और आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़ें। ये हमारा सौभाग्य है कि हम सब उस सपने को साकार होता देख रहे हैं। आज मेरठ से दिल्ली 12 लेन हाईवे, रैपिड रेल की सुविधा, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के तमाम कार्य हुए हैं।

# स्वदेशी 'निर्भय' मिसाइल का सफल परीक्षण

- वायुसेना के लड़ाकू सुखोई-30 विमान से हुई मिसाइल के उड़ान पथ की निगरानी
- बहुत कम ऊंचाई पर भी दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है निर्भय मिसाइल

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भारत ने गुरुवार को लंबी दूरी की स्वदेशी 'निर्भय' सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण करके एक बार फिर इतिहास रच दिया है। मिसाइल की उड़ान पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू सुखोई-30 विमान से भी नजर रखी गयी। यह मिसाइल बहुत कम ऊंचाई पर भी दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 18 अप्रैल को ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर), चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इस दौरान मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया। मिसाइल के प्रदर्शन और उसके उड़ान पथ की निगरानी के लिए आईटीआर में विभिन्न स्थानों पर राडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई सेंसर तैनात किये गये थे। मिसाइल की उड़ान पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई से भी नजर रखी गयी।

NEWS IN Gallery

### पुलिस की गोली से मौत मामले में थाना प्रभारी निलंबित, एएसआई गिरफ्तार

गोड्डा : सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस की गोली से एक युवक की मौत मामले में गुरुवार को थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही आरोपित एएसआइ राजनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित एएसआइ पर गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट की धारा में सुंदरपहाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले को लेकर गोड्डा एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में एसआइटी की टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनाडिक हेंब्रम लेवी वसूलने आने वाला है। सूचना के आधार पर बुधवार देर शाम सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस ने एक टीम गठित कर बेनाडिक हेंब्रम के घर छापेमारी की। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे रूकने को कहा, लेकिन वह भागता ही रहा। उसे पकड़ने के दौरान पुलिस ने फायरिंग की। इस गोलीबारी में बेनाडिक हेंब्रम के घर पर रह रहे हरिनारायण पहाड़िया नाम के युवक के बांये कंधे के पास गोली लग गई। घायल अवस्था में पुलिस उसे अस्पताल ले गयी, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस पर बिना कुछ पूछे गोली चलाने का आरोप लगाया है।

### आर्किटेक्ट विनोद सिंह के अग्रिम जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

रांची : जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी आर्किटेक्ट विनोद सिंह के अग्रिम जमानत याचिका पर गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। यह जानकारी अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने दी। इससे पूर्व विनोद सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से गत सोमवार को कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। ईडी ने बड़गाईं अंचल के जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इस केस में मोहम्मद सद्दाम, अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 10 साल कैद

रांची : नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी मिथुन बेदिया को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। पीड़िता ने अनगड़ा थाना में सात अप्रैल 2022 को आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिक में कहा गया है कि शादी का झांसा देकर पिछले तीन साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब शादी करने को कहा तो वह बाद में मुकर गया। प्राथमिकी दर्ज होने के दूसरे दिन आठ अप्रैल 2022 को अनगड़ा पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता सहित पांच गवाहों की गवाही दर्ज की गई।

### रिश्वत मामले में रेलीगढ़ा परियोजना रामगढ़ के यूडीसी क्लर्क को तीन साल की सजा

रांची : सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को रिश्वत लेने के आरोपित रामगढ़ के रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय के यूडीसी क्लर्क रामराज नोनिया को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। सीबीआई टीम ने 5 मार्च 2020 को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रामराज नोनिया को गिरफ्तार किया था।

# खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

## 25 अप्रैल तक भरे जायेंगे नामांकन पत्र, 26 को नामांकन पत्रों की होगी जांच

स्वदेश संवाददाता

खूंटी : अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट के लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक उम्मीदार अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 27 और 28 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण 29 अप्रैल को प्रत्यशी अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। नामांकन के लिए उम्मीदवार को 12500 सुरक्षित राशि जमा करनी पड़ेगी। नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवार को एक प्रस्तावक और स्वतंत्र उम्मीदवार के लिए दस प्रस्तावकों का होना जरूरी है। यह जानकारी जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने समाहरणालय सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार भी मौजूद थे। एपायुक्त ने बताया कि नामांकन पत्र भरने में प्रत्याशियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा हेल्प डेस्क बनाया गया है। नामांकन के सबंध में डीसी और एसपी ने बताया कि समाहरणालय से दो सौ मीटर की दूरी तक किसी उम्मीदवार के साथ तीन गाड़ियों को ही जाने की अनुमति होगी। नामांकन के लिए उम्मीदवार के साथ जा सकते हैं।




**26 पर्दानशीं मतदान केंद्र**

जिला निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि मुस्लिम बहुल 26 मतदान केंद्रों को पर्दानशीं बूथ के रूप में पहचान की गई है। यहां सभी महिला मतदान कर्मी और अधिकारी ही तैनात होंगे। इन मतदान केंद्रों में पर्दा करनेवाली महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

**पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक**

डीसी ने बताया कि खूंटी संसदीरू क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख नौ हजार 677 है। इनमें छह लाख 66 हजार 584 महिला वोटर और छह लाख 43 हजार 87 पुरुष मतदाता हैं। बताया गया कि छह विधानसभा क्षेत्रों में फैले खूटी संसदीय सीट में 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए 1705 मतदान कंद्र बनाये गये हैं। इनमें खूंटी जिले के तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 252 और खूंटी विधानसभा क्षेत्र में 297 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। खरसावां में 282, तमाड़ में 303, सिमडेगा में 270 और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 301 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। बताया गया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए खूंटी जिले में 549 मतदान केंद्र बनाये गये हैं और 72 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 110 माइक्रो ऑब्जर्बर, और 659 पीठासीन पदाधिकारी अरौ इतनी ही संख्या में प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये हैं। जिला निवार्ची पदधिकारी ने बताया कि इस बार खूंटी जिले में युवा बूथ भी बनाये गये हैं, जहां सभी मतदान अधिकारी और कर्मचारी 30 वर्ग कें होगे। उन्होंने बताया कि जिले में 115 महिला बूथ बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि तोरपा में एक यूनिक मतदान केंद्र बनाया गया है, जहां 90 फीसदी मतदाता आदिवासी हैं। उस मतदान केंद्र को जनजातीय परंपरा और संस्कृति को दशार्नेवाली पेंटिंग आदि कराई गई है। डीसी ने बताया कि खूंटी जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की संख्या 85 है, जिनमें 52 बुजुर्ग मतदाताओं ने होम वाटिंग की इच्छा जताई है। होम वोटिंग 12 मई को होगी। डीसी ने बताया कि अड़की प्रखंड के बदानी में पहली बार मतदान केंद्र बनाया गया है। पहले गांव के लोगों को दूसरी जगह मतदान के लिए जाना पड़ता था।

## अंतरराष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित

स्वदेश संवाददाता

चान्हो : चान्हों स्थित बाघवार अकादमी में गुरूवार को साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा 17 अक्टूबर 2023 को आयोजित सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।? इस प्रतियोगिता में बाघवार अकादमी के छात्रों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। कक्षा 4 के सांची सलोनी, सेलिना केरकेटा तथा शिवानी उरांव ने अपने वर्ग में प्रथम स्थान पर रहते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीता। इनका अंतरराष्ट्रीय रैंक 88 रहा। कक्षा 5 की परिधि सहदेव, काजल कुमारी, अंजना कुमारी, मीठी कुमारी तथा ओलिव इक्का नेअपनी कक्षा में



क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे तथा चौथे स्थान पर आते हुए गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड जीतकर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है। सभी बच्चों को मिडिल एवं प्रशस्ति पत्र विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार के कर कमलों के द्वारा दिया गया। बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए आगे आने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेने एवं और अच्छा प्रदर्शन करने की सलाह दी। प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए विद्यालय के शिक्षक श्री हरे कृष्णा सिंह को साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के द्वारा एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

**आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चान्हो में कांग्रेस प्रखंड पदाधिकारी मंच की बैठक सम्पन्न**

## उलगुलान रैली को सफल बनाने का निर्णय

स्वदेश संवाददाता

चान्हो : आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चान्हो में गुरुवार को कॉग्रेस प्रखंड पदाधिकारी मंच मोर्चा, मण्डल, पंचायत अध्यक्षों की बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आगामी लोहरदगा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी कार्यकर्त्ता और पदाधिकारी जीत के प्रति संकल्पित हैं। बैठक में आगामी 21 अप्रैल को आयोजित



उलगुलान रैली को जबरदस्त रूप से सफल बनाने का निर्णय लिया गया। रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित इस रैली में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं सोनिया गाँधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गाँधी सहित देश भर के इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता शामिल होंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 30 अप्रैल को चान्हो में कांग्रेस की विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा। घर-घर व्यापक जनसम्पर्क कर सभी मतदाताओं से मिलने और 21 अप्रैल को उलगुलान रैली के साथ ही 30 अप्रैल की जनसभा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। चान्हो की रैली में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सुखदेव भगत, मांडर के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सहित कांग्रेस के अनेक महत्वपूर्ण नेता भाग लेंगे।

## शहर की यातायात व्यवस्था पर चैंबर ने यातायात पुलिस अधीक्षक को किया पत्राचार

स्वदेश संवाददाता

रांची : रांची शहर की यातायात व्यवस्था पर चिंता जताते हुए झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने यातायात पुलिस अधीक्षक को पत्राचार कर शहर में जाम लगने के कारणों से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की। चैंबर ने सुझाया कि सभी चौक चौराहों पर 50 मीटर की परिधि में ऑटो ई-रिक्शाखड़ा करने पर सख्ती से रोक लगाई जाय। इसी प्रकार ट्रैफिक सिग्नलों का ऑडिट करने शहर के सभी क्षेत्रों में यातायात संबंधी निदेर्शों के लिए सूचना बोर्ड का अधिष्ठापन कराने चौराहों पर लेफ्ट टर्न को फ्री रखने के लिए साइनेज बोर्ड लगाने नो इंट्री वाले जगहों पर बोर्ड अधिष्ठापित कराने वाहनों की गति सीमा में संशोधन करने और समूचे क्षेत्रों में जहां भी सडकों पर अतिक्रमण कर व्यवसायिक गतिविधि की जा रही है उन्हें अतिक्रमणमुक्त कराने की बात कही गई। ट्रॉफिक उप समिति के चेयरमेन मुकेश पांडे ने बताया कि अरगोडा चौक होटल रैडिशन ब्लू नागाबाबा खटाल अल्बर्ट एक्का चौक संत जेवियर कॉलेज के पास कोकर चौक से बूटी मोड रोड कांटाटोली चौक के दोनों ओर रांची रेलवे स्टेशन के पास हिनू चौक चडरी चौक से जेल रोड तक अवैध रूप से ऑटो और ई-रिक्शा स्टैंड बन गया है जिस कारण इन सडकों पर सदैव जाम की स्थिति बनी रहती है। रातू रोड से हरमू रोड तक तथा खादगड़ा बाजार में सडक पर फूटपाथ दुकानदारों और वाहनों का अवैध कब्जा है। ईस्ट जेल रोड में सड़क के दोनों ओर वाहनों की अवैध पार्किंग न्यूक्लियस मॉल से लालपुर चौक तक सडक पर फूटपाथ दुकान एवं अवैध पार्किंग का कब्जा खेलगांव चौक से बूटी मोड तक सडकों पर अवैध पार्किंग लालपुर चौक से कोकर चौक तक सब्जी फल दुकान और अवैध ऑटो स्टैंड का कब्जा कांटाटोली चौक से नामकोम रोड में पेट्रोल पंप के पास तक अवैध रूप से बस स्टैंड के कारण भी जाम की स्थिति बनी रहती है।

**लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत ने नामांकन पत्र खरीदा**

## पांच विधानसभा से चुनाव प्रभारी घोषित

स्वदेश संवाददाता

रांची : कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह कमर कस चुकी है। गुरुवार को एक तरफ पार्टी प्रत्याशी ने सुखदेव भगत ने नामांकन पत्र खरीदने के साथ ही 25 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने का ऐलान कर दिया। तो वहीं, दूसरी ओर लोहरदगा लोकसभा के अंतर्गत पड़ने वाले पांच विधानसभा सीटों के लिए पार्टी ने चुनाव प्रभारी की घोषणा कर दी है। इसमें गुमला जिला के तीन विधानसभा हैं। जबकि लोहरदगा में दो विधानसभा क्षेत्र है।

**विशुनपुर से जगदीप भगत तो गुमला से रमेश कुमार चीनी को मिली जिम्मेदारी**

गुमला जिला के अंतर्गत आने वाला विशुनपुर विधानसभा से जगदीप भगत को प्रभारी बनाया गया है। वहीं, गुमला विधानसभा की जिम्मेदारी कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी दी गयी है, तो, वहीं सिसई विधानसभा का प्रभार पीसीसी डेलीगेट राजनील तिग्गा के हाथ में है। राजनील तिग्गा



जहां सबसे युवा चुनाव प्रभारी हैं। वहीं रमेश कुमार चीनी चुनाव के नजरिये से अनुभवी हैं। इसलिए इन दोनों चुनाव प्रभारियों पर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को चुनाव जीताने की जिम्मेवारी होगी। उसी तरह लोदरदगा विधानसभा का प्रभारी साजिद अहमद को बनाया गया है तो मांडर विधानसभा की जिम्मेदारी विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को दी गयी है। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने विधानसभावार चुनाव प्रभारियों की सूची जारी कर दी। अमुल्य नीरज खलखो ने सभी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी चुनाव प्रभारी अपनी जिम्मेवारियों का ईमानदारी से निर्वाहन करें एवं लोकसभा प्रत्याशी, जिला व प्रखंड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव के प्रचार प्रसार में लग जाएं. ताकि पार्टी की जीत सुनिश्चित हो। इधर, प्रभारी बनाये जाने के बाद रमेश कुमार चीनी व राजनील तिग्गा ने कहा है कि इसबार पूरी ताकत के साथ कांग्रेस चुनाव मैदान में है। हम ये चुनाव जरूर जीतेंगे। लोहरदगा लोकसभा के अंतर्गत पड़ने वाले पांचों विधानसभा में गठबंधन के विधायक हैं। इसमें गुमला से झामुमो विधायक भूषण तिर्की, बिशुनपुर से झामुमो के विधायक चमरा लिंडा, सिसई से झामुमो के विधायक जिग्गा सुसारन होरो, लोहरदगा से कांग्रेस के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव व मांडर से कांग्रेस की विधायक शिल्पा नेहा तिर्की हैं।

## मनरेगा घोटाला : ईडी ने दो इंजीनियरों की 22.47 लाख की संपत्ति जब्त की

रांची : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मनरेगा घोटाले में एक बार फिर से कार्रवाई की है। गुरुवार को ईडी की टीम ने दो एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार ईडी ने झारखंड के खूंटी जिले में 18.06 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले मामले में आरोपित एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी की 22.47 लाख रुपये मूल्य की चार अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त की हैं। इस मामले में ईडी अब तक स्थाई व अस्थाई रूप से कुल 106.86 करोड़ की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इस मामले में झारखंड पुलिस में दर्ज 16 प्राथमिकियों के आधार पर ईडी ने ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में झारखंड पुलिस ने जो चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें पता चला था कि जूनियर इंजीनियर राम विनोद




प्रसाद सिन्हा, सहायक इंजीनियर आरके जैन (मृतक), कार्यकारी अभियंता शशि प्रकाश और जय किशोर चौधरी भी मनरेगा के 18.06 करोड़ रुपये के गबन में शामिल थे। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 6 मई 2022 को पीएमएलए अधिनियम में दर्ज प्रविधानों के तहत सभी इंजीनियरों से संबंधित परिसरों और खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त आइएएस पूजा सिंघल से संबंधित परिसरों की तलाशी ली थी। इस छापेमारी में ईडी को तब 19.58 करोड़ रुपये नकदी मिले थे, जिसे ईडी ने जब्त किया था। फिलहाल मामले में पूजा सिंघल न्यायिक हिरासत में है। उनका इलाज रिम्स में चल रहा है।

## अधिवक्ता राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 25 को

रांची : कोलकाता कैश कांड मामले के आरोपित हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की है। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल एवं राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसपर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसमें अमित अग्रवाल की संलिप्तता थी। एक साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था।

## जमीन घोटाला मामले में ईडी ने आरोपितों के पास से बरामद किये एक करोड़ 25 लाख

रांची : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के प्रावधानों के तहत पिछले दिनों की गयी छापेमारी में एक करोड़ 25 लाख कैश बरामद किये थे। इसे ईडी ने जब्त कर लिया है। साथ ही ईडी ने अलग-अलग बैंक खातों में जमा तीन करोड़ 56 लाख भी जब्त करते हुए बैंक अकाउंट को फ्रिज कर दिया है। ईडी ने गुरुवार अधिकारिक रुप से बताया कि जमीन घोटाले मामले में 16 फरवरी को हुई छापेमारी के दौरान करीब 1.25 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। पीएमएलए के तहत कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद से जुड़े मामले में झामुमो नेता अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद अख्तर को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही इस घपले में शामिल अफसर अली को भी गिरफ्तार करते हुए 22 अप्रैल तक रिमांड पर लिया है। इस मामले में मो. सद्दाम हुसैन पहले से ही ईडी की कस्टडी में हैं। ईडी ने जांच में पाया है कि गिरफ्तार किए गये सभी छह लोगों ने सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन से जुड़े रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर नहीं बेचे जाने वाली जमीन की भी खरीद-बिक्री की है। इस साजिश में रांची और कोलकाता स्थिति राजस्व विभाग के कर्मी भी शामिल रहे हैं।

**महारैली** उलगुलान रैली को लेकर गठबंधन के नेताओं ने की संयुक्त प्रेसवार्ता

# ऐतिहासिक होगी 'न्याय उलगुलान महारैली' : राकेश

- रैली में गठबंधन के कई नेता होंगे शामिल

स्वदेश संवाददाता

रांची : रांची में 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की न्याय उलगुलान महारैली आयोजित होगी। इसके लिए आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं को भी न्योता दिया गया है। गुरुवार को आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं ने न्याय उलगुलान महारैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस भवन में संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता की।

प्रेसवार्ता में गठबंधन नेताओं ने जानकारी दी कि रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव इस महारैली में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी




नेता संजय सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आने की सहमति दी है। साथ ही नेशनल कांफ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला भी महारैली में आएंगे। प्रेसवार्ता में कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी। अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा। यह रैली ना केवल झारखंड की, बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड संघर्षों की भूमि रही है। इस धरती से जो आवाज उठेगी वह केंद्र की सत्ता पलटने में कारगर साबित होगी।

सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल मुद्दों से सभी का ध्यान भटकाने का काम करते हैं। वह नवरात्र में मीट और मछली की बात तो करते हैं लेकिन महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते। वह लगातार कई दौरे पर आए, कई कार्यक्रम हुए लेकिन उनके मुंह से एकबार भी सरना धर्म कोड की बात बाहर नहीं आई। प्रेसवार्ता में झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2001 में मोरहाबादी मैदान में रैली हुई थी। लोग रैली में शामिल होने के लिए सुबह से जुट रहे थे। झारखंड की सबसे बड़ी रैली थी। जून का महीना था और रैली समाप्त होने के बाद भी अगली सुबह तक लोग रैली में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह न्याय उलगुलान महारैली भी ऐतिहासिक होगी। हम सहयोगी दल न्याय के लिए मिलकर जुटेंगे। राज्य में वरीय नेताओं से बातचीत के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अकेले झामुमो के तीन लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटेंगे। साथ ही अन्य दलों के भी दो लाख कार्यकर्ता जुटेंगे। पांच लाख लोग प्रभात तारा मैदान में आएंगे। उन्होंने कहा कि यह रैली झारखंड में ठीक चुनाव से पहले हो रही है, इसलिए झारखंड में इसे चुनाव का शंखनाद कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के लिए हरसंभव इंतजाम रैली स्थल में किए जाएंगे। राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि जहां पर उलगुलान महारैली होगी, वह इलाका एचईसी में आता है। एचईसी के कर्मियों को 22 महीने से वेतन नहीं मिला है। दस साल से रांची में भाजपा के सांसद हैं। उनकी जवाबदेही तय होगी। हमारे वरीय नेता आएंगे उनके सामने भी इन बातों को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आईनएडीआईए काफी मजबूत है। 2024 लोकसभा चुनाव में हम लोग भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे।

## जैक आज जारी करेगा मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट




स्वदेश संवाददाता

रांची : लोकसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग 19 अप्रैल को होनी है। लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने के लिए चुनाव आयोग जोरशोर से जुटा है। दूसरी तरफ झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक शुक्रवार को मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट जारी करेगा। परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं को इस घड़ी का बेसब्री से इंतजार रहता है। जैक के सभागार में शुक्रवार को 11.30 बजे रिजल्ट जारी होगा। झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 6 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित हुई थी। मैट्रिक की परीक्षा में कुल 4,21,678 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। वहीं इंटर की परीक्षाओं में 3,44,822 परीक्षार्थियों शामिल थे। दोनों लेबल की परीक्षाओं के नतीजे छात्र और छात्राओं के आगे के भविष्य की राह खोलते हैं। रिजल्ट जारी करने को लेकर काउंसिल की तरफ से तैयारी पूरी की जा चुकी है।

# 'द ग्रेट फैमिली गेट टूगेदर शो' है इंडी गठबंधन की रैली: भाजपा

स्वदेश संवाददाता



रांची : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने इंडी गठबंधन की 21 अप्रैल की रैली पर निशाना साधते हुए इसे द ग्रेट फैमिली गेट टुगेदर शो करार दिया। उन्होंने कहा कि इस मंच पर अखिलेश यादव का परिवार, लालू यादव का परिवार, स्टालिन का परिवार, ममता बनर्जी का परिवार, हेमंत सोरेन का परिवार तथा गांधी परिवार नजर आएगा।

गुरुवार को प्रदेश मीडिया सेंटर हरमू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रतुल शाह देव ने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ परिवार को बढ़ाने वाले दलों का समूह है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाए जाने के डर से एक मंच पर आया है। इलेक्टोरल बॉन्ड पर भाजपा प्रवक्ता ने विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विपक्ष चीजों को छुपा कर बोलता है। कुल 3000 कंपनियों ने इलेक्ट्रोरल बॉन्ड खरीदा था। इसमें सिर्फ 26 कंपनियों पर ईडी, सीबीआई या आईटी की इंक्वायरी चल रही है। इनमें से 16 कंपनी ने दबिश के बाद इलेक्ट्रोरल बॉन्ड खरीदा था। इन 16 कंपनियों के खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड का सिर्फ 37 प्रतिशत हिस्सा भाजपा को मिला, जबकि 63 प्रतिशत हिस्सा विरोधियों को मिला। प्रतुल शाह देव ने कहा कि अगर सीक्वेंस को जोड़ें तो ऐसा लगता है कि जिनके यहां इन एजेंसियों के छापे पड़ते हैं, उनके यहां विपक्षी जाकर सत्ता में आने के बाद मामले को समाप्त करने के नाम पर वसूली कर रहे हैं। तभी ऐसी दबिश वाली कंपनियों ने इलेक्ट्रोरल बॉन्ड का 2/3 हिस्सा कांग्रेस और इंडी एलायंस के दलों को दे दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार में तुष्टिकरण चरम पर है। उन्होंने कहा कि जनता ऐसी विघटनकारी और विनाशकारी शक्तियों को बाहर करेगी और 400 सीटों के आंकड़े को भाजपा और सहयोगी दलों को पार कराएगी।

## बाबूलाल मरांडी ने पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की जतायी आशंका



रांची : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सीता सोरेन पर हमले की आशंका जतायी है। उनके मुताबिक, संभव है कि सिंहभूम की सांसद और पार्टी उम्मीदवार गीता कोड़ा पर पिछले दिनों हुए हमले की तरह सीता सोरेन पर भी झामुमो कार्यकर्ता जानलेवा हमला कर सकते हैं। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी आशंका जाहिर करते हुए मरांडी ने कहा कि सीता सोरेन ने लगभग डेढ़ दशक तक झामुमो विधायक के रूप में पार्टी की सेवा की। यदि उन्होंने अपने साथ हो रहे अपमानजनक व्यवहार और साजिश के विरोध में पार्टी छोड़ी तो क्या झामुमो उन पर जानलेवा हमला करा देगा। मीडिया में दुमका से झामुमो उम्मीदवार और विधायक नलिन सोरेन के उस बयान को लेकर छपी खबर पर उन्होंने चिंता जाहिर की है जिसमें नलिन ने झामुमो के विरोध में बोलने पर सीता सोरेन के साथ भी गीता जैसा हाल होने की चेतावनी दी है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि नलिन सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता का यह वक्तव्य झामुमो के उस अंदरूनी खूनी मानसिकता को भी उजागर करता है, जिसमें हेमंत सोरेन का विरोध करने वालों पर जानलेवा हमला भी कराया जा सकता है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस और चुनाव आयोग से आग्रह करते हुए कहा है कि वजह जो भी हो, झामुमो द्वारा भाजपा की महिला उम्मीदवारों पर हमले की धमकी देना उनकी कायरता और चुनाव के पूर्व ही पराजय को दशार्ता है। चुनाव आयोग और पुलिस से आग्रह है कि गीता कोड़ा जैसा जानलेवा प्रकरण सीता सोरेन के साथ भी ना हो, इसके लिए उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राज्य के डीजीपी इस पर संज्ञान लें।

# उलगुलान रैली में आदिवासी-मूलवासियों पर हो रहे अत्याचार को करेंगे उजागर : मुख्यमंत्री



स्वदेश संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उलगुलान न्याय महारैली की सफलता को लेकर गठबंधन दल के नेताओं के साथ गुरुवार को बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रैली केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों एवं मूलवासियों पर हो रहे अत्याचारों और उन्हें जल-जंगल-जमीन से दूर करने की साजिश का पदार्फाश करेगी। विपक्षी दलों की राज्य सरकारों के खिलाफ एजेंसियों के इस्तेमाल और झूठे आरोपों द्वारा उन्हें बदनाम करने की रणनीति को देश समझ चुका है और आगामी चुनावों में जनता उन्हें जवाब देगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ही हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को यह भरोसा दिलाया था कि पूरा इंडिया गठबंधन उनके इस संघर्ष में साथ रहेगा। चुने हुए मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में भेजना झारखंड की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा को अपने इस षड्यंत्र की इतनी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी कि अब वह विपक्षी दलों को छोड़ने से पहले चार बार सोचने को मजबूर होगी। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डाला गया है। जनता सब समझ चुकी है कि यह सारा षड्यंत्र भाजपा ने एक सर्वमान्य युवा आदिवासी मुख्यमंत्री को बदनाम करने के उद्देश्य से संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कर कराया है। जनता में जबरदस्त आक्रोश है। लोगों का गुस्सा आने वाले चुनाव में भाजपा को दिखेगा।

## NEWS IN Gallery

### मतदाता सूची में 65 विद्यार्थियों ने दर्ज कराया अपना नाम

**रांची** : रांची के गोस्सनर कॉलेज में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया गया। इसमें 65 विद्यार्थियों ने मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोस्सनर कॉलेज की प्राचार्या इलानी पूर्ति ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मतदान हर व्यक्ति को करना चाहिए। मतदान करने से हम सही उम्मीदवार चुन सकते हैं जो देश को तरक्की की ओर ले जाएं। मौके पर नोडल ऑफिसर डॉ. एस.के. सिन्हा और एन.एस.एस. ऑफिसर अनिता अंजू खेस, अनुभा दीप, सूरज रजक, आशा केरकेट्टा सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

### ब्राउन शुगर खरीद -बिक्री मामले में तीन गिरफ्तार

**रांची** : रांची के खेलगांव थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर खरीद -बिक्री करने के मामले में सुमन कुमार, ऋषिकेश कुमार पाहन और अभिषेक रंजन को गिरफ्तार है। इनके पास से 16.27 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत दो लाख बताई गई है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खेलगांव थाना क्षेत्र के राम दयाल मुण्डा कला केन्द्र खेलगांव के पास ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री होने वाली है।

# आदिवासियों का विकास सिर्फ भाजपा ही कर सकती है : बाबूलाल मरांडी



- भाजपा एसटी मोर्चा रांची लोकसभा की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई

स्वदेश संवाददाता

रांचीः एसटी लोकसभा प्रभारी रामकुमार पाहन की अध्यक्षता में भाजपा एसटी मोर्चा रांची लोकसभा की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में मुख्यरूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ही जनजाति समाज का विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य का निर्माण, जनजाति मंत्रालय का गठन, द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना, मोदी सरकार में 8-8 जनजाति मंत्री, आदिवासी महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए जनजाति गौरव दिवस, पीएम जनमन योजना सहित कई ऐतिहासिक कार्य भाजपा ने किया है। लोकसभा चुनाव में जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में जन संपर्क अभियान चला कर मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों को बताएं। मरांडी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जनजाति समाज की बहुलता वाले गांव में जाकर शत प्रतिशत मतदान कराएं। मरांडी ने कहा कि राज्य में झामुमों- कांग्रेस-राजद की सरकार ने जनजाति समाज को पिछले विधान सभा चुनाव में गुमराह एवं प्रलोभन देकर झारखंड में सरकार बनाया था, उसका पदार्फाश करें।वर्तमान राज्य सरकार की नाकामियों एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को मोर्चा के जनजाति नेता-कार्यकर्ता 25 अप्रैल तक मंडल स्तर की बैठक और 30 अप्रैल तक रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी विधानसभा में जनजाति सम्मेलन करेंगे।

# डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** लोकसभा चुनाव के दौरान डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि ऐसे कैंडिडेट की पहचान कर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि डमी कैंडिडेट के नाम पर दूसरे कैंडिडेट चुनावी खर्च मैनेज करते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि इस बार चुनाव में उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों का परमिट फुलप्रूफ होगा। इसके लिए आयोग ने स्टैंडर्ड फार्मेट बनाया है। यह सात तरह का होगा। इसका डुप्लीकेट बनाना मुश्किल होगा। इसमें कोडिंग और माइक्रो चिप जैसी व्यवस्था होगी। इसे गाड़ी के स्क्रीन पर लगाना अनिवार्य होगा। गाड़ी बदलने पर परमिट सरेंडर कर नई गाड़ी का परमिट लेना होगा।

पहले दिन एक भी नामांकन नहीं

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव के लिए झारखंड में चार लोस क्षेत्रों के लिए नामांकन के पहले दिन गुरुवार को एक भी नामांकन नहीं हुआ। पहले फेज में सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी और पलामू लोस क्षेत्र में चुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बड़ा लोस क्षेत्र है। चतरा सबसे बड़े क्षेत्रफल वाला लोस क्षेत्र है। वहीं पहले फेज के चुनाव में जिन चार लोस क्षेत्रों में मतदान होगा, उसमें लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

# तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्टैटिक सर्विलांस टीम सक्रिय

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** रांची में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी )का गठन किया गया है। गठित दल में पर्यवेक्षीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची जिला के तमाड़ और मांडर विधानसभा के वैसे क्षेत्र जो खूंटी और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आते हैं, वहां एसएसटी क्रियाशील हो गयी है। स्टैटिक सर्विलांस टीम तीन पालियों 24 घंटे सतत निगरानी रखेगी। टीम को तीन अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मतगणना तक क्रियाशील रहेगी। एसएसटी को भारी मात्रा में नकद, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु और शस्त्र पर नजर रखते हुए वाहनों एवं व्यक्तियों की तलाशी लेने के साथ वीडियोग्राफी का निर्देश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने स्टैटिक सर्विलांस टीम को उड़न दस्ता दल के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

# न्याय उलगुलान रैली को लेकर जिला स्तरीय मैदान प्रबंधन समिति का गठन

स्वदेश संवाददाता

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के न्याय उलगुलान रैली के सफल आयोजन को लेकर इंडी गठबंधन के राजनीतिक दलों से समन्वय स्थापित कर जिला स्तरीय मैदान प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। समिति में 17 लोगों को शामिल किया गया है। इनमें झामुमो से मुस्ताक आल, हेमलाल कुमार मेहता, अश्विनी शर्मा, राकेश किरण महतो, कांग्रेस से डॉ कुमार राजा, भाकपा से अजय सिंह, लालदेव सिंह, भाकपा -माले से सुरकनाथ लोहरा, सुरेश मुंडा, भुवनेश्वर केवट, सुदामा खलखो, आप पार्टी से संतोष रजक, अशोक उरांव, टीएमसी से जेपी साहू, जगदीश साहू और राजद से धमेन्द्र महतो एवं राम भजन सिंह शामिल है। यह जानकारी झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने गुरुवार को दी।

# रन फॉर डेमोक्रेसी 21 अप्रैल को मोरहाबादी मैदान में

स्वदेश संवाददाता



**रांची :** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसको लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सहित मतदाता प्रेरक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची में रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जाएगा। 21 अप्रैल को सुबह सात बजे मैराथन की शुरूआत मोरहाबादी मैदान से होगी। रन फॉर डेमोक्रेसी के आयोजन की तैयारी को लेकर नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। मैराथन के बाद डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया है।

**दिशा- निर्देश** | राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक ने एनईपी की बैठक में पदाधिकारियों को कार्रवाई जारी रखने का दिया निर्देश, कहा

# लापरवाह शिक्षकों एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : आदित्य रंजन

स्वदेश संवाददाता

**रांची :** राज्य के विभिन्न जिलों में प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट (एनईपी) के अनुश्रवण की टीम ने गुरुवार को भी निरीक्षण किया। इसी के साथ राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट कोषांग की वर्चुअल बैठक करते हुए पदाधिकारियों को कई-निर्देश दिए। आदित्य रंजन ने कहा कि स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए लापरवाह शिक्षकों, पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। यह संदेश जाना अनिवार्य है कि स्कूल के प्राध्यापक, वार्डन या टीचर किसी को भी बच्चों की जान और ज्ञान से खिलवाड़ करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने अनुश्रवण पदाधिकारियों को हर हाल में लक्षित विद्यालयों का निरीक्षण पूरा कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। रंजन ने कहा कि जहां भी कार्रवाई की आवश्यकता है, उसकी अनुशंसा मुख्यालय को अवश्य भेजें।



### अबतक 246 स्कूलों का हुआ है औचक निरिक्षण, जारी रहेगा अभियान

राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के निदेर्शानुसार स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार एवं प्रोजेक्ट इंपैक्ट की समीक्षा के लिए राज्य अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा अबतक 246 सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है। कई विद्यालयों में कार्य संतोषजनक मिला, जबकि कई विद्यालयों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला प्रकाश में आने के बाद कार्रवाई की गयी है। अनुश्रवण पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न जिलों के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण अभी जारी रहेगा।

### रांची के टीवीएस स्कूल के विरुद्ध करवाई

रांची के जगन्नाथपुर स्थित टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा सरोंन तिग्गा को स्कूल में अनुशासनहीनता का दोषी पाते हुए उनके विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। अनुश्रवण दल के पदाधिकारी जब स्कूल में निरीक्षण करने गए तब वाचा सरोंन तिग्गा स्कूल में अनुपस्थित पायी गयी। उनके द्वारा विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए 15 दिन से अधिक का अवकाश लेने का मामला सामने आया है। जिसके बाद अनुश्रवण के लिए गए प्रशासी पदाधिकारी श्री जयंत मिश्रा द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को वाचा तिग्गा के आकस्मिक अवकाशों की वैद्यता की जांच सक्षम प्राधिकार से कराने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के क्रम में यह भी सामने आया है कि पूर्व प्रभारी प्राध्यापिका वाचा तिग्गा द्वारा अबतक वर्तमान प्रभारी प्राध्यापिका को पूर्ण प्रभार नहीं सौंपा गया है, साथ ही विद्यालय कोष में गड़बड़ी का मामला भी प्रकाश में आया है।

इसी स्कूल के सहायक शिक्षक इफ़्तेखार आलम (स्नातक प्रशिक्षित) की प्रतिनियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया गया है। इफ़्तेखार आलम की प्रतिनियुक्ति एसएस 2 हाई स्कूल, ककरिया, लापुंग से टीवीएस सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, जगन्नाथपुर में की गयी थी। मगर अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने इफ़्तेखार आलम को प्रतिनियुक्ति के नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतने का दोषी पाया। जिसके बाद उनकी प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए उन्हें पुनः एसएस 2 उच्च विद्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

### दो जिलों के तीन स्कूलों को शोकॉज

राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण के क्रम में दो जिलों के तीन स्कूलों में लापरवाही और अनुशासनहीनता का मामला प्रकाश में आया है। साहिबगंज के कन्या पोखरिया स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका और टीजीटी शिक्षक के विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या पोखरिया की प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुमना रॉय को शोकॉज जारी किया गया है। उत्कृष्ट विद्यालयों में 80 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति से संबंधित तय मानकों के पालन के प्रति उदासीनता बरतने का दोषी पाते हुए उन्हें दो दिन के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। स्कूल के ही टीजीटी शिक्षक ललन कुमार को अनुश्रवण पदाधिकारियों के समक्ष आचरण संहिता एवं कर्तव्यहीनता का दोषी पाया गया। मामले में उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। जमशेदपुर के भालूबासा स्थित हरिजन उच्च विद्यालय में अनुश्रवण के लिए गए जांच दल के पदाधिकारियों ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक को शोकॉज करते हुए स्कूल में बच्चो की कम उपस्थिति, स्कूल परिसर एवं शौचालय की साफ सफाई में लापरवाही का कारण पूछा है। जमशेदपुर के ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मध्य विद्यालय, मानगो के प्रभारी प्राचार्य को भी शोकॉज किया गया है। अनुश्रवण के लिए गयी टीम ने पाया कि स्कूल में कुल 370 बच्चे नामांकित है, जबकि प्रार्थना सभा में केवल 22 बच्चे उपस्थित थे। अनुश्रवण पदाधिकारियों ने इसे अत्यंत गंभीर विषय माना और तत्काल कार्रवाई करते हुए स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को शोकॉज जारी किया है।

गढ़वा के अनियमितता, जांच का आदेश

गढ़वा में अनुश्रवण के दौरान निरीक्षण के लिए जिले में गए पदाधिकारियों के संज्ञान में गढ़वा जिला के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा पदाधिकारी के द्वारा गत माह में समग्र शिक्षा के तहत संचालित गतिविधियों, कार्यक्रमों, प्रखंड स्तरीय विद्यालयों एवं कार्यालयों के कार्यन्वयनों में अनियमितता एवं त्रुटियों का मामला प्रकाश में आया। अनुश्रवण टीम ने प्रखंड,मविद्यालय स्तर पर उप आवंटित की गयी व्यय राशि की जांच हेतु एडीपीओ, गढ़वा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। उक्त दल को जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट राज्य शिक्षा परियोजना को भेजने का निर्देश दिया गया है।

# चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामले में सीआईडी डीजी हाई कोर्ट में हुए हाजिर




- बताया- गुमशुदा दोनों बच्चों को आधार कार्ड के बायोमेट्रिक के आधार पर खोजना संभव नहीं

**रांची :** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील पर सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में सीआईडी डीजी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनों बच्चों का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना उपलब्ध कराना संभव नहीं है, यह काफी जटिल प्रक्रिया है। जिस समय ये दोनों बच्चे गायब हुए थे उस समय उनकी उम्र काफी कम थी। ऐसे में आधार कार्ड के बायोमेट्रिक के आधार पर उनको खोजना संभव नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सविता कुमारी ने पैरवी की। इससे पहले मामले के अनुसंधानकर्ता भी कोर्ट में उपस्थित थे। पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। अगली सुनवाई 12 जून निर्धारित की गई है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कुलदेव साह एवं पप्पू शाह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उल्लेखनीय है कि कुलदेव साह व वीरेन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है।

NEWS IN Gallery

### इटखोरी हनुमान मंदिर में खीर महाप्रसाद का वितरण

**इटखोरी :** इटखोरी चौक स्थित हनुमान मंदिर में पत्रकार मुकेश कुमार धीरज चंद्रवंशी राहुल कुमार चंद्रवंशी आकाश केसरी , सागर कुमार , सन्नी कुमार समेत अन्य युवकों के सौजन्य से महाआरती का कार्यक्रम करवाया गया । इसके बाद युवकों के द्वारा खीर महाप्रसाद का भी वितरण किया गया । युवकों ने तीन सौ लीटर दुध का खीर महाप्रसाद का वितरण किया । इन युवकों के इस सराहनीय कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने काफी सराहना की है । मालूम हो कि चौक स्थित हनुमान मंदिर में महा आरती कार्यक्रम का आयोजन पहली बार पवित्र तरीके से किया गया इस आयोजन में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाग लिया ।

### गोलकाबर चौक में मेले में चना-गुड़ का वितरण किया गया

**इटखोरी :** गोलकाबाद चौक में मेले में आए श्रद्धालुओं के बीच किया गया चेना गुड़ का वितरण गया । चना गुड़ का वितरण भद्रकाली इंटर महाविद्यालय के कर्मी व उच्च विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनोद ठाकुर के सौजन्य से किया गया । उन्होंने बताया कि 2009 से लगातार मेरे पिता स्वर्गीय सोहन ठाकुर के द्वारा मेले में आए श्रद्धालुओं को चना व गुड़ का वितरण किया गया । इसके पश्चात उनकी मृत्यु के बाद 2012 से मेरे द्वारा मेले में आए श्रद्धालुओं को चना व गुण का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा के मंडल महामंत्री शिवकुमार राणा भद्रकाली महाविद्यालय के प्रो दशरथ राणा प्रकाश सिंह राम रतन राणा रंजीत ठाकुर ब्रह्मदेव दांगी पवन गुप्ता त्रिलोकी राणा अमरदीप समेत अन्य उपस्थित थे

### यात्री बस की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**पलामू :** सतबरवा थाना क्षेत्र के पोंची बाबा चौक के समीप सड़क हादसे में जान गवा बैठे दोनों मोपेड सवार युवकों की पहचान गुरुवार को कर ली गई। एक मृतक की पत्नी और बहन ने दोनों शवों की पहचान की। थाना प्रभारी अंचीत कुमार के अनुसार मृतकों में चैनपुर थाना क्षेत्र के टेमराई गांव के बेने समद (22 ) और महेश टोपनो (25) शामिल हैं। रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर पोंची बाबा चौक के समीप बुधवार की शाम अर्श यात्री बस की चपेट में आकर दोनों मोपेड सवार युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गई थी। थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया था। एएसआई राजीव रंजन (वन) ने बताया कि टीवीएस मोपेड संख्या (जेएच 03 एए 4163) पर सवार होकर दोनों युवक मेदिनीनगर की ओर से लातेहार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही अर्श बस की चपेट में आ गए। करीब 25 मीटर तक बस के बगल के साइड हिस्से में फंसकर घिसटाते चले गए थे। एएसआई राजीव और पुलिस के जवानों ने मानवता का परिचय देते हुए शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए तुंबागड़ा नवजीवन अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया था।

## लोस चुनाव : लोहरदगा संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

# 25 अप्रैल तक भरे जायेंगे नामांकन पत्र

स्वदेश संवाददाता




**गुमला :** लोहरदगा (अ.ज.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा आम चुनाव 2024 के बारे में गुरुवार को गुमला समाहरणालय स्थित सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि गुरुवार से लेकर उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 25 अप्रैल तक का समय होगा। 25 अप्रैल तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक ( सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़ कर ) नाम निर्देशन किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र संविक्षा की तिथि 26 अप्रैल 2024 को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। प्रतीक आवंटन की तिथि 29 अप्रैल को निर्धारित है एवं मतदान दिवस का आयोजन 13 मई को किया जाएगा, तथा इस बार मतदान का समय पूर्वाह्न 7 बजे से लेकर अपराह्न 5 बजे तक के लिए निर्धारित है। इसके साथ ही मतगणना 4 जून को की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 18 से 25 अप्रैल तक जिला प्रशासन कार्यालय के आसपास 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी. इस दौरान एक उम्मीदवारों को केवल तीन वाहनों को उपायुक्त कार्यालय परिसर के अंदर पार्क करने की अनुमति होगी और नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार सहित केवल पांच लोगों को कार्यालय में प्रवेश करने की अनुमति होगी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा नाम निर्देशन के साथ अभियार्थियों द्वारा समर्पित किए जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अभियार्थी नामांकन के लिए फॉर्म समाहरणलय स्थित नजारत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं एवं अभियार्थियों के द्वारा नाम निर्देशन शुल्क (12,500 रुपए) जमा की जाएगी। मौके पर पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान सभी नियमों का पालन हो एवं किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा इसपर ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा जिले में सुरक्षा व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी चुनाव शांति एवं सौहार्द्य पूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक संपन्न हो सके इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, एसडीओ बसिया, डीआरडीए निदेशक, डीसीएलआर, जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी तथा विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## 1050 महिला मतदानकर्मियों को मिला द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण



स्वदेश संवाददाता

**पलामू :** डालटनगंज के गिरिवर +2 उच्च विद्यालय में गुरूवार को एक हजार पचास महिला मतदानकर्मियों को पीठासीन, प्रथम एवं द्वितीय मतदान पदाधिकारी का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरव सिन्हा व दिनेश चंद्र राम ने विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में जाकर अनुसमर्थन प्रदान किया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने कहा कि त्रुटि रहित मतदान कराने के लिए प्रशिक्षण ही क्षमता विकास का मूलाधार है। इसलिए इसे आत्मसात करना अनिवार्य है। छत्तरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा एवं सतबरवा बीडीओ अभिषेक पाण्डेय ने प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। मास्टर ट्रेनर प्रणव कुमार, मार्तण्ड कुमार, श्यामलाल उरांव, मनोज द्विवेदी, देवेन्द्र मिंज, दिलीप कुमार पाठक, रामप्रवेश शर्मा, आलोक कुमार, कुश कुमार सिंह, नसीम अहमद, विनोद दीक्षित, सुमंत तिवारी, राम उपेन्द्र पाण्डेय, रवीन्द्र नाथ सिंह, सत्येन्द्र विश्वकर्मा, आलोक कुमार तिवारी, नन्दकिशोर कुमार, आनंद मोहन सिंह, मृत्युंजय कुमार, नीरज कुमार शाही, सतीश कुमार सिन्हा, सत्य विजय सिंह, चन्द्रशेखर शुक्ला, यासीन अंसारी, अभय द्विवेदी, संजय कुमार सिंह, राजेश मिश्र, अमरेन्द्र नारायण, कमलेश कुमार दूबे, नीरज कुमार पाण्डेय सहित अनेक मास्टर ट्रेनरों ने मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी।

# पहले दिन कोई नामांकन नहीं, चार फॉर्म बिके

स्वदेश संवाददाता




**पलामू :** पलामू संसदीय क्षेत्र के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गयी। पहले दिन चार एनआर काटा गया। नामांकन के पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा नामांकन नहीं किया गया। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा। नामांकन का पर्चा कलेक्ट्रेट स्थित निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसे लेकर समाहरणालय के समीप सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाये हुए हैं। नामांकन जांच यानी स्क्रुटनी 26 अप्रैल को और नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है काउंटिंग की तिथि 4 जून निश्चित है। 13 मई को चौथे फेज में पलामू के साथ लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में भी मतदान कराया जाएगा। पलामू जिले में चौथे के साथ-साथ पांचवें चरण में भी चुनाव होगा। पांचवें चरण का मतदान 20 में को निर्धारित है। पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र के चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ने के कारण उसका चुनाव पांचवें चरण में होगा। पलामू संसदीय सीट के अंतर्गत 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जबकि छात्रा के अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र पड़ता है। मतदाताओं की बात करें तो इस बार के चुनाव में पलामू में 17 लाख 1327 मतदाता हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 20429 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 8 लाख 80 हजार 877 है। पहले दिन नामांकन के लिए निवार्ची पदाधिकारी अपने कार्यालय में मौजूद रहे, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर किसी उम्मीदवार ने नोमिनेशन नहीं किया। इस क्रम में भाजपा उम्मीदवार सह सांसद विष्णु दयाल राम, महागठबंधन से राजद उम्मीदवार ममता भुइयां, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमाक्रेसी के वृंदा राम एवं भागीदार पी के सत्येन्द्र कुमार पासवान ने नामांकन पत्र खरीदे। इसके साथ ही चुनाव को लेकर नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। चुनावी सरगर्मी भी तेज हो गई है। चुनावी दौरों और जनसभाओं का दौरा शुरू होने वाला है। कल तक रामनवमी और ईद में व्यस्त कार्यकर्ता और मतदाता भी रेस हो गए हैं। नामांकन और चुनावी सभाओं में कार्यकताओं का जोर और प्रचार का शोर सुनायी देने वाला है। बात चुनाव की करें तो इस बार भाजपा और राजद के बीच चुनावी मुकाबला है। भाजपा ने जहां तीसरी बार विष्णु दयाल राम को अपना प्रत्याशी बनाया है। वही महागठबंधन से राजद की ममता भुइयां चुनाव मैदान में उतरी हैं। ममता भुइयां का पहला लोकसभा चुनाव है।

# रामनवमी की झांकी देखने रात भर डटे रहे श्रद्धालु

स्वदेश संवाददाता




चतरा / इटखोरी : इटखोरी के ऐतिहासिक रामनवमीं में झांकी देखने के लिए रात भर श्रद्धालु डटे रहे । रामनवमी महासमिति की ओर से इटखोरी राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय के सम ऐप दुर्गा पूजा के चबूतरा पर का निर्माण करवाया गया था । जहां महासमिति के पदाधिकारी व अधिकारी को सम्मानित किया गया । इस दौरान देर रात तक कई झांकी पहुचीं इटखोरी चौक एक से बढ़कर एक झांकी ने लोगों का मन मोहा । इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी झांकियों को महासमिति के मंच पर उनके अखाड़े के सदस्यों को सम्मानित किया गया । इस मौके पर चतरा के लोकप्रिय जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने गदा लाठी व तलवारबाजी की करतब भी दिखाया । इस दौरान अधिकारी व महासमिति के सदस्यों के साथ लाठी भी खेला । बेहतर प्रदर्शन करने वाले झांकियों को महासमिति की ओर से उनके अखाड़ा प्रमुख को सम्मानित किया गया । इस मौके पर महासमिति की अध्यक्ष संजय शर्मा समेत अन्य अधिकारियों के द्वारा अतिथियों को मां भद्रकाली की स्मृति चिन्ह वस्त्र तलवार व गदा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया । सभी झांकी अपने अपने गंतव्य स्थान अखाड़ा से निकलकर इटखोरी के झंडा चौक पहुँचकर बेहतर तरीके से दर्शकों के सामने पेश कर खूब वाहवाही लूटी इसके पश्चात सभी झांकी रामनवमी महासमिति के मंच दुर्गा मंडप के समीप पहुंची जहां रामनवमी महासमिति के पदाधिकारियों झांकियों में इटखोरी चट्टी के राम हनुमान की विशाल प्रतिमा ,धनखेरी अखाड़ा के द्वारा राम लक्ष्मण सीता की जीवंत झांकी, करनी की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा । इस मौके पर बीडीओ सोमनाथ वंकिरा थाना प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह महासमिति के अध्यक्ष संजय शर्मा महासमिति के संरक्षक डॉ मृत्युंजय सिंह पूर्व जीप सदस्य दिलिप कुमार महासमिति के महासचिव टुन्नी सिंह सतीश सिंह उपाध्यक्ष पद के लिए श्याम कुमार सिंह, बबलू राज, ओमप्रकाश सिंह, मन्टू कुमार दांगी, सुधीर राय । सचिव के पद पर शक्ति सिंह, राहुल केशरी, राजू शर्मा, अशोक सिंह तथा संयुक्त सचिव के पद पर अंजू सिंह कोषाध्यक्ष पंकज सिंह मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी महासमिति के संरक्षक मुखिया जुगेश्वर दांगी, पंचायत समिति सदस्य मृत्युंजय सिंह संदीप सिन्हा, सच्चिदानंद प्रसाद, इंद्रदेव केशरी, दिलीप साव सुरेंद्र सिंह राजू केसरी ओमप्रकाश केसरी कार्यकारिणी समिति में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद तथा संकटमोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के सदस्य समेत अन्य उपस्थित थे । रामनवमी के मौके पर हजारों की संख्या में लोगों ने झांकी का लुफ्त उठाया । इस मौके पर मिला कभी आयोजन किया गया था ।

### स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर का आयोजन

स्वास्थ्य विभाग की ओर से रामनवमी मेले में चिकित्सा प्रभारी सुमित कुमार जायसवाल की जयसवाल के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया । इस मौके पर प्रदीप प्रसाद बबीता कुमारी नीलम कुमारी प्रियंका कुमारी बिंदेश्वर कुमार समेत अन्य उपस्थित थे ।

## अंतर जिला क्रिकेट लीग : जमशेदपुर के श्रेष्ठ चौहान बने मैन ऑफ द मैच

# जमशेदपुर ने पाकुड़ को पांच रनों से दी शिकस्त

स्वदेश संवाददाता




**रामगढ़ :** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच रामगढ़ के सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। गुरुवार का मैच पाकुड़ वनाम जमशेदपुर के बीच खेला गया। जमशेदपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के मैच में 18.2 ओवर मे 81/10 विकेट खोकर रन किया। जिसमें रुद्र कुमार मुखी 27 रन ही बनाये। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जय रजक 6 ओवर में 20/6 विकेट प्रियांशु 6.2 ओवर 23/4 विकेट मिला। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पाकुड़ की टीम ने 27.1 ओवर में 76/10 ऑल आउट हो गया। जमशेदपुर की ओर से गेंदबाज श्रेठ चौहान को 10 ओवर 30/4 विकेट मिला। शिवम मुखी 10 ओवर 18/3 एवं 6.1ओवर 22/3 विकेट, जमशेदपुर 5 रन से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर मो उजैर तथा अजमल हुसैन थे, जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया । मैच ऑब्जर्बर डलिया राव तथा लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिन्हा थे। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे । रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, लाइजनर ऑफिसर शंभू कुमार सिन्हा, मैच ऑब्जर्वर डलिया राव एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी श्रेस्ठ चौहान को भेंट किया।

# भरठुआ बन्दूक के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार

स्वदेश संवाददाता



**पलामू :** रामगढ थाना पुलिस ने ग्राम धावा के बेहराखाड़ टोला में छापामारी कर एक बुजुर्ग माना मुंडा (65) को एक नाली भरठुआ बन्दूक के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। बंदूक बरामद होने पर पूछताछ में माना मुंडा ने कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। ना ही कोई संतोषजनक जवाब दिया। थाना प्रभारी नीलेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि धावा के बेहराखाड़ टोला में एक व्यक्ति अवैध रूप से अपने घर में हथियार रखे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस मौके पर पहुंची। सर्च करने पर माना मुंडा के मिटटी से बने घर के आंगन के बगल वाले कमरे से एक लकड़ी एवं लोहे का बना एक नाली भरठुआ बन्दुक बरामद हुआ। अवैध आग्नेयास्त्र रखने के आरोप में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। गुरूवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

त्यौहार

## पुरस्कार वितरण के साथ श्री रामनवमी पर्व का समापन

# सर्वश्रेष्ठ रथ में न्यू सुरभि क्लब व मूर्ति में जीनियस क्लब को प्रथम स्थान

स्वदेश संवाददाता



**पलामू :** पुरस्कार वितरण के साथ मेदिनीनगर में रामनवमी पर्व का समापन हो गया। श्री महावीर नवयुवक दल (जेनरल) के तत्वावधान में छहमुहान पर गुरूवार को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता जेनरल के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने की, जबकि संचालन महामंत्री विकास सिन्हा ने किया। हालांकि पुरस्कार वितरण समारोह में कुछ संगठनों ने अहर्ता नहीं रखने के बावजूद अपने चहेते संघ को प्रथम पुरस्कार देने का आरोप लगाकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि रथ निकलने के दो तीन पहले ही पुरस्कार देने वाली लिस्ट बना ली गयी थी। हालांकि पुलिस की मौजूदगी रहने के कारण विवाद बढ़ा नहीं और मामले को शांत कराया गया। विरोध दर्ज करने वाले संघों द्वारा बिना पुरस्कार लिए मौके से चले जाने की सूचना है। मौके पर सर्वश्रेष्ठ रथ का प्रथम पुरस्कार हमीदगंज के न्यू सुरभि क्लब को दिया गया, जबकि द्वितीय पुरस्कार जिला स्कूल चौक के विश्व संघ को, जबकि तृतीय पुरस्कार अघोर आश्रम रोड के शांति विकास संघ को मिला। मूर्ति में प्रथम पुरस्कार बैरिया के जीनियस क्लब को मिला। दूसरा पुरस्कार सुदना के वीर भगत सिंह एवं तीसरा पुरस्कार साहित्य समाज चौक के न्यू बाल संघ को दिया गया। बेहतर प्रोशेशन के लिए उपकार संघ हमीदगंज को प्रथम पुरस्कार दिया गया, जबकि नावाटोली के क्रांति संघ को द्वितीय एवं हिन्दू सेना संघ को तृतीय पुरस्कार मिला। पांच दिनों तक रथ निकालने के लिए कुंड मुहल्ला के समाज कल्याण समिति, बेहतर अनुशासन के लिए जय लक्ष्मी संघ, मुहल्ले में बेहतर सजावट के लिए नावाटोली के मारूति नंदन संघ को पुरस्कार दिया गया। इसी तरह रेड़मा के जय बजरंग संघ एवं मुख्य बाजार के महावीर युवा मंडल को स्पेशल पुरस्कार मिला। इनके अलावा लगभग 38 रथों को भी पुरस्कृत किया गया। माली मुहल्ला के भारत सेवक संघ, नावाहाता के क्रांति संघ, कुंड मुहल्ला के समाज कल्याण समिति, शिवाला रोड के मां देवी संघ, स्टेशन के दुकानदार संघ, नावाटोली के संस्कार क्लब, पंपूकल के जय हनुमान संघ, बेलवाटिका के नवदीप संघ एवं निराला संघ, बेलवाटिका ज्योति आइटीआइ के सुमंगल क्लब, नई मुहल्ला के जय लक्ष्मी संघ, बेलवाटिका चौक के नवयुवक संघ एवं जय बाला संघ, आदर्श नगर के नव जागृति संघ, टीओपी टू के बगल के संस्कृति संघ, आबादगंज के महावीर किशोर दल, कचरवा के श्रीराम सेना संघ, भट्टी मुहल्ला के महादेवी संघ एवं न्यू बाल संघ को सांत्वना पुरस्कार मिला। भंडारा में माता हीरामणि की सेवा समिति, अखिल भारतीय वैश्य महासभा, बालेश्वर परिवार, पलामू जिला स्वर्णकार संघ, जय लक्ष्मी संघ, पतंजलि योग समिति, अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, हॉकर संघ, विश्व संघ जेपीएस, माता स्वर्गीय देवंती देवी, सहित अन्य लोगों को पुरस्कृत किया गया। रदिलीप सोनी, विजय पटवार, परमेश्वर राम, राकेश शर्मा, नरु राम, प्रवेश राज, श्याम रजक, राजा कुमार को कला का प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कार दिया गया।

# शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कल निकाली जायेगी कलश यात्रा

स्वदेश संवाददाता



**इटखोरी :** कोनी पंचायत के राजा दरभंगा में श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ के आयोजन के लेकर कलश सह शोभायात्रा कल शनिवार को निकाली जाएगी । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया सह मुखीया संघ के अध्यक्ष रंजय भारती व ग्रामीण लगे हुए है । इस दौरान विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन ध्वजारोहण कार्यक्रम 14 अप्रैल को ही किया गया है । मालूम हो कि 20 अप्रैल से श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का आयोजन होना है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर ग्रामीणों ने एक कमेटी का भी गठन किया है । जिसमें अध्यक्ष पवन साव सचिव विजय साव उपसचिव बाबूलाल साव कोसाअध्यक्ष ईश्वर साव उपाध्यक्ष लखन साव बाबूलाल साव सदस्य राजकुमार साव सुरेश शाह बैजू धनुखी साव राजू साव रघु साव पिंटू साव प्रकाश भुइंया इंद्र भुईया चंदन भुइंया सिकंदर भुइंया आशीष विकाश सुनील निरंजन साव का नाम शामिल है । साथ में भुइंया समाज का कई गण्यमान्य लोगो का नाम शामिल है । मालूम हो की 20 अप्रैल शनिवार को भव्य कलश सह शोभा यात्रा के साथ श्री श्री 108 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ का आयोजन का शुभारंभ व पंचांग पूजन मंडप प्रवेश आरती किया जाएगा।

NEWS IN Gallery

### बढ़ते तापमान से जीवन अस्त-व्यस्त, कठिनाइयों का करना पड़ रहा है सामना

**बोकारो** : बोकारो के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते तापमान में जीवन अस्त-व्यस्त होता दिख रहा है लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आसमान से आग का गोला बनकर बरस रही सूर्य की तपिश लोगों को परेशान कर रही है । बोकारो में लगातार पारा सातवें आसमान पर जा रहा है। गर्मी की तपिश के कारण लोग परेशान हैं। जिस कारण लोग अब बाहर निकलने से पहले कई बार सोचने को विवश है। लोगों का कहना है कि गर्मी के तपिश के कारण कामकाज सहित बच्चों को भी स्कूल आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सरकार ने हीट वेव चलने की बात जरूर कही है लेकिन लेकिन सरकार को स्कूल के टाइमिंग में परिवर्तन लाना चाहिए ताकि बच्चे सुरक्षित रह सके। नरेश कुमार ने कहा कि गर्मी को देखते हुए हम लोग सत्तू बेल का शरबत सहित अन्य पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं, ताकि सेहत ठीक रह सके। और शरीर में ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करते रहता हूं। सरकार को जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि लोगों को परेशानी ना हो।

### तीन वर्षों से राशन उठाव नहीं करने वालों का रद्द होगा राशन कार्ड

**बोकारो** : जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो ने कहा कि जिले में ऐसा पाया गया है कि कुछ कार्डधारियों के द्वारा विगत 03 वर्षों या उससे अधिक समय से खाद्यान्न का उठाव नहीं किया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि वैसे लाभुकों को राशन की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में कई योग्य लाभुक राशन कार्ड हेतु ऑनलाईन आवेदन के पश्चात प्रतीक्षारत हैं, परन्तु रिक्ति के अभाव में राशन कार्ड निर्गत नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में राशन उठाव नहीं करने वाले कार्डधारियो का राशन रदद् करने की कार्रवाई की जानी है। वैसे लाभुक जो विगत तीन वर्षों से राशन का उठाव नहीं कर रहें हैं। उनका राशन कार्ड रदद् करने की कार्रवाई की जाएगी। राशन कार्ड रदद् करने हेतु ऐसे लाभुकों की सूची कार्यालय के सूचना पट्टा एवं जिला के वेबसाइट पर जारी की गई है।

### जामा में दो अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**दुमका** : जिले जामा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवक की मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात दुमका मसलिया मुख्य मार्ग पर पंदनपहाड़ी गांव के पास सड़क पार कर रहे राजेश हेम्ब्रम (28) का अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों द्वारा फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक थाना क्षेत्र के भूटोकोड़िया पंचायत के कुरुमटांड़ गांव का रहनेवाला बताया जाता है।
दूसरी घटना में पुलिस ने बगझोपा गांव के पास दुमका जसीडीह रेल लाइन के पास गुरुवार के सुबह एक युवक का शव बरामद किया। शव को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर थाना लाया गया।

# मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की भूमिका महत्वपूर्ण : उपायुक्त

स्वदेश संवाददाता



**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में प्रीसाइडिंग ऑफिसर को दी जाने वाली ट्रेनिंग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए सभी प्रीसाइडिंग ऑफिसर का आयोग के निदेर्शानुसार आचरण अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन हर मतदान केंद्र में सुबह 7:00 बजे से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बताई जाने वाली हर छोटी बात का गहराई से अध्ययन कर उसका अक्षरशः पालन करे। आयोग ने त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रक्रिया का पालन करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत निगरानी की जाएगी। इसलिए अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें। इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, मास्टर ट्रेनर राजकुमार वर्मा, घनश्याम दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त ने बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**धनबाद** : लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को बाजार समिति स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दशार्ये गए स्थानों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, सी एवं डी कैटेगरी सुरक्षित बज्र गृह समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-



निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बाजार समिति परिसर में खड़े सभी वाहनों को बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर के आस पास से अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

# अखाड़ा समिति का आरोप, दंगा करवाने के मूड में पहुंची थी विधायक अंबा प्रसाद

- महावीर मंडल अखाड़ा समिति ने बरकाकाना थाने में दिया आवेदन

स्वदेश संवाददाता

**रामगढ़** : रामनवमी पूजा के जुलूस में विधायक अंबा प्रसाद और उनके अंगरक्षकों के साथ हुई हाथापाई का मामला अब राजनीतिक रंग ले चुका है। एक तरफ महावीर मंडल अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों ने बरकाकाना ओपी में आवेदन देकर विधायक पर दंगा करवाने का आरोप लगाया है। तो दूसरी तरफ आजसू जिला अध्यक्ष ने भी विधायक पर धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि श्री श्री महावीर मंडल अखाड़ा समिति, नया नगर बरकाकाना में बीते लगभग 40-42 वर्षों से रामनवमी जुलुस का मिलन तथा अखाड़ा लगाया जाता रहा है। इस कार्यक्रम में पारंपरिक खेल तथा पौराणिक कथा पर आधारित झांकी प्रस्तुत की जाती रही है। बुधवार की रात मंच पर बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, वार्ड पार्षद गीता देवी, डॉ मनोज कुमार अगरिया, सतपाल बोहरा, प्रदीप चक्रवर्ती, रंजीत राम, संजय लाला आदि संचालन समिति के कई लोग मौजूद थे। इसी अखाड़ा में बिना किसी आमंत्रण और सूचना के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद अपने समर्थक संजय शर्मा, जय सिंह और अपने अंगरक्षकों के साथ आयोजन स्थल पर पहुंच गयी। बिना आमंत्रण के पंहुचने पर उन्हें सम्मान के साथ बैठाया गया। अचानक विधायक व उनके समर्थक संजय शर्मा के द्वारा दबंगई करते हुए जबरन माइक की मांग की जाने लगी। आचार संहिता को देखते हुए धार्मिक मंच पर राजनीतिक लोगों की उपस्थिति तथा माइक की मांग पर उहापोह की स्थिति बन गयी। इसके बाद विद्यायक अम्बा प्रसाद द्वारा भाषण देने के लिए माइक की मांग की गई। जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा विधायक से आग्रह किया गया कि कुछ ही देर में आपके द्वारा ही पुरूस्कार वितरण कराकर आपका संबोधन ससम्मान कराया जायेगा। इसी बीच उनके साथ आये संजय शर्मा के कहने पर जय सिंह द्वारा संचालक से झपट कर माइक छीन लिया तथा संचालक से मारपीट कर उसे धक्का दे दिया गया, जिससे माहौल बिगड़ने लगा। विधायक के समर्थकों द्वारा बेवजह धक्का मुक्की एवं अभद्र का प्रयोग करने का कुछ लोगों ने विरोध किया। साथ ही धार्मिक मंच का उपयोग राजनीति के लिए ना करने का आग्रह किया। विधायक के इशारे पर जय सिंह पिता स्व. ललन सिंह ग्राम पंचायत एके कोलियरी, सेंट्रल सौंदा, थाना पतरातू जिला रामगढ और संजय शर्मा पिता स्व.रामाधार सिंह सीसीएल कॉलोनी निवासी (सीसीएल कर्मी) थाना पतरातू जिला रामगढ द्वारा वहाँ मौजूद सभी लोगों के साथ गाली गलौज और मार-पीट की गई। इस घटना के बाद पूरे कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हो गया। काफी प्रयास के बाद मामले को शान्त कराया।



### धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच बनाना चाहती है विधायक : आजसू

**इधर,** आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने बयान जारी कर कहा कि धार्मिक मंच को राजनीतिक मंच विधायक अंबा प्रसाद बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि विधायक अम्बा प्रसाद अपने पद का गलत इस्तेमाल कर रही है। उनकी गुंडा गर्दी से साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस के सभी नेता रामलला के विरोधी है। विधायक अम्बा प्रसाद आजसू पार्टी के कार्यकताओं पर लगातार झूठे आरोप में केश करती है। इसी प्रकार सरस्वती पूजा के दिन केरेडारी के एक पूजा पंडाल में जाकर जबरन अपना राजनीतिक रोटी सेकना चाहती थी। कई योजनाओं के शिलान्यास से लेकर उद्घाटन तक विधायक के कई विवाद समाचार पत्रों की सुर्खियां बन चुकी हैं। हाल में चैक डैम की योजना को लेकर सिधवार में विधायक को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा है। विधायक के रवैये से पूरा विधानसभा के लोग वाकिफ हैं।

## देवघर की छात्रा की सड़क हादसे में मौत

**गिरिडीह** : गिरिडीह-देवघर रोड में गुरुवार को बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार छात्रा की मौत हो गई। घटना में गंभीर रूप से घायल उसके साथी युवराज सिंह का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि तृप्ति भाग्यश्री ( 20 ) और उसका दोस्त युवराज सिंह स्कूटी से गिरिडीह शहर के व्हीट्टी बाजार में अपने एक दोस्त सोनू कुमार के घर उसके जन्मदिन मनाने आ रहे थे। इसी दौरान गिरिडीह-देवघर रोड के डाकबंगला और करमजोड़ा मोड़ के समीप हादसा हो गया । पीछे से आ रहे एक अज्ञात बोलेरो ने उनके स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया, जिसे स्कूटी के परखच्चे उड़ गए। तृप्ति भाग्यश्री की मौत जहां मौके पर हो गई। वहीं युवराज सिंह गंभीर रुप से जख्मी हो गए। फिलहाल युवराज का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद बोलेरो फरार होने में सफल रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची। तृप्ति भाग्यश्री के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। जानकारी मिलने पर तृप्ति के पिता मनोज भटनागर ( रिखिया देवघर ) समेत पूरा परिवार गिरिडीह के सदर अस्पताल पहुंचा।

## बोकारो में 110 हथियारों का लाइसेंस रद्द

**बोकारो** : बार - बार आदेश जारी करने के बाद भी शस्त्र जमा करने में लापरवाही बरतने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों पर जिला प्रशासन बोकारो ने बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी विजया जाधव ने गुरुवार को ऐसे कुल 110 शस्त्र दंडाधिकारियों के लाइसेंस को रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई जिला स्क्रिनिंग कमेटी की अनुशंसा पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त सह शस्त्र दंडाधिकारी ने किया है। इस बाबत सभी संबंधित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को जिला सामान्य शाखा से




अलग - अलग आदेश पत्र जारी किया गया है। आदेश पत्र में उल्लेख है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने हेतु कार्यालय ज्ञापांक-373/सा०, दिनांक-16/03/2024 एवं ज्ञापांक-392/ सा०, दिनांक-27/03/2024 द्वारा बोकारो जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपना शस्त्र संबंधित थाना/पुलिस केन्द्र, बोकारो या शस्त्र दुकान में जमा करने हेतु निदेश दिया गया था। दो बार आदेश के बावजूद भी शस्त्र जमा नहीं किया गया है। वहीं, इस पर कार्रवाई के लिए जिला स्क्रिनिंग कमेटी ने अनुशंसा की है। आर्म्स रूल 1959 की कंडिका 17 की उप कंडिका 3 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कुल 110 शस्त्र अनुज्ञप्तियों को रद्द किया गया है।

## बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की टीम जमशेदपुर रवाना



स्वदेश संवाददाता

**बोकारो** : जिला बास्केटबॉल संघ की बालक की टीम 24वी झारखंड राज्य जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने जमशेदपुर रवाना । इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह प्रतियोगिता 19 से 21 अप्रैल तक जमशेदपुर के केरली पब्लिक स्कूल, कदमा में खेली जाएगी। जमशेदपुर बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वी झारखंड राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बोकारो जिला की 08 सदस्यों की टीम अपना कौशल दिखाएगी। बालक श्रेयांस मिश्रा, आयुष ख़्वाश, प्रतीक केशरी, आरुष सिंहा, संजीत, आदित्या , हर्षित सुंदरम एवं प्रीतम प्रकाश कोच-किंकर कृष्णा, टीम के चयन में निखिल ओझा, बिनोद कुमार, हारून अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के प्रकाश सिंह , अध्यक्ष मनीष सिंह, सचिव संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार, चयन समिति के अध्यक्ष निखिल ओझा, विजय कुमार मिंज, सुधीर कुमार, राम लखन मिस्त्री, मनोज दुबे, रण विजय ओझा, एवम अन्य सदस्यों ने ढेरों शुभकामनाएं दी।

# निशिकांत दुबे और दीपिका पांडे में आमने-सामने का मुकाबला

स्वदेश संवाददाता



**गोड्डा** : लोकसभा चुनाव 2024 में गोड्डा लोकसभा सीट पर भाजपा ने निशिकांत दुबे को उम्मीदवार बनाया है। वहीं एक लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने यहां से अपने उम्मीदवार की घोषणा की और महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया। इसके साथ ही गोड्डा लोकसभा क्षेत्र का राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। महागठबंधन के कार्यकर्ता सहित भाजपा कार्यकताओं के बीच भी जोश देखा जाने लगा है, दूसरी ओर पोड़ैयाहाट क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकताओं में विरोध देखी जा रही है। पूर्व में भाजपा नेताओं द्वारा ऐसा कहा जाना कि भाजपा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे के खिलाफ गोड्डा से विपक्ष को कोई प्रत्याशी ही नहीं मिल रहा है। निशिकांत दुबे के खिलाफ हार की डर से कोई चुनाव लड़ना ही नहीं चाहता है। इस पर भी विराम लग गया है। सांसद निशिकांत दुबे का यह कहा जाना कि महागामा से उनका बेटी और रोटी का रिश्ता है। इसे वह अपना घर मानते हैं। यहां वह अपना चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। सांसद का यह कथन कहां तक सही होता है यह तो वक्त बताएगा परंतु अभी से ही लोगों की निगाहें उनके इस घोषणा पर टिक गई है। वह अपने इस घोषणा पर कायम रहते हैं या कुछ और होता है। इतना तो तय है कि महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह के चुनाव मैदान में आने से अब यहां का चुनाव दिलचस्प हो गया है। खासकर महागामा विधानसभा में जहां एक ओर महागठबंधन कार्यकर्ताओं के बीच नया जोश और उत्साह देखा जा रहा है तो भाजपा कार्यकर्ताओं एकाएक सक्रियता बढ़ गई है। महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा में विलंब होने से पार्टी कार्यकर्ता सहित आम लोग भी उहापोह की स्थिति में थे। अब जबकि उम्मीदवार की घोषणा हो गई है गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में चुनावी महासमर दिलचस्प होने की उम्मीद है।

## एल एंड टी कंपनी के गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख



स्वदेश संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पांडुकी स्थित एल एंड टी कंपनी के गोदाम में गुरुवार को भीषण आग लग गई। इससे गोदाम में रखा लाखों रुपये का समान जलकर राख हो गया। अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एल एंड टी कंपनी के स्थानीय कर्मचारी भानु प्रकाश मिश्रा ने बताया कि कंपनी के इस गोदाम से धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड सरकार के वाटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्यों को संचालित किया जाता है। यहां वाटर सप्लाई से जुड़े सामान को संग्रह कर रखा गया है। आज कंपनी के गार्ड द्वारा सूचना मिली कि गोदाम में आग लग गई है। आग पर काबू पाने को लेकर कंपनी के कर्मचारियों ने भी काफी प्रयास किए, लेकिन तेज हवा के कारण यहां रखे प्लास्टिक के सामानों में आग तेजी से फैलती गई। इसके बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि गोदाम के बाउंड्री वाल के बाहर किसी ने आग लगाई थी। आग तेज हवा के कारण गोदाम में प्रवेश कर गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप अख्तियार कर लिया। आग की इस घटना में लाखों रुपये का प्लास्टिक का समान जलकर राख हो गया।

## लोस चुनाव | सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में तैयारियां पूरी

# आदर्श आचार संहिता के उलंघन पर होगी त्वरित कार्रवाई

स्वदेश संवाददाता

**सिमडेगा** : खूंटी संसदीय क्षेत्र में चुनाव को लेकर सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में तैयारियां पूरी कर ली गई है। समाहरणालय में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उपायुक्त और एसपी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को चुनाव तैयारी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने बताया कि आज से नामांकन खूंटी संसदीय क्षेत्र में शुरू हो चुका है। चुनाव संबंधी लगभग तैयारी पूरी कर ली गई है। 13 मई को वोटिंग होगी। जिले के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचे और वोट करें। उपायुक्त ने बताया कि इस बार 80 प्रतिशत वोटिंग कराने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य




सभी के सामूहिक प्रयास से प्राप्त किया जा सकता है। सिंह ने कहा कि सिमडेगा व कोलेबिरा विधान सभा में किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधि कार्यक्रम के लिये यहां से ही परमिश्न मिल जायेगा। आदर्श आचर संहिता के उलंघन पर त्वरित कार्रवाई होगी। एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान केंद्रों के हिसाब से पुलिस की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। क्यूआरटी टीम भी तैयार करके संभावित क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर गश्ती अभी से शुरू कर दी गई है। जिले के दोनों विधान सभा सिमडेगा व कोलेबरा में पांच हजार से भी ज्यादा संख्या में सुरक्षा कर्मी चुनाव तैनात किये जायेंगे।

### नाबालिक को दुल्हन बनने से बचाया गया

**पलामू** : अग्रगति संस्था ने गुरुवार को एक नाबालिक को दुल्हन बनने से बचा लिया गया। संस्था के जिला कॉर्डिनेटर निक्कू पाठक को सूचना मिली थी कि पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के कुरका गांव में एक नाबालिक की शादी स्थानीय मंदिर में 18 अप्रैल को की जा रही है। संस्था ने इसकी जानकारी सीडब्ल्यूसी, डीसीपीओ एवं चैनपुर थाना पुलिस को दी। संयुक्त रूप से टीम का गठन कर रेस्क्यू किया गया एवं बाल विवाह होने से बचाया गया। रेस्क्यू के पश्चात नाबालिक बच्ची को सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि बाल विवाह पर रोकथाम के लिए पूरे जिले में अग्रगति संस्था द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कहा गया कि अक्षय तृतीया पर सबसे ज्यादा बाल विवाह होता है। इसके लिए मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे आदि धार्मिक स्थानों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जिला को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके।

## लोस चुनाव : कोडरमा में रीतलाल वर्मा ने डाली थी भाजपा की मजबूत नींव, पांच बार चुने गये थे सांसद

स्वदेश संवाददाता

**कोडरमा** : कोडरमा संसदीय क्षेत्र से पांच बार सांसद चुने गए स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा ने इलाके में भाजपा की मजबूत नींव रखी थी। कॉलेज से ही राजनीति में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले कोडरमा के पूर्व भाजपा सांसद स्व. वर्मा राजनीतिक जीवन में चुनाव मैदान में सफलता का सफर तय करते गए। वे वकालत छोड़ राजनीति में आए और यहां अपनी एक अलग पहचान बनाई। 1969 में जनसंघ का जिलाध्यक्ष बनने के बाद 1972 में जनसंघ के टिकट पर जमुआ विधानसभा से पहली बार विधायक बने थे और कांग्रेस के मजबूत संगठन को ध्वस्त करने में सफल रहे थे। उन्होंने जमुआ विस क्षेत्र पर तत्कालीन श्रम मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज



नेता सदानंद प्रसाद को मात दी। गरीब गुरबों के अधिकार दिलाने और साफ-सुथरी शासन-प्रशासन का निर्माण करना ही स्वर्गीय वर्मा का मुख्य उद्देश्य था। यही कारण है कि वर्ष 1974 में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के आह्वान पर उन्होंने एकीकृत बिहार विधानसभा से विधायक पद से त्याग पत्र दे दिया और जेपी के आंदोलन में शामिल हो गए। 1977 में कोडरमा संसदीय क्षेत्र का गठन हुआ। तब पहली बार लोक दल से रीतलाल प्रसाद वर्मा सांसद बने और इस क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को संसद में उठाने का कार्य किया। जमुआ प्रखंड के भंडारो गांव में 1 फरवरी, 1938 को किसान परिवार में जन्मे स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा ने एलएलबी और डीआईपी की शिक्षा लेने के बाद राजनीति को कैरियर बनाया। गिरिडीह-कोडरमा रेलवे लाइन, मरकच्चो के बरियारडीह आयुध कारखाना के लिए वे संसद में बात रखते रहे। अलग वनांचल राज्य के लिए संसद के भीतर एवं बाहर आवाज को बुलंद करते रहे। वे 1977 के बाद जनता पार्टी से 1980, भाजपा से 1889, 1996 और 1998 में कोडरमा से सांसद चुने गए थे।

# संपादकीय

# चुनाव में धनबल की ताकत...

चुनावों में धनबल के बढ़ते चलन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इसे रोकने के लिए सरकार और भारत निर्वाचन आयोग सतत प्रयत्नशील देखे गए हैं। मगर हकीकत यही है कि इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगने के बजाय यह हर बार कुछ बढ़ी हुई ही दर्ज होती है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस बार आम चुनाव के पहले चरण का मतदान हुआ भी नहीं है और अब तक चार हजार छह सौ पचास करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की जा चुकी है। यह पिछले आम चुनाव में हुई कुल तीन हजार चार सौ पचहत्तर करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती से बहुत अधिक है।

निर्वाचन आयोग का कहना है कि मार्च से जब्ती का सिलसिला शुरू हुआ और अब तक हर रोज करीब सौ करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की जा रही है। अभी तक की गई जब्ती में करीब पैंतालीस फीसद हिस्सा मादक पदार्थों का है। इसमें केवल तीन सौ पंचानबे करोड़ रुपए नगदी जब्त की गई है। चार सौ नवासी करोड़ रुपए मूल्य की शराब और दो हजार उनहत्तर करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त हुए हैं।

छिपी बात नहीं है कि चुनावों में काले धन को सफेद करने की कोशिशें तेज हो जाती हैं। राजनीतिक दल बहुत सारे ज्ञात-अज्ञात स्रोतों से चंदा इकट्ठा करते हैं। इसी से पार पाने के लिए चुनावी बांड का नियम बना था। मगर वह भी पारदर्शी साबित नहीं हुआ। उसमें काले धन और संदिग्ध चंदे का प्रवाह देखा गया। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने उसे असंवैधानिक करार दे दिया। मगर चुनावी बांड से आए चंदे के हिसाब-किताब से यह तो पता चल गया कि कुछ



राजनीतिक दलों के पास भारी मात्रा में धन जमा हो गया है।

जाहिर है, जिन दलों के पास जितना अधिक धन है, वे उतना अधिक खर्च भी करेंगे। मगर चुनाव में मनमाने खर्च से समानता के अवसर का सिद्धांत बाधित होता है। इस पर अंकुश लगाना भारत निर्वाचन आयोग का दायित्व है। अच्छी बात है कि इस दिशा में वह प्रयास कर रहा है। मगर धनबल से जनबल को प्रभावित करने की प्रवृत्ति इस कदर बढ़ती गई है कि प्रत्याशी और पार्टियां न केवल निर्वाचन आयोग द्वारा तय सीमा से अधिक खर्च करने, बल्कि मतदाताओं को चोरी-छिपे नगदी और शराब, मादक पदार्थ, महंगे उपहार आदि देकर प्रभावित करने की कोशिश भी करती हैं। विचित्र है कि इसमें स्थानीय प्रशासन भी उनका सहयोग करता है। इस चुनाव में पार्टियों की मदद करते एक सौ छह सरकारी अधिकारी अब तक पकड़े जा चुके हैं।

इस बार चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही निर्वाचन आयोग अवैध धन के प्रवाह पर रोक लगाने के लिए निगरानी दलों के गठन का एलान कर दिया था। अच्छी बात है कि वे निगरानी दल मुस्तैदी से काम कर रहे हैं। मगर केवल जब्ती से राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की इस प्रवृत्ति को कहां तक रोका जा सकेगा, कहना मुश्किल है। इस तरह मादक पदार्थ और शराब बांट कर वे लोगों को नशे के गर्त में धकेल रहे हैं। जब तक उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होगी, उनमें शायद ही हिचक पैदा हो। मगर निर्वाचन आयोग को एक नख-दंत विहीन शेर बना कर रखा गया है। इसलिए राजनेता और राजनीतिक दल मनमानी से बाज नहीं आते।

## सोशल मीडिया से...



कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है। असम में सबका साथ और सबका विकास हो रहा है। जिस नॉर्थ-ईस्ट को कांग्रेस और विपक्ष ने समस्याएं दीं, अलगाववाद को खाद-पानी दिया। उस नॉर्थ-ईस्ट को मोदी ने गले लगाया।

**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

अब भाजपा सरकार ने निर्णय लिया है कि इमरजेंसी में जरूरत पड़ने पर हेलीकाप्टर में बैठाकर बड़े अस्पताल पहुंचाएंगे। कांग्रेस ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर को नहीं बनने देने के सब षड्यंत्र रच लिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने श्रीराम मंदिर का रास्ता खोल दिया।

**डॉ. मोहन यादव,** सीएम मप्र





पार्टी कहेगी तो अमेठी से चुनाव जरूर लड़ूंगा। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम देश की सबसे बड़ी एक्सटॉर्शन स्कीम है। मुझे लगता है कि बीजेपी की 150 तक सीटें आएंगी। हर स्टेट से ऐसी रिपोर्ट मिल रही है।

**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता

नैतिकता का बुलबुला भी फूट गया। इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनका बैंड बजा दिया। भाजपा सभी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। न केवल भ्रष्टाचारियों को ले रहे, बल्कि उन्होंने जो कमाया है, उसको भी अपने साथ ले रहे।

**अखिलेश यादव,** सपा प्रमुख



## आज का कार्टून




# चुनावी सीजन में राजनीतिक दलों का फेस्टिवल ऑफर

18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव के नये घोषणापत्र पर आम और खास सभी की नजरें टिकी हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र का नाम न्याय पत्र दिया है। इसके नाम के पीछे तर्क है, न्याय पत्र आम लोगों को न्याय दिलाएगा। कांग्रेस के न्याय पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी हैं। पांच न्याय हैं- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय।

कांग्रेस के घोषणापत्र में सभी वर्गों के लिए रेवड़ियां हैं। इसमें 30 लाख नौकरियां, गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी को प्रति दिन 400 रुपये किया जाना, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकना, सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू किया जाना और पीएमएलए कानून में बदलाव किया जाना शामिल है।

**अनिल तिवारी**

लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए दावों और वादों का पिटारा खुल गया है। जितने उम्मीदवार, उतने वादे। जितने दल, उतने दावे। इन वादों और दावों की अंधी गलियों में आम आदमी खो सा गया है। आम आदमी से जुड़े रोटी, कपड़ा, रोजगार, मकान, पढ़ाई और दवाई के मुद्दे बात-बहस में तो बढ़ चढ़कर बोले जा रहे हैं लेकिन तलाशने पर वैसे ही गायब हैं जैसे चील के घोसले से मांस। राजनीतिक दलों की ओर से घोषणाओं की प्रतिस्पर्धा चालू है। कोई घी दूध की नदियां बहाने का सपना परोस रहा है, तो कोई पलक झपकते चांद सूरज मुट्ठी में कर लेने का पासा फेंक रहा है। संख्या बल के हिसाब से जो दल न तीन में है न तेरह में वे तो घोषणाओं के मामले में स्थापित दलों से कई गज आगे कूद रहे हैं। मिनटों में हथेली पर सरसों उगा लेने जैसे असंख्य नुस्खों के साथ वे जनता को भरमाने में जुटे हुए हैं।

आप चाहे मोदी की गारंटी कहें, न्याय पत्र कहें, संकल्प पत्र कहें, विजन डॉक्यूमेंट कहें या फिर घोषणापत्र, बात एक ही है कि किसी तरह जनता को सपनों की दुनिया में ले जाकर उनके कीमती वोटों की फसल काटना। इस सपनीली दुनिया की माया भी है, और राम भी। गेहूं भी है, और गुलाब भी। निर्भर जनता पर करता है कि उसकी रुचि किसमें है, लौकिक जीवन के सुख में, या पारलौकिक दुनिया में सब कुछ पा लेने की उम्मीद भरे संतोष में।

बहरहाल, 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव के नये घोषणापत्र पर आम और खास सभी की नजरें टिकी हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र का नाम न्याय पत्र दिया है। इसके नाम के पीछे तर्क है, न्याय पत्र आम लोगों को न्याय दिलाएगा। कांग्रेस के न्याय पत्र में पांच न्याय और 25 गारंटी हैं। पांच न्याय हैं- हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय।

कांग्रेस के घोषणापत्र में सभी वर्गों के लिए रेवड़ियां हैं। इसमें 30 लाख नौकरियां, गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी को प्रति दिन 400 रुपये किया जाना, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकना, सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू किया जाना और पीएमएलए कानून में बदलाव किया जाना शामिल हैं।

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के न्याय पत्र के जवाब में सत्ताधारी दल भाजपा ने भी मोदी की गारंटी शीर्षक से अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र में 10 सामाजिक समूहों के लिए वादों पर खूब जोर है। यह समूह है गरीब, मध्यम वर्ग, महिलाएं, युवा, वरिष्ठ नागरिक, किसान, मछुआरे, मजदूर, व्यापारी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति जैसे पारंपरिक रूप से वंचित वर्ग। मोदी की गारंटी में 70 साल के सभी बुजुर्गों को 5 लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य योजना, थर्ड जेंडर को भी आयुष्मान में शामिल करना, वन स्टूडेंट वन आईडी कार्ड, ओलंपिक की मेजबानी के साथ-साथ इंसान को चांद पर भेजने का वादा किया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में एक राष्ट्र एक चुनाव और समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रतिबद्धता को दोहराया है लेकिन राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण (एनआरसी) जैसे विवादास्पद मुद्दे से परहेज रखा है। 76 पृष्ठों के इस घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के 24 अध्याय हैं जिसमें




विकास के लिए चुनिंदा क्षेत्रों को रेखांकित किया गया है।

इस क्रम में समाजवादी पार्टी (सपा) ने जनता का मांग पत्र हमारा अधिकार शीर्षक से अपना घोषणापत्र विजन डॉक्यूमेंट जारी किया है। इस विजन डॉक्यूमेंट में 2025 तक जाति आधारित जनगणना कराने की बात कही गई है, जिसके आधार पर 2029 तक सबको न्याय एवं हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का वादा किया गया है। 2025 तक अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के सभी सरकारी रिक्त पदों को भरने, निजी क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने, पेपर लीक से मुक्ति दिलाने और किसान को सभी फसल पर एमएसपी स्वामीनाथन फॉर्मूले के तहत दिलाने की बात भी कही है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने अपने घोषणापत्र में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को निरस्त करने का वादा किया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने का भी वादा किया गया है। यह भी कहा है कि मनरेगा के तहत दैनिक मजदूरी बढ़ाकर 700 रुपये की जाएगी। भाकपा ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खात्मे, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने, जाति जनगणना कराने, संपत्ति कर व विरासत कर जैसे कराधान उपाय लागू करने, कॉरपोरेट कर बढ़ाने, निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने का भी वादा किया है।

मोटे तौर पर राजनीतिक दल चुनाव के समय अपने कार्यक्रम, नीतियों तथा उद्देश्यों को बताने के लिए घोषणापत्र जारी करते है। लोकतांत्रिक राज व्यवस्था में घोषणापत्र एक तरह से राजनीतिक दलों के कार्यों का आईना होता है। इसके माध्यम से दलों की नीतियों का पता चलता है। जनता को यह जानने का पूरा हक है कि जिस प्रतिनिधि को वह अपना बहुमूल्य वोट देने जा रही है, वह क्या करना चाहता है, उसकी नीतियां क्या हैं।

मौजूदा चुनाव के लिए विभिन्न दलों की ओर से आ रही गारंटी फेस्टिवल ऑफर का एहसास कर रही हैं। एक तरफ मोदी की गारंटी हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस की 25 गारंटी। ये गारंटी सही मायने में फेस्टिवल ऑफर की तरह हैं। मतलब लोकतंत्र के महोत्सव में राजनीतिक दलों का फेस्टिवल ऑफर। बाजारवाद का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है। वोट दो और ये ऑफर (गारंटी) ले जाओ। जनता के वोट 24 कैरेट सोने की तरह हैं, लेकिन गारंटी कितनी पक्की हैं, यह वक्त बताएगा।

लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा के संकल्प पत्र के 10 मुख्य बिंदुओं में शामिल थे- अयोध्या में राम मन्दिर, जम्मू-कश्मीर से धारा 35ए और 370 हटाना, छोटे किसानों के लिए पेंशन, छोटे दुकानदारों के लिए पेंशन, राष्ट्र सुरक्षा पर वादा, एक साथ चुनाव कराने का संकल्प, प्रत्येक परिवार के लिए पक्का मकान, आयुष्मान भारत योजना, समान नागरिक संहिता और ट्रांसजेंडर्स को समाज को मुख्य धारा में लाने का वादा।

भाजपा ने अयोध्या में राममन्दिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से धारा 35ए और 370 हटाने, आयुष्मान भारत योजना जैसे वादों को पूरा किया है लेकिन, प्रत्येक परिवार के लिए पक्का मकान, छोटे दुकानदारों के लिए पेंशन, छोटे किसानों के लिए पेंशन% किसानों की दो गुनी आय, प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार अभी भी दूर की कौड़ी साबित हो रहे हैं।

यहां यह कहना गलत न होगा कि दस साल के शासनकाल में भाजपा अपने संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए संकल्पित दिखी। कई एक वादों पर भाजपा ने गंभीरता से काम किया है। समान नागरिक संहिता की दिशा में भी पर्याप्त प्रगति हुई है। वादे के अनुरूप भाजपा के काम करने का उत्साह सहज ही देखा जा सकता है।

कांग्रेस भी विधानसभा चुनावों में जिन राज्यों में सत्ता में आई, वहां घोषणापत्र को अमली जामा पहनाने के लिए प्रयासरत दिखी। 2014 से कांग्रेस केंद्रीय सत्ता से दूर है, ऐसे में कहना मुश्किल है कि कांग्रेस अगर केंद्र की सत्ता में आती है, तो अपने घोषणापत्र को जमीन पर उतारने में सफल रहती, या उसके सिर्फ वादे ही रह जाते हैं।

अब देखना है कि 2024 लोक सभा चुनाव का ऊंट किस करवट बैठता है। कौन-सा गठबंधन केंद्र की सत्ता तक पहुंचता है, और अपने घोषणापत्र में किए गए दावे और वादों के अनुरूप जनता को सशक्त करने के लिए काम करता है। फिलहाल राजनीतिक सौदागर सपना बेचने में जुटे हुए हैं। गारंटी के जाल में कौन फंसता है और किस बहेलिए की किस्मत खुलेगी, इसका अंतिम निर्णय 4 जून को मतगणना के बाद ही होगा।

# अच्छे मानसून से पड़ेगी अर्थव्यवस्था में जान...

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आई.एम.डी.) ने इस साल भारत में 'सामान्य से ज्यादा' मानसून रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने मानसून का पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि इस बार सीजन की कुल बारिश 87 सेंटीमीटर औसत के साथ 106 प्रतिशत रहने की संभावना है। अल नीनो प्रभाव के चलते इस साल देश में मानसून अच्छा रहेगा। अगस्त-सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। हकीकत में अर्थशास्त्री और नीति निर्माता भी मानसून का बेसब्री से इंतजार करते हैं और कामना करते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए अच्छी बारिश हो।

**रवि शंकर**



मौसम विभाग की भविष्यवाणी यदि सही होती है तो यह देश की अर्थव्यवस्था से लेकर खेती-किसानी के लिए रामबाण हो सकती है। कहा जा रहा है कि मानसून 'सामान्य' रहा तो फसलों की पैदावार अच्छी होगी, जो महंगाई को नीचे लाने का काम करेगी। इससे ग्रामीण मांग में भी सुधार आएगा, जो अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद करेगी। अच्छी बारिश का असर खरीफ फसलों के उत्पादन पर पड़ता है, जिससे कुछ खास खाद्य पदार्थों के दाम घट सकते हैं। चावल, बाजरा, रागी, अरहर, मूंगफली, कपास, मक्का, सोयाबीन आदि खरीफ फसलें हैं और इनका उत्पादन अधिकतर अच्छे मानसून पर निर्भर करता है। इनकी बुवाई जून-जुलाई से शुरू होती है। ऐसे में मानसून के दौरान अच्छी बारिश खरीफ फसलों के उत्पादन को बढ़ा सकती है, जिससे महंगाई पर कुछ हद तक नियंत्रण किया जा सकता है। महंगाई घटेगी तो पूरी अर्थव्यवस्था को इसका फायदा मिलेगा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मानसून भारतीय खेती की लाइफलाइन है।

एक अनुमान के मुताबिक मानसून पर 2 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था निर्भर करती है और कम से कम 50 प्रतिशत कृषि को पानी वर्षा के जरिए ही हासिल होता है। लगभग 800 मिलियन लोग गांवों में निवास करते हैं और वे कृषि पर ही निर्भर हैं, जो कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) का 14 प्रतिशत है। अगर मानसून असफल रहता है तो देश के विकास और अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सामान्य से ऊपर मानसून रहने पर कृषि उत्पादन और किसानों की आय दोनों में बढ़ोतरी होती है, जिससे ग्रामीण बाजारों में उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलता है। अच्छी बारिश न सिर्फ कृषि क्षेत्र के लिए जरूरी है, बल्कि इससे उद्योग जगत में भी बहार आती है। मालूम हो कि खेत से लेकर खाने की टेबल तक एक बड़ी चेन जुड़ी होती है। ऐसे में कमजोर मानसून पूरी वैल्यू चेन को बिगाड़ सकता है। इससे पूरी आर्थिक गतिविधियां गड़बड़ा जाती हैं। लेकिन जब वर्ष 2024 में एक अच्छा मानसून संभावित है, तब सरकार को किसानों को मुस्कुराहट देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभप्रद बनाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाना चाहिए।

बहरहाल, देश में अच्छा मानसून विकास की रेखा माना जाता है क्योंकि मानसून का प्रभाव देश के करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी और रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ता है। माना जा रहा है कि चार महीने की मानसूनी बारिश अर्थव्यवस्था के लिए मरहम साबित हो सकती है। देश की आधे से ज्यादा फसलें इसी मानसूनी बारिश से लहलहाती हैं। फसलों की पैदावार से खाने-पीने की चीजों के दाम तय होते हैं। पैदावार बढ़िया रही तो खाद्य पदार्थों की कीमतें कम रहेंगी। इससे आम आदमी को राहत मिलेगी। मानसूनी बारिश से खरीफ फसलों को लाभ तो होता ही है, साथ ही रबी सीजन यानी सर्दियों में बोई जाने वाली फसलों के लिए भी मिट्टी को नमी मिल जाती है। बढ़िया बारिश से देश के जलाशयों में पानी भरता है, जिससे किसानों को खेती के लिए पानी मिल पाता है। इतना ही नहीं, आर.बी.आई. ब्याज दरें तय करते समय मानसून के प्रदर्शन, खाद्य उत्पादन और महंगाई दर पर ध्यान देता है। इसलिए अच्छे मानसून से ब्याज दरों में भी गिरावट आती है और कर्ज सस्ता होता है। निस्संदेह आर्थिक विकास दर को बढ़ाने में अच्छे मानसून की अहम भूमिका होता है। इससे जहां महंगाई नहीं बढ़ेगी, वहीं विकास दर बढ़ेगी। साथ ही, अच्छे मानसून से किसानों की फसल अच्छी होने से क्रयशक्ति बढ़ेगी और उनके कदम बाजारों की चमक बढ़ाएंगे। इस समय देश में महंगाई अहम मुद्दा है। वर्तमान समय में अगर बात करें तो देश के किसानों को खेती करना काफी महंगा पड़ रहा है। बीज, खाद और डीजल के दामों में तेजी के बाद किसानों के लिए खेती करना बड़ा मुश्किल हो गया है। बढ़ती हुई महंगाई से किसानों की रुचि खेती के प्रति दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है क्योंकि किसानों के लिए खेती अब घाटे का सौदा लग रहा है। किसानों का मानना है कि अब खेती से लागत निकलना भी असंभव सा हो रहा है। बता दें डीजल की कीमत बढने से किसान पहले ही परेशान हैं। खेती-किसानी का ज्यादातर काम ईंधन पर निर्भर है। खेत की जुताई से लेकर कटाई और फसल को मंडी ले जाने तक किसान ट्रैक्टर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन महंगा डीजल किसानों के सामने पहले से ही बड़ी समस्या बना हुआ है। ऐसे में खराब मानसून से हालात और जटिल हो सकते थे।

कम पैदावार से अनाज, फल-सब्जी और दूध जैसी रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम और बढ़ सकते हैं। लेकिन अच्छे मानसून से महंगाई पर लगाम लग सकती है। साथ ही खाद, बीज, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर गुड्स और फाइनांस कंपनियों के शेयर भी डिमांड में रहते हैं। इस तरह अच्छा मानसून शेयर बाजार पर भी प्रभाव डालता है। मानसून के कारण जलाशय लबालब भर जाते हैं जो हाइड्रोपावर तथा सिंचाई के लिए अहम हैं। साफ है, जिस तरह मानसून देश की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम है, उसी तरह कॉरपोरेट कंपनियों से लेकर आम कंज्यूमर तक हर किसी की पर्सनल इंकम और सेविंग्स पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। यकीनन देश की अर्थव्यवस्था के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक सुकून भरा परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है। मॉनसून तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ ही है।

RNI (JHAHIN/2016/69693) स्वत्वाधिकारी स्वदेश मीडिया नेटवर्क के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक मंगल प्रताप पाण्डेय द्वारा 237-बी,रोड़ न.2,अशोकनगर,रांची 834002 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्रा.लि. काठीटांड, (नियर टेंडर बगीचा) रातू, रांची-835222 झारखंड से मुद्रित।
**प्रधान संपादक :** मंगल पाण्डेय, **संपादक :** रौशन कुमार *, **विज्ञापन एवं प्रसार :** 8092174888, 9031730388, **कार्यालय:** 0651-7961780, किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायिक क्षेत्र रांची होगा। ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार* )

# विधि व्यवस्था संधारित करने को लेकर प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों के साथ आईजी, डीआईजी, उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की ब्रिफिंग

**स्वदेश संवाददाता**



हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने गुरुवार को पुलिस लाइन परिसर में रामनवमी 2024 के अवसर पर संपूर्ण पर्व के दौरान विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरतने व विधि व्यवस्था संधारित कर शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व संपन्न कराने के लिए हजारीबाग क्षेत्र में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारीयों को संबोधित किया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस आपस में बेहतर तालमेल रखें। उन्होंने कहा सभी दंडाधिकारी पॉजिटिव माइंडसेट और एटीट्यूड के साथ निर्धारित स्थल पर मौजूद रहे। किसी भी तरह की सूचना वरीय अधिकारियों व कंट्रोल रूम को दें। वहीं उपायुक्त ने भी मौके पर मौजूद सभी दंडाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सजग व मुस्तैद रहते हुए जुलूस संपन्न करना है। चिन्हित जगह जहां भीड़ इकट्ठा होती है वहां अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। धैर्य, संवेदनशीलता के साथ हर परिस्थिति में विवेकपूर्ण तरीके से जुलूस संपन्न कराएं,आप की मुस्तैदी, सतर्कता, तत्परता पर ही जुलूस की सफलता निर्भर करेगी। उन्होंने विनम्र रहते हुए अपने कार्यों को संपादित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गर्मी ज्यादा इसलिए खुद को हाइड्रेट रखें। 18 जगहों पर मेडिकल कैंप लगाए गए तथा एंबुलेंस के नंबर भी जारी किए गए है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के पहचान स्थापित करने के लिए वितरित किए गए रेडियम युक्त जैकेट को पहनने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को रामनवमी त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था की संवेदनशीलता को देखते हुए 22 जोन और 67 सेक्टर बनाए गए है। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारीयों को संवेदनशील स्थानों पर शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में जुलूस संपन्न कराने का निर्देश दिया। उपस्थित सभी दंडाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी त्योहार के दौरान जिला प्रशासन के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन करवाना आवश्यक है,कहीं भी विधि व्यवस्था की कोई भी सूचना पर वरीय अधिकारीयों से संपर्क करने को कहा। उन्होंने कहा कि जुलूस के रूट चार्ट निर्धारित किए गए हैं रूट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी आईडी कार्ड के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि आपसी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सभी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी वायरलेस फोन से युक्त होंगे। जुलूस मार्गों की सूक्ष्म निगरानी के लिए सीसीटीवी व ड्रोन कैमरो से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के पहचान के लिए आईडी कार्ड तथा रेडियम जैकेट भी उपलब्ध कराए गए है। सुरक्षा के दृष्टिकोण प्रोटेक्शन गार्ड भी उपलब्ध कराए गए है। मौके पर आईजी बोकारो रेंज डॉ माइकल राज,डीआईजी हजारीबाग सुनील भास्कर, उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, एसडीओ शैलेश कुमार, एसडीपीओ सिवाशिष कुमार, डीएसपी व सभी जिला स्तरीय दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सांढ़-छपेरवा गांव में नौ दिवसीय महायज्ञ भंडारा के साथ संपन्न



**स्वदेश संवाददाता**

बड़कागांव। सांढ़-छपेरवा गांव में नव दिवसीय महायज्ञ भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इस भंडारे में बड़कागाँव, हजारीबाग, रामगढ़, टांडवा सहित आस-पास क्षेत्रों के लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्री 1008 हनुमंत सह बाबा विश्वकर्मा भगवान महायज्ञ दिनांक 9 अप्रैल को कलश स्थापना से शुरू हुआ था, जो 17 अप्रैल को भंडारा के साथ संपन्न हुआ।भंडारा सुबह 7 बजे से शुरू हुआ, देर रात्रि 12 बजे तक चला।इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर वीर बजरंगबली व विश्वकर्मा बाबा का जयकारा लगाते हुए प्रसाद ग्रहण किया।इस भंडारे को सफल बनाने में सांढ़-छपेरवा के सभी टोला के ग्रमीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## हजारीबाग में हर्षोल्लासपूर्वक निकला रामनवमी का दशमी जुलूस, खूब गूंजा जय श्री राम का नारा

**स्वदेश संवाददाता**



हजारीबाग। हजारीबाग के ऐतिहासिक और प्रख्यात रामनवमी के दशमी का आगाज गुरुवार को हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लासपूर्वक रामनवमी का दशमी जुलूस पूरे वैभव के साथ निकला। महाष्टमी और नवमी से ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल रामभक्ति में रंगे नज़र आए। महाष्टमी को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़ और टाटीझरिया के रामनवमी शोभायात्रा में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल शामिल हुए और भगवा ध्वजवाहक के रूप में जुलूस की अगुवाई किया। महानवमी को वे बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा, चौपारण और बरही के रामभक्तों संग लाठियों पर करतब दिखाते हुए उनका हौसलाआफजाई करते दिखे। तत्पश्चात रामनवमी के दशमी शोभायात्रा का आगाज होते ही हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण और नगर निगम क्षेत्र के रामभक्तों संग कदमताल करते हुए रामभक्ति में रंगे रहे। देर रात्रि तक राम भक्तों संग नाचते झूमते और पारंपरिक तरीके से लाठी और तलवार पर हैरतअंग्रेज करतब दिखाते रहें। इस दौरान उन्होंने रामभक्तों और श्रद्धालुओं के सेवार्थ रामनवमी रूट में संचालित विभिन्न स्टालों में जाकर उनका मनोबल बढ़ाया और सेवा कार्यों की प्रसंशा की । मौके पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा की इस साल का रामनवमी ख़ास है जब हमारे अराध्य प्रभु श्रीराम अपने जन्मभूमि पर टेंट से निकलकर सदियों बाद अपने मंदिर महल रूपी दरबार में बिराजे हैं और उनका दिव्य सूर्याभिषेक हुआ है ऐसे में रामभक्तों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा की मार्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमें धर्म का अनुसरण करते हुए जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। उनका जीवन हम सभी को त्याग, मर्यादाओं के पालन व कर्तव्यपरायणता की सीख देता है। मनीष जायसवाल ने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों को युगपुरूष, जीवन के आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्य दिवस रामनवमी और हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी और हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण ने मनाने का अपील किया ।

## झांकी प्रदर्शन में गंगादोहर प्रथम, तलसवार को द्वितीय एवं चौपदार बलिया को तृतीय स्थान




**स्वदेश संवाददाता**

बड़कागांव। हरली रामनवमी मेला में झांकी व जुलूस प्रदर्शन में रामनवमी पूजा समिति गंगादोहर को प्रथम ,श्री शिव हनुमंत रामनवमी पूजा समिति तलसवार को द्वितीय एवं अमर ज्योति क्लब चोपदार बलिया पासी टोला को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही रामनवमी पूजा समिति विश्रामपुर को चौथा, रामनवमी पूजा समिति पिपराडीह को पांचवा रामनवमी पूजा समिति महूगाईकला को छठा, रामनवमी पूजा समिति गोसाई बलिया को सातवां रामनवमी पूजा समिति महूगाई खुर्द को आठवां, रामनवमी पूजा समिति दांगी ड्रामेंटिक क्लब बादम को नौंवा, रामनवमी पूजा समिति नापोकला को दसवां रामनवमी पूजा समिति बेला को 11वां एवं रामनवमी पूजा समिति मधुइयाढाब को 12वां स्थान प्राप्त हुआ। जिसे अतिथियों को पूजा समिति के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं बेहतर कला प्रदर्शन करने वाले कलाकारों में से गंगादोहर से ताड़का का किरदार, पिपराडीह से धरती माता का किरदार, विश्रामपुर से धरती माता का किरदार, गंगादोहर से रामलला के स्वागत में बच्चियों का किरदार, तलसश्वर के दो बच्चियों का तलवार कलाबाजी और महंगाई कला से मुंह में तलवार एवं लाठी का प्रदर्शन करने को लेकर पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रामनवमी पूजा समिति गंगादोहर के अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद दांगी, सचिव पवन कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद, झांकी डायरेक्टर - प्रभुदयाल कुशवाहा , रंजन कुमार, पुजारी - कृष्णा कुमार कौशल के अलावा कई लोगों का योगदान सराहनीय रहा है। पुरस्कार वितरण के मौके पर मुख्य रूप से पर हरली पूजा समिति के अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश महतो, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, कर्णपुरा कुशवाहा समाज केंद्रीय अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, पंचायत के मुखिया कविता देवी, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, पंसस कौशल्या देवी, मुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, सबुर महतो, सुरेश प्रसाद दांगी, उमेश दांगी, वार्ड सदस्य रामेश्वर राम, पूर्व पंसस उपेंद्र महतो, पूर्व पूजा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, बीगेश्वर महतो, के अलावा कई लोगों उपस्थित थे।

## शांतिपूर्ण सौहार्द के साथ मनाई गई रामनवमी

**स्वदेश संवाददाता**






दारू ( हजारीबाग )।रामजन्मोत्सव को लेकर प्रखंड के सभी पंचायतों में रामनवमी धूमधाम से मनाई गई।बुधवार को झुमरा, दारू, मेडकुरी में मेले का आयोजन किया गया वहीं रात्रि में जिनगा, कोयं, झूमरा, महेशरा, गोपलो, रामदेव खरिका,बसोबर, बक्सीडीह, ईरगा एवम् अन्य गांवो से एक से बढ़कर एक झांकियो की प्रस्तुति की गई। अधिकतर झांकियां में रामायण को प्रस्तुत किया गया जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ थी। झांकियो की प्रस्तुति के साथ साथ रामभक्तो ने जमकर लाठी, तलवार भी भाजी जिसमें कई तरह का कलाकारी दिखाया गया।पूरा क्षेत्र जय श्री राम के नारों के साथ गूंजता रहा।

झुमरा मुख्य चौक पर एनके प्लाई ने रामभक्तो को गुड़ चना एवं पानी का वितरण किया। दारू मुख्य चौक पर अयोध्या मंदिर की बड़ी पोस्टर लगाई गई थीं और लोगों के मनोरंजन के लिए सुविधा की गई थी जिसमें लोग थिरकते नजर आए। दशमी के दिन हरली में मेले का आयोजन किया गया। पूरे प्रखंड में शांतिपूर्ण सौहार्द के साथ रामनवमी संपन्न हुआ। दारू पुलिस की पूरे प्रखंड क्षेत्र में पैनी नजर बनी रही। थाना प्रभारी शफीक खान ने रामनवमी की सफल संपन्नता को लेकर क्षेत्र वासियों एवं मीडिया कर्मियों को बधाई दी।

## आग लगने से कई एकड़ की गेहूं जलकर राख

**स्वदेश संवाददाता**



इचाक। प्रखंड के जलौंध गांव में गेहूं खेत में आग लगने से कई किसानों का खेत में लगे गेहूं जलकर राख। बताया जा रहा है की रामनवमी की त्यौहार मनाने को लेकर ग्रामीण व्यस्त थे। कुछ लोग शादी की तैयारी में व्यस्थ थे । तभी कुछ लोगो को अचानक आग लगे हुए गेहूं पर नजर पड़ी, आनन फानन में दर्जनों ग्रामीण आग पानी से बुझाने की प्रयास किए लेकिन आग की लपेटे और हवा की झोंके इतने तेज थे की चंद ही मिनटों में सैकडो बोझा गेहूं जलकर राख हो गया। पंचायत समिति सदस्य सरस्वती देवी ने बताई की गांव के मोदी मेहता, दीपक मेहता, और दीपक मेहता की मां के खेत में लगी आग से सैकडो गेहूं की बोझा जलकर राख हो गया। जिसकी सुचना तत्काल इचाक सी ओ रामजी गुप्ता को फोन के माध्यम से दिया गया और मुवाबजे की मांग की गई।जिसमे सी ओ ने कहा की कर्मचारी इलेक्शन ड्यूटी होने की वजह से तत्काल खेत पर जाना संभव नही है। कर्मचारी अवध किशोर से बात करने की प्रयास की गई लेकिन फ़ोन नही रिसीव हो पाया। सी ओ ने भी मुआवजे को लेकर आश्वाशन दिए। गेहूं जलने पर ग्रामीण बेहद नाराज दिखे।

## रामनवमी संरक्षण समिति ने कराया कुश्ती दंगल प्रतियोगिता

**स्वदेश संवाददाता**



हजारीबाग। हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति ने भव्य कुश्ती ( दंगल ) का आयोजन हजारीबाग बड़ा अखाड़ा परिसर स्थित मैदान में करवाया जहां हरियाणा, पंजाब , अयोध्या , बनारस , नेपाल से आए पहलवानों ने भाग लिया। दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी के साथ एक नया अध्याय जुड़ गया। दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने आए पहलवानों ने बारी बारी से अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया दो दिनों के इस भव्य दंगल प्रतियोगिता में अयोध्या हनुमानगढ़ी से आए पहलवान नागेंद्र दास व नेपाल से चल कर आए पहलवान राजू थापा के बीच फाइनल दंगल प्रतियोगिता हुआ जिसमें रोमांचक जीत दर्ज करते हुए पहलवान नागेंद्र दास विजेता बने।

दंगल प्रतियोगिता के बारे में संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा की हमारे यहां सनातन धर्म में दंगल की परंपरा रही है जो कालांतर में धीरे धीरे लुप्त होता जा रहा है फलस्वरूप लोग का इसके प्रति झुकाव कम होते जा रहा है और युवा नशे के चपेट में आ रहे हैं जो समाज के लिए भयावह है आगे उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा की शरीर मानव जीवन की अमूल्य पूंजी है इसे व्यायाम करके निखरें ना की नशा करके बर्बाद करें आगे उन्होंने हजारीबाग के युवाओं और अखदाधारिओं से अपील करते हुए कहा है की राम नवमी आपसी प्रेम सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ मनायें । वहीं अश्लील और फूहड़ गानों को ना बजाने की अपील की । रामनवमी संरक्षण समिति ने दंगल प्रतियोगिता के दौरान आने वाले गणमान्य लोगों व समाज के सजग प्रहरी ( पत्रकारों ) को संरक्षण समिति ने अंगवस्त्र, लाठी व माला पहना कर सम्मानित किया मौके पर झामुमो नेता कमल नयन सिंह, मुन्ना सिंह, दिलीप वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, परमेश्वर मेहता, पूर्व महासमिति अध्यक्ष राजकुमार यादव सुनील केशरी, संजीव लाल भगत, ओम प्रकाश गोप, अजय कुमार साव, ज्योति सिन्हा, लब्बु गुप्ता, ओम प्रकाश सिन्हा, केदार कुमार, मोहन कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला समेत रामनवमी संरक्षण समिति के दर्जनों पदाधिकारी सदस्य व सैकड़ो लोग उपस्थित थे ।

## असधीर मैदान मे करीब एक दर्जन झांकी जुलूस के साथ किया प्रदर्शन

**स्वदेश संवाददाता**



कटकमसांडी। रामनवमी जुलूस के दौरान झांकी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन अखाड़े को सिल्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया ।कटकमसांडी प्रखंड के असधीर मैदान में आयोजित रामनवमी मेला में लगभग एक दर्जन गांव से जुलूस के शक्ल में झांकी पहुंचा। झांकी में जहां राम के आदर्शों का प्रदर्शन किया गया। वहीं विज्ञान पर आधारित कई झांकी जुलूस मे देखने को मिला। बरगड्डा गांव के झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

जबकि अयोध्या मंदिर निर्मित हेदलाग गोविंदपुर को द्वितीय और खुटरा झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन तीनों झांकियां को मुख्य अतिथि कटकमसांडी पूर्व बीस सुत्री अध्यक्ष रामकुमार मेहता के हाथ हो मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान राम के पदचिन्हों पर चलने का शपथ के साथ लोग राम जन्म उत्सव मनाते हैं। भगवान राम के पद पदचिह्न पर ही चलना रामनवमी का मुख्य उद्देश्य है । उन्होंने कहा कि असधीर और लुपंग गांव के सदस्यों की भूमिका काबिले तारीफ है । जुलूस के दौरान लोग आपसी सौहार्द कायम कर संपन्न कराई जो बेहतर संदेश देता है । यह संदेश बेहतर समाज के लिए अमित छाप छोड़ेगा। शअसधीर मैदान मे बरतुआ, धरहरा ,सुलमी, लुपुंग, असधीर, खुटरा, बरगड्डा, हेदलाग, बेलरगड्डा आदि गावं की झांकी जुलूस के साथ असधीर मैदान पहुंचा जहां अखाड़े धारी देर रात तक कला कौशल का प्रदर्शन किया। ढोल ताशा के धुन पर अखाड़े धारी झुमते रहे। जुलूस मे भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, मुखिया दिलीप पासवान, पूर्व मुखिया दिलीप रविदास, बालेश्वर मेहता, उदय मेहता अजय मेहता, दीपक मेहता, संजय मेहता, टुनटुन मेहता, मुरारी मेहता आदि सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे। इधर कटकमसांडी चौक, ढौठवा हाई स्कूल मैदान, आराभुसाई, डाटो, बहिमार जबकि कटकमदाग प्रखंड मे सुलताना, फतहा चौक पर महावीरी झंडा के साथ जुलूस निकाला गया । जबकि दशमी को कटकमसांडी प्रखंड से कंचनपुर, हेदलाग, छड़वा, रोमी, खुटरा, पबरा ,पेलावल और गदोखर ,वही कटकमदाग प्रखंड के नावाडीह, पकरार, सलगावां, कटकमदाग, बानादाग, कृष्णा नगर पसई, रेवाली, मसरातू, बनहा, खपरियांवा, ढेंगुरा पंचायत से झांकी के साथ जुलूस हजारीबाग पहुंचा, जहां पर अखाड़े धारी के लोग कला कौशल का प्रदर्शन किया ।

## विवाहिता का शव कुएं से बरामद, हत्या का आरोप

**स्वदेशसंवाददाता**



इचाक। थाना क्षेत्र के लोटवा गांव स्थित जगदीश राम के कुआं से एक महिला का शव ग्रामीणों कि मदद पुलिस बरामद किया है। मृत महिला की पहचान सोनी कुमारी 25 वर्ष, पति विकाश कुमार दास के रूप में हुई है। घटना गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे की बताई जा रही है। मृतिका सोनी और विकास की शादी चार साल पूर्व हुई थी। घटना की सूचना पर पहुंची इचाक पुलिस ने शव को कुएं से निकाल कर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कालेज एंड अस्पताल भेज दिया। ऐसा बताया गया कि सोनी के कुआं में गिरने के बाद विकास उसे बचाने के लिए कुएं में कूद गया, जिसे ग्रामीणों ने बचा लिया। ग्रामीण जबतक सोनी को बचाने की कोशिश की तब तक काफी देर हो चुकी थी, जिस कारण उसे बचाया नहीं जा सका। मृतिका सोनी और विकास की दो बेटियां है। इधर सोनी की मौत की सूचना पर टाटीझरिया से दर्जनों महिला पुरुष लोटावा पहुंच कर हंगमा शुरू कर दिया, जिसके बाद विकास और घर के सदस्य फरार हो गए। मृतिका के मायके वाले सोनी के ससुराल वाले पर मारकर कुएं में डालने का आरोप लगा रहे थे। मायके वालों के मुताबिक शादी के बाद से ही विकास और उसके घर वाले उसके साथ मारपीट करते रहते थे, जिसे लेकर कई बार पंचायत भी हुई थी। लोगों ने बताया कि 15 अप्रैल को सोनी के मायके वालों और ससुराल वालों के बीच गांव में पंचायत हुआ था। मायके वालों के मुताबिक इंस्टाग्राम पर विकास की दोस्ती एक युवती से हो गया, जिसके बाद दोनों एक दूसरे को चाहने लगे। दोनों की दोस्ती इस कदर बढ़ी की विकास युवती से कोर्ट मैरिज कर घर ले आया जिसके बाद सोनी और विकास के बीच विवाद बढ़ गया, जिसके कारण गुस्से में आकर सोनी ने कुएं में कूद कर जान दे दी।इधर मायके वाले विकास के घर हंगामा खड़ा कर दिया।जिसके कारण घर के सभी लोग भागे गए समाचार लिखे जाने तक हंगामा जारी था।

# महिला सुरक्षा व महिला अधिकारों की बात करने वाले भाजपा एवं आजसू के नेताओं को जवाब देना चाहिए : अंबा प्रसाद

**स्वदेश संवाददाता**



बड़कागांव। बरकाकाना नया नगर में रामनवमी जुलूस में शामिल होने गई विधायक अंबा प्रसाद के साथ की गई बदसलूकी एवं सुरक्षाकर्मियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने हथियार लूटने की कोशिश करने पर विधायक अंबा प्रसाद का बड़ा बयान सामने आया है। घटना के दूसरे दिन विधायक अंबा प्रसाद ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आजसू कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी फिर से जग जाहिर हुई है, चुनाव नजदीक है इसीलिए आजसू पार्टी के कार्यकर्ता खुलकर गुंडागर्दी कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि यह घटना से आजसू के चारित्रिक गिरावट का भी परिलक्षण होता है। क्या भगवान राम किसी दल विशेष के हो सकते हैं ? क्या उनके स्वागत में स्थानीय विधायक का उपस्थित होना अपराध है ? राम तो मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, जीवन के हर संबंधों में उन्हें हम आदर्श के रूप में देखते हैं | धैर्य, क्षमा, सहनशीलता, ज्ञान की इज्जत, नारी शक्ति का सम्मान, शत्रु के प्रति व्यवहार, भाई के प्रति व्यवहार हर परिस्थिति में राम आदर्श स्थापित किये हैं | मुझे यह कहते हुए तनिक भी संकोच नहीं है कि बरकाकाना में मंच पर उपस्थित एक पार्टी विशेष के कुछ मनचलों का व्यवहार कहीं से भी राम भक्तों का नहीं लग रहा था। विधायक ने कहा कि रामनवमी अखाड़े में भ्रमण के दौरान सभी जगह पर अभूतपूर्व स्वागत व अभिनंदन किया गया परंतु जिस समिति में आजसू के कार्यकर्ता पूजा समिति के अध्यक्ष अथवा किसी भी पद पर आसीन है वे लोग सीधा विरोध कर रहे थे जबकि बुद्धिजीवी मंच ने इसका पुरजोर विरोध किया। विधायक ने कहा कि पूजा समिति के कार्यकर्ता के द्वारा जब मुझे आशीर्वचन देने हेतु माइक प्रदान किया गया तो विरोधी लोगों ने उस कार्यकर्ता के साथ भी मारपीट किया मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मेरे हाथों से माइक छीना गया। आगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पर्व त्यौहार के दौरान 100% उपस्थिति रही है, ऐसे में रामनवमी की शुभकामनाएं देने पहुंचने पर विरोधियों के द्वारा बदसलुकी किया गया, कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई, सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों से ठेल धकेल गाली गलौज एवं उनके हथियार तक लूटने का प्रयास किया गया। इस पूरे घटनाक्रम में कई कार्यकर्ताओं एवं कर्मियों को गंभीर चोटें आई। मेरे कैमरामैन के साथ भी मारपीट किया गया कई लोगों को रिम्स रेफर किया गया है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार की घटना कतई भी बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। पूजा के नाम पर राजनीति करना एवं राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति करना समाज के लिए सही नहीं है। इस प्रकार के लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। आगे विधायक ने कहा कि प्रभु श्री राम के लिए सजे धार्मिक मंच का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया गया जहां एक महिला विधायक होने के बाद भी बुरा व्यवहार किया गया जबकि इनके बड़े-बड़े नेता महिला आरक्षण, महिला स्वतंत्रता, महिला स्वाधीनता की बात करते हैं,महिलाओं के रक्षा की बात करते हैं। वैसे नारी शक्ति के प्रति आजसू-भाजपा के नेताओं/कार्यकर्ताओं का बर्ताव जगजाहिर है, इनसे किसी भी अच्छे ढंग के बर्ताव की कोई आशा नहीं है लेकिन थोड़ी उम्मीद थी कि मंच राम का है | वैसे मैं इनसे डरने वाली नहीं हूँ एवं इनके बर्ताव का अच्छे तरीके से जवाब देने में मैं सक्षम हूं। अब वह दिन नहीं रहे जब आप किसी महिला को डरा के धमका के चुप करा सकते हैं। मुझे एक महिला के रूप में एवं एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी शक्ति का एवं अपने अधिकारों का पूरा ज्ञान है। मेरा पूरा प्रयास होगा कि मेरे क्षेत्र में अब आगे कोई मनचला धर्मांध किसी बहन-बेटी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं कर सके। विधायक ने अंत में लोगों से अपील करते हुए कहा कि राम की पूजा करने के साथ-साथ हमें उनके द्वारा स्थापित आदर्शों की भी समझ विकसित करनी चाहिए एवं उसे अपने व्यवहार में लाना चाहिए | एक सभ्य समाज में ऐसी घटना के लिए कोई जगह नहीं हो सकती है। विधायक ने पूरे मामले पर पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई करने को कहा है। विधायक अंबा प्रसाद में यह भी कहा कि जब स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ आजसू के कार्यकर्ता इस प्रकार की हरकत कर सकते हैं तो पूरे क्षेत्र वासियों के साथ क्या किया जाएगा, यह चिंता एवं चिंतन का विषय है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से विवाद, विपक्ष ने की महाभियोग चलाने की मांग



**माले, एजेंसी।** मालदीव में संसदीय चुनावों से पहले विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ 2018 के भ्रष्टाचार की लीक रिपोर्ट के बाद जांच और उन पर महाभियोग चलाने की मांग की है। हालांकि, इन आरोपों को मुइज्जू ने खारिज कर दिया है। मुख्य विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) के बीच आरोप-प्रत्यारोप से माहौल बहुत बिगड़ चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 21 अप्रैल को होने वाले संसदीय (मजलिस) चुनाव में 93 सीटों के लिए कुल 368 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। राजनीतिक तूफान एक गुमनाम हैंडल हसन कुरुसी के सोशल मीडिया पर मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण और मालदीव पुलिस सेवा की वित्तीय खुफिया इकाई की ओर से तैयार खुफिया रिपोर्ट लीक करने से शुरू हुआ। इसमें मुइज्जू के खाते में पैसे जाने का दावा किया गया है।

### कम बजट के कारण मंगल से मिट्टी के नमूने नहीं ला पा रही नासा, 2027-28 तक भेजा जाएगा तीसरा यान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अब मंगल ग्रह से मिट्टी के नमूने लाने के सस्ते तरीके खोज रही है। नासा के मुताबिक, कम बजट के कारण अब सस्ते तरीके खोजना उसकी वैज्ञानिक प्राथमिकताओं में शामिल हो गया है। अधिकारियों के मुताबिक, एजेंसी के सारे केंद्रों और निजी कंपनियों को भी इस परियोजना में मदद के लिए एक औपचारिक अनुरोध पत्र भेजा जा रहा है। यह काम तकनीकी रूप से बेहद जटिल है, इसलिए नासा हरसंभव कोशिश कर रही है। मौजूदा तकनीक से जो काम अब तक नहीं हो पा रहा है, उसे उसी तकनीक के इस्तेमाल से कम खर्च में कैसे किया जाएगा। इसमें एक अन्य ग्रह से रॉकेट लॉन्च कर उसे धरती पर लाने जैसा जटिल काम शामिल है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि तीसरा यान 2027-28 तक भेजा जाएगा और 2030 के दशक की शुरुआत में यह नमूने लेकर धरती पर लौटेगा। इस पूरे अभियान पर करीब 5 से 7 अरब डॉलर का खर्च होने का अनुमान है। लेकिन स्वतंत्र समीक्षकों ने पाया कि आधुनिक तकनीक के तहत मंगल से नमूने वापस लाने का कुल खर्च 11 अरब डॉलर तक जा सकता है और इसके 2040 से पहले धरती पर लौटने की संभावना ,बहुत कम है। नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने कहा, कुल मिलाकर 11 अरब डॉलर का बजट बहुत ज्यादा है।

### अमेरिकी लेखक बोले- लोकसभा चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत, तीसरी बार सत्ता में लौटेगी पार्टी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दक्षिण एशियाई मामलों के प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक सदानंद धूमे ने कहा कि भारत में यकीनन यह मोदी युग है। उन्होंने कहा, देश के लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' के स्तंभकार तथा थिंक टैंक 'अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट' से जुड़े सदानंद धूमे ने कहा, भाजपा तीसरी बार भी सत्ता में लौटेगी। धूमे ने कहा, जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों, उसी तरह भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है। उन्होंने कहा, आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में हैं। धूमे ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर काफी अच्छा काम किया है। लेखक सदानंद धूमे ने कहा, कई मायनों में भारत में विपक्ष लगभग ध्वस्त हो गया है। पहले 2014 में और फिर 2019 में कांग्रेस लगातार दो निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद से संभल नहीं पाई है। सदानंद धूमे ने कहा, ऐतिहासिक रूप से भारत लंबे समय से एक ऐसा देश रहा है जिसमें केवल एक शक्तिशाली राष्ट्रीय पार्टी रही है। 60, 70, 80 के दशक में कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व था और अब भाजपा। हालांकि उस हद तक नहीं जितना कभी कांग्रेस का प्रभुत्व था। भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन ने कहा कि भारत में संसदीय चुनाव अहम होंगे। जॉर्जटाउन विवि के प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन बोले, भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट के संबंध में आलोचना 'थोड़ी ज्यादा' लगती है, लेकिन 'नेताओं को निशाना बनाने' के मामलों की अधिक पड़ताल की जरूरत है।

### अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले भारतीय नागरिक की मौत, गिरफ्तारी के बाद हिरासत केंद्र में रह रहे

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अवैध तरीके से अमेरिका आने वाले भारतीय नागरिक की अटलांटा में मौत हो गई। संघीय अधिकारियों ने बताया कि मृतक को भारत प्रत्यर्पित किया जाना था। मृतक की पहचान 57 वर्षीय जसपाल सिंह के तौर पर की गई है। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) विभाग के अनुसार, न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। इसके साथ ही मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। आईसीई ने बताया कि जसपाल सिंह की मौत 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल हुई थी। मृतक जसपाल सिंह 25 अक्टूबर 1992 में पहली बार कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया, जिसके बाद वे भारत लौट आए थे। जसपाल सिंह ने 29 जून 2003 में अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश की थी।

# अफगानिस्तान में महिला उद्यमियों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रहा सहारा, यूएन की रिपोर्ट में दावा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूएन विकास कार्यक्रम ने बुधवार को लिस्निंग टू वूमन एंटरप्रेन्योर इन अफगानिस्तान, देयर स्ट्रगल एंड रेसिलेंस (अफगानिस्तान में महिला उद्यमियों, उनके संघर्ष और कामकाज पर गौर) नाम की रिपोर्ट प्रकाशित की है। इसमें पिछले तीन वर्षों में संकलित डेटा का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन में अफगानिस्तान में महिला उद्यमियों के लिए बदलती परिस्थितियों के सिलसिले में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई है।

एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए यूएन कार्यक्रम की क्षेत्रीय निदेशक कन्नी विग्नाराजा ने बताया कि अफगानिस्तान में महिला उद्यमियों ने बेहद विकट परिस्थितियों में भी अविश्वसनीय हौसले, निडरता और साधन-सम्पन्नता का परिचय दिया है। विश्लेषण के अनुसार, अफगानिस्तान में महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय में ऊंची लागत और अनेक प्रकार के अवरोधों का सामना करना पड़ रहा है। भेदभाव गहरा हुआ है और व्यवसाय संचालन में कई बाधाएं हैं। देश में गंभीर हालात से जूझ रही वित्तीय प्रणाली के कारण, इस सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाली तीन हजार महिलाओं में से 41 फीसदी कर्ज लेने के लिए मजबूर हो गई हैं। तीन-चौथाई प्रतिभागियों ने बताया कि आवाजाही पर पाबंदियां हैं। उदाहरणस्वरूप, महिलाओं के लिए एक पुरुष संगी के बिना स्थानीय बाजार तक जाना भी सम्भव नहीं है। केवल पांच प्रतिशत ने बताया कि उन्हें बैंक या माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं के जरिये कर्ज मिला।



**चुनौतियों से उबरने के उपाय :** यूएन विकास कार्यक्रम के अनुसार, अफगानिस्तान में 1.58 करोड़ लोग खाद्य असुरक्षा का शिकार हैं और कामकाजी महिलाओं के लिए रोज़गार दर, पिछले वर्ष से अब तक घटकर छह फीसदी रह गई है। इन हालात में महिलाएं मौजूदा चुनौतियों से उबरने के लिए रास्तों की तलाश कर रही हैं। उद्यमिता, महिलाओं व उनके परिवारों के लिए एक जीवनरेखा बनकर उभरी है। महिलाओं के नेतृत्व वाले 80 प्रतिशत उद्यम अपने आय के मुख्य स्रोत के लिए अपने व्यावसायिक राजस्व पर निर्भर हैं। महिलाओं द्वारा संचालित व्यवसायों से अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। यूएन विकास कार्यक्रम ने बताया कि साझेदारों के साथ मिलकर 75 हजार सूक्ष्म व लघु-व्यवसायों को सहारा दिया गया है, जिनसे नौ लाख लोगों के लिए रोजगार अवसर उत्पन्न हुए हैं और उनके परिवारों को गुजर-बसर का साधन मिला है।

**संकल्प व आशा :** अफगानिस्तान में यूएन कार्यक्रम के रेजिडेंट प्रतिनिधि स्टेफन रोड्रिक्स ने बताया कि लम्बे समय से महिलाएं देश में घर-परिवारों के कल्याण के लिए एक अहम शक्ति हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को सहारा देने में अहम भूमिका निभा रही हैं। यूएन प्रतिनिधि ने कहा कि महिला उदयमियों की आवाज को समर्थन दिया जा रहा है और महिलाओं में निवेश से होने वाले लाभ को रेखांकित किया गया है। तमाम चुनौतियों से उबरने के लिए उनका साहस व सहनसक्षमता, संकल्प व आशा की एक उत्कृष्ट कहानी है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय समर्थन की दरकार है और इस रिपोर्ट में इसी विषय पर अहम जानकारी साझा की गई है। रेजिडेंट प्रतिनिधि ने कहा कि अफगानिस्तान का भविष्य उन्हीं पर निर्भर है।

### पाकिस्तान में भारतीय महिला ने अपने बच्चों के बिना देश छोड़ने से किया इनकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारतीय नागरिक फरजाना बेगम इस समय पाकिस्तान में अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए लड़ रही हैं। फरजाना ने यह कहते हुए अपने मूल देश (भारत) लौटने से इनकार कर दिया है कि पाकिस्तान में उनके बच्चों की जान को खतरा है। मुंबई निवासी फरजाना बेगम ने साल 2015 में अबू धाबी में पाकिस्तानी नागरिक मिर्जा मुबीन इलाही से शादी की थी। बाद में, दंपति 2018 में पाकिस्तान आए। उनके सात और छह साल के दो बेटे हैं। फरजाना बेगम का मामला तब सुर्खियों में आया जब उसने कथित तौर पर अपने बेटों की कस्टडी और अपने बेटों के नाम पर कुछ संपत्तियों के विवाद को लेकर अपने पति को प्रताड़ित किया। फरजाना ने अपने पति के इस दावे को खारिज कर दिया कि उसने उसे तलाक दे दिया है। फरजाना ने कहा कि अगर उसने मुझे तलाक दिया है, तो इसका प्रमाण पत्र होना चाहिए। फरजाना ने कहा, पाकिस्तान में संपत्ति विवाद को लेकर मेरी और मेरे बच्चों की जान खतरे में है। मैं लाहौर के रहमान गार्डन में अपने घर तक ही सीमित हूं और मेरे बच्चे भूख से परेशान हैं। फरजाना ने अपने बेटों के बिना अपने मूल देश जाने से इनकार करते हुए पाकिस्तान सरकार से मामला सुलझने तक सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। उन्होंने कहा, लाहौर में कुछ संपत्तियां हैं जो मेरे बेटों के नाम पर हैं। मेरे और मेरे बच्चों के पासपोर्ट मेरे पति के कब्जे में हैं।

### सूर्य को निगल जाने वाला सबसे बड़ा ब्लैक होल मिला, पृथ्वी से करीब 2000 प्रकाश वर्ष से भी कम दूरी पर मौजूद

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सूर्य को निगल जाने वाला अब तक का सबसे बड़ा ब्लैक होल मिला है। इसकी दूरी पृथ्वी से करीब 2,000 प्रकाश वर्ष से भी कम दूरी पर है। 'जीएआईए बीएच3' नामक ब्लैक होल एक्विला तारामंडल में छिपा है। इसका द्रव्यमान हमारे सूर्य से 33 गुना ज्यादा बड़ा है। पहली बार तारकीय उत्पत्ति का इतना बड़ा ब्लैक होल आकाशगंगा में खोजा गया है। अंतरिक्ष में एक असामान्य डगमगाहट का पता लगाने के बाद खगोलविदों ने मिल्की वे आकाशगंगा में ये ब्लैक होल देखा गया। इस प्रकार के ब्लैक होल केवल बहुत दूर की आकाशगंगा में ही खोजे गए हैं। यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने कहा कि अधिकांश तारकीय-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल पास के तारे से पदार्थ खींच रहे हैं। यह पदार्थ इतनी तेज गति से ब्लैक होल में गिरता है कि गर्म होकर एक्सरे विकिरण छोड़ता है।

**एक्विला तारामंडल में हुई खोज :** कभी-कभी, ब्लैक होल के पास कोई तारा नहीं होता है। इसका मतलब है कि वे कोई प्रकाश उत्पन्न नहीं करते हैं, जिससे उन्हें पहचानना बेहद मुश्किल हो जाता है। खगोलशास्त्री इन ब्लैक होल को सुप्त कहते हैं। ऐसे तारों की खोज करते समय शोधकर्ताओं ने एक्विला तारामंडल में एक पुराने विशाल तारे की खोज की। उन्होंने इसके पथ में डगमगाहट का विस्तार से विश्लेषण किया और पाया कि यह असाधारण रूप से उच्च द्रव्यमान वाले एक निष्क्रिय ब्लैक होल के साथ एक कक्षीय गति में बंद था।

**10 लाख सूर्य के बराबर होता है एक सुपरमैसिव ब्लैक होल :** आकाशगंगा में स्थित सुपरमैसिव ब्लैक होल का द्रव्यमान एक करबी 10 लाख सूर्य के बराबर है। वैज्ञानिकों को इस बात का प्रमाण मिला है कि प्रत्येक बड़ी आकाशगंगा के केंद्र में एक महाविशाल ब्लैक होल होता है। मिल्की वे आकाशगंगा के केंद्र में स्थित सुपरमैसिव ब्लैक होल को सैगिटेरियस ए कहा जाता है। इसका द्रव्यमान लगभग 40 लाख सूर्य के बराबर है और यह एक बहुत बड़ी गेंद के अंदर फिट होगा जो कुछ मिलियन पृथ्वी को समा सकता है।

### नियम पसंद नहीं तो स्कूल छोड़ दें, हाईकोर्ट ने ठुकराई स्कूल में नमाज पढ़ने की मांग

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में हाईकोर्ट ने स्कूल में नमाज पर पढ़ने पर लगी रोक के खिलाफ मुस्लिम छात्रा की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि अगर छात्रा को स्कूल के नियम पसंद नहीं है तो वह स्कूल छोड़ दे। अगर स्कूल में पढ़ना है तो उसे वहां के नियम मानने होंगे। भारत के संदर्भ में यह फैसला इसलिए प्रासंगिक है कि कर्नाटक में स्कूल में हिजाब पहनने पर रोक के खिलाफ देश भर में प्रदर्शन हुए थे। ये मामला ब्रिटेन के सबसे सख्त स्कूलों में से एक ब्रेंट स्थिल मिशेला कम्यूनिटी स्कूल से जुड़ा है। स्कूल की भारतीय मूल की प्रिंसिपल कैथरीन बीरबल सिंह को ब्रिटेन की सबसे सख्त प्रिंसिपल माना जाता है। स्कूल में धार्मिक शिक्षा पर सख्ती से रोक है। स्कूल परिसर में किसी भी तरह के धार्मिक कार्य करने पर पाबंदी है। स्कूल में पढ़ने वाले लगभग 700 बच्चों में से ज्यादातर मुस्लिम हैं। इनमें से 30 बच्चों ने मार्च 2023 में स्कूल परिसर में नमाज पढ़ी थी। इसके बाद स्कूल ने कड़ा कदम उठाया और सभी को चेतावनी दी। इसी के बाद स्कूली छात्रा ने हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट की जस्टिस लिंडेन ने 83 पेजों के फैसले में कहा कि दाखिले से पहले सभी बच्चों और उनके माता-पिता को बताया जाता है कि इस स्कूल में धार्मिक क्रिया कलापों के लिए कोई जगह नहीं है।

# इजरायल तय करेगा कि ईरान के अचानक हुए हमले का जवाब कैसे देना है: बेंजामिन नेतन्याहू

**येरुशलम, एजेंसी।** अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस समेत कई पश्चिमी देश इजरायल को सलाह दे रहे हैं कि वह ईरान के हमले के जवाब में आगे कार्रवाई न करे। फिर भी इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू कड़ा फैसला लेने के मूड में हैं। उन्होंने बुधवार को इसके संकेत देते हुए कहा कि उनका देश यह तय करेगा कि ईरान के अचानक हुए हमले का जवाब कैसे देना है। इस तरह उन्होंने एक तरह से अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन लगातार कह रहे हैं कि इजरायल को अब युद्ध में नहीं उतरना चाहिए। इसके अलावा उनकी ओर से यह भी कहा गया है कि यदि इजरायल ने अटैक किया तो अमेरिका सक्रिय रूप से हिस्सा नहीं लेगा।

इजरायल पर हमले के बाद से ही पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव की स्थिति है। ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड कैमरून और उनकी जर्मन समकक्ष अन्नालेना बेएरबॉक ने इजरायल का दौरा किया है। इसके अलावा अमेरिका और





बेल्जियम ने ईरान पर प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। लेकिन इजरायल इतने भर से राजी नहीं है। ब्रिटिश और जर्मन मंत्री से बातचीत में नेतन्याहू ने साफ कहा कि अपनी रक्षा करने का अधिकार इजरायल के पास है। इस दौरान ब्रिटेन और जर्मनी के विदेश मंत्रियों ने कई तरह से नेतन्याहू को समझाने की कोशिश की। इसके जवाब में नेतन्याहू ने कहा, आपकी बात सही है, लेकिन इजरायल अपने निर्णय खुद लेगा। हम यह साफ कर देना चाहते हैं। डेविड कैमरून ने मुलाकात के बाद कहा कि हम पूरा जोर दे रहे हैं कि युद्ध अब आगे न बढ़े। इसके लिए हमने अपने मित्र इजरायल को समझाया भी है। हमने इजरायल से कहा कि यह ऐसा वक्त है, जब हमें दिल के साथ ही दिमाग से भी सोचना होगा। जर्मनी की विदेश मंत्री ने कहा कि यह ऐसा समय है, जब सोचना होगा कि ऐसे हालात पैदा न हों कि जिन्हें संभालना ही मुश्किल हो जाए। बता दें कि एक तरफ इजरायल आक्रामक है और ईरान पर जवाबी कार्रवाई के मूड में दिख रहा है तो वहीं ईरान के भी तेवर सख्त हैं। ईरान का कहना है कि यदि इजरायल ने कोई कार्रवाई की तो हम जवाबी हमले में सेकेंड भर की भी देरी नहीं लगाएंगे।

इस बीच ईरान ने बुधवार को अपना आर्मी डे मनाया। इस दौरान तेहरान में उसने हथियारों की परेड निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। इन हथियारों में ड्रोन, लॉन्ग रेंज बलिस्टिक मिसाइल आदि शामिल थे। यही नहीं राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा कि इजरायल कुछ भी कदम उठाएगा तो उसके अंजाम भुगतेगा। हमारा जवाब बेहद तीखा होगा।

## यूक्रेन में रूस ने तेज किए हमले, दागीं तीन मिसाइलें, 17 की मौत

**कीव, एजेंसी।** कीव और मॉस्को संघर्ष के बीच बुधवार को रूस ने यूक्रेन के चेर्निहीव में मिसाइल हमला किया। इस हमले में 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 61 घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि मरने वालों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका है। इन मौतों के लिए उन्होंने यूक्रेन की हवाई सुरक्षा को जिम्मेदार ठहराया है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बयान जारी करते हुए कहा, अगर यूक्रेन के पास पर्याप्त वायु सुरक्षा उपकरण होता तो ऐसे हमले नहीं होते। आतंकवादी, लोगों को तभी मारते हैं, जब कोई उन्हें रोकने में कामयाब होता है और उसका सामना करने के लिए तैयार रहता है।

यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री ईहोर क्लाइमेंको ने कहा कि रूसी गोलाबारी में मारे गए लोगों में एक 25 वर्षीय पुलिस लेफ्टिनेंट भी शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि पड़ोस के घर में एक महिला बीमार होने के कारण छुट्टी पर थी, इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।



**मरने वालों में ज्यादातर युवा :** चेर्निहीव शहर के प्रमुख ओलेकसैंडर लोमाको ने कहा, मैंने स्वयं सड़क पर क्षतिग्रस्त कारों के भीतर खून से लथपथ लोगों के शवों को देखा। मैंने पीड़ितों की जन्मतिथि देखी, मरने वालों में कई युवा भी शामिल थे। उन्होंने आगे कहा कि बचावकर्मी अभी भी मलबे में पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं। लोमाको ने कहा, इस हमले ने यह बता दिया कि यूक्रेन को वायु सुरक्षा उपकरणों की जरूरत है। चेर्निहीव शहर रूस की सीमा पर स्थित है और अक्सर ही यहां के आसमान में मिसाइलों को देखा जाता है। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री ईहोर क्लाइमेंको ने कहा, रूसी गोलाबारी में मारे गए लोगों में एक 25 वर्षीय पुलिस लेफ्टिनेंट भी शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, पड़ोस के घर में एक महिला बीमार होने के कारण छुट्टी पर थी, वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बता दें कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के शुरुआती दौर में रूस ने चेर्निहीव को घेर लिया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूसियों को यहां से खदेड़े जाने और यूक्रेन की वायु सुरक्षा में सुधार के बाद से लोग इस क्षेत्र में वापस लौट आए थे। चेर्निहीव राजधानी कीव से करीब 150 किलोमीटर दूर रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है। इस क्षेत्र की आबादी लगभग 2,50,000 है। बुधवार को रूस ने इस क्षेत्र में तीन मिसाइलें दागीं। सैन्य साजो सामान न मिलने से यूक्रेन अब कमजोर पड़ रहा है। उत्तरी यूक्रेन के चेरनीहीव शहर में हुए इस हमले में 20 अन्य लोग घायल हो गये हैं। इससे पहले मेयर ओलेक्जेंडर लोमाको ने आठ लोगों के मरने और 18 अन्य के घायल होने की जानकारी दी थी।

## कैलिफोर्निया-दोस्तों के हंसने पर छात्र ने कुर्सी पर बैठी शिक्षिका को जड़ा थप्पड़, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सैक्रामेंटो, एजेंसी।** कैलिफोर्निया के एक स्कूल का अजीबो-गरीब वीडियो सामने आया है। जिसमें एक छात्र अपनी शिक्षिका को थप्पड़ मारता दिख रहा है। थप्पड़ के बाद शिक्षिका के यह कहने पर कि उसे इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, छात्र ने उसको एक और थप्पड़ मारकर उसका चश्मा तोड़ दिया। वीडियो वायरल होने के बाद स्कूल प्रशासन सफाई देता घूम रहा है। छात्र पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

गुरू को भगवान मानने वाली पीढ़ी और परंपरा खत्म सी होती जा रही है। इसका ताजा उदाहरण कैलिफोर्निया के पार्कलैंड हाईस्कूल में देखने मिला। जब सोशल मीडिया पर एक छात्र का अपनी शिक्षिका थप्पड़ मारने का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें एक छात्र कुर्सी पर बैठी अपनी शिक्षिका को उठकर थप्पड़ मार देता है। जिस पर शिक्षिका जवाब देती है कि तुम्हें क्या लगता है, इसका मुझ पर फर्क पड़ेगा। इस पर छात्र अपशब्द बोलते हुए कहा कि अगर ऐसा है तो मैं तुम्हें फिर से थप्पड़ मारुं। और छात्र ने शिक्षिका को दूसरा थप्पड़ जड़ दिया। जिससे उसका चश्मा टूट गया। इस पर शिक्षिका ने कहा तुम ये सब गलत कर रहे हो, क्या करना चाहते हो और क्यों? दूसरा थप्पड़ मारने के बाद छात्र ने चिल्लाते हुए कहा कि क्या करोगी? तुम्हारे साथ गलत हो रहा है और तुम यूं ही कुर्सी पर बैठी रहोगी। तुम्हें मैंने दो थप्पड़ मारे क्या कोई तुम्हें बचाने आया।

इस घटना के बाद कक्षा के अन्य छात्र-छात्राएं हंसने लगी। थप्पड़ मारना छात्र ने पहले से ही प्लान किया था, इसलिए उसने अपने एक दोस्त से इसे रिकॉर्ड करने को भी कहा था।

इस घटना के वायरल होने के बाद फोर्थिस शेरिफ कार्यालय की ओर से बयान आया कि छात्र पर सरकारी अधिकारी पर हमला करना, धमकी देना और पहले से अभद्रता के मामले दर्ज किया है। इस घटना के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं स्कूल प्रशासन भी इस घटना के बाद सफाई दे रहा है।

पार्कलैंड हाईस्कूल के प्रधानाचार्य नोएल कीनर ने कहा कि आरोपी छात्र पर अनुशासनात्मक कार्रवाइ की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल में इस प्रकार का वातावरण नहीं है, न ही हम इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त करते हैं। यह वीडियो और घटना बेहद शर्मनाक है। घटना की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि वीडियो स्कूल की छवि खराब करने वाला है। वहीं शेरिफ बॉबी एफ. किम्ब्रू जूनियर ने कहा कि यह घटना बहुत ही शर्मनाक है। छात्र और शिक्षक के पवित्र रिश्ते का अपमान कर रही है, जब हमें ज्ञान देने वालों पर ही हमला हुआ है, और कोई तो सुरक्षित है ही नहीं। हम सभी को चिंतित होना चाहिए और नाराज भी कि नई पीढ़ी और युवा किस ओर जा रहे हैं।

# अमेरिका में विरोध के बीच भारत के साथ व्यापार संबंध सुधरे, जेट इंजन सौदा क्रांतिकारी: अमेरिकी रक्षा मंत्री

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में भारत के साथ व्यापार संबंधों पर लगातार यहां के सांसद आरोप लगा रहे है। कुछ सांसद भारत में गेहूं-चावल पर सब्सिडी का मुद्दा उठा रहे हैं। वहीं, यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि भारत से आयातित झींगा जबरन मजदूरी पर निर्भर करता है और अवैध एंटीबायोटिक दवाओं वाला होता है। हालांकि इस बीच, बाइडन प्रशासन के एक शीर्ष व्यापार अधिकारी ने बुधवार को बताया कि भारत ने 12 विभिन्न श्रेणियों में अमेरिकी कृषि उद्योग के लिए अपना बाजार खोला है।

**21 अरब डॉलर से अधिक की पहुंच हासिल :** अमेरिकी वित्त समिति द्वारा व्यापार पर बुलाई गई सदन की सुनवाई के दौरान सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कैथरीन टाई ने बाइडन प्रशासन के कदमों का बचाव किया। उन्होंने कहा, हम कड़ी मेहनत करने वाले अमेरिकी परिवारों और समुदायों, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण समुदायों के लिए बाजार खोल रहे हैं। हमारे प्रशासन ने पिछले तीन साल में नए कृषि बाजार तक 21 अरब डॉलर से अधिक की पहुंच हासिल की है।

**देश भर के किसानों को लाभ होगा :** टाई ने आगे कहा, उदाहरण के लिए अमेरिका और भारत द्वारा डब्ल्यूटीओ के सात विवाद समाप्त किए



जाने के बाद भारत कई अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क हटाने पर सहमत हुआ था। इसका मतलब है कि छोले, दाल, बादाम, अखरोट और सेब की बेहतर पहुंच से मिशिगन, ओरेगन, कैलिफोर्निया और वाशिंगटन सहित हमारे देश भर के किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि टर्की, बतख, ब्लूबेरी और क्रैनबेरी के लिए अधिक बाजार पहुंच से उत्तरी कैरोलिना, पेंसिल्वेनिया, वर्जीनिया, मैसाचुसेट्स और मिनेसोटा के किसानों को फायदा होगा। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बुधवार को सांसदों को बताया कि भारतीय वायु सेना के लिए संयुक्त रूप से लड़ाकू जेट इंजन बनाने का भारत-अमेरिका समझौता क्रांतिकारी है। उन्होंने भारत-अमेरिका समझौता के बारे में एलान करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक सौदे की घोषणा पिछले जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक आधिकारिक यात्रा के दौरान की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारतीय वायुसेना के लिए लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ऑस्टिन ने सदन विनियोग उपसमिति को बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि हमने हाल ही में भारत को जेट हथियार, भारत में जेट इंजन का उत्पादन करने में सक्षम बनाया है और यह एक तरह से क्रांतिकारी है। इससे भारत की क्षमता बढ़ेगी। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि हम भारत के साथ एक बख्तरबंद वाहन का सह-उत्पादन भी कर रहे हैं। इसलिए, पूरे समझौते को समग्रता में देखने पर हमें पता चलता है कि इस समझौते के कारण भारत और अमेरिका का रिश्ता कहीं अधिक और अच्छा होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गुलाम नबी आजाद का यू-टर्न, अनंतनाग सीट से वापस लिया नाम; नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव



**अनंतनाग, एजेंसी।** दिग्गज राजनेता गुलाम नबी आजाद ने इस बार लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। उनकी पार्टी डीपीएपी (डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी) ने अनंतनाग-राजौरी सीट से उन्हें उम्मीदवार बनाया था। मगर अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को अनंतनाग में एक बैठक में यह घोषणा की। 2 अप्रैल को पूर्व केंद्रीय मंत्री आजाद को अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकित किया गया था। इससे पहले आजाद की पार्टी के प्रवक्ता सलमान निजामी ने उनके चुनाव लड़ने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया था। इस पोस्ट में निजामी ने लिखा, डीपीएपी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद साहब अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह निर्णय की डीपीएपी कार्य समिति की बैठक में किया गया। डीपीएपी के उम्मीदवार के रूप में आजाद का मुकाबला पीडीपी की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अनुभवी नेता मियां अल्ताफ अहमद से होना था। बताते चलें कि नेशनल कॉन्फ्रेंस इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। इंडिया गठबंधन के घटक दलों में कांग्रेस भी शामिल है, जिसका पहले गुमला नबी आजाद हिस्सा रह चुके हैं। आजाद का यू-टर्न उनके उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा बहाल करने और यहां के निवासियों की भूमि और नौकरी के अधिकारों की सुरक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि लोकसभा चुनाव लड़ने के उनके पास कई कारण हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर के लोगों की नौकरियों और जमीन की सुरक्षा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बेकाबू हुई मर्सिडीज कार, फ्लाईओवर से नीचे गिरी, एयरबैग खुलने से बची 4 जानें



**हमीरपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह जबलपुर से दिल्ली जा रही मर्सिडीज कार फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। इस हादसे में चार युवक घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। कार के एयरबैग खुलने से युवकों की जान बच गई। राठ कोतवाली क्षेत्र के जखेड़ी गांव के सुबह करीब छह बजे दिल्ली की ओर जा रही मर्सिडीज कार जखेड़ी गांव के पास फ्लाईओवर से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। कार के अनियंत्रित होते ही उसके एयरबैग खुल गए। इससे कार सवार युवकों की जान बच गई। हालांकि फिर भी उन्हें काफी चोटे आई हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सुबह सात बजे सीएचसी राठ लाया गया। घायलों में 25 वर्षीय नरेश, गुड़गांव के साथ दिल्ली के रहने वाले सुमित, चौधरी अब्दुल मुनाफ, मंजीत सिंह शामिल हैं। चारों युवक जबलपुर से दिल्ली जा रहे थे।

### इश्क में नाकाम आशिक जान दे तो महिला को नहीं मान सकते दोषी- दिल्ली हाईकोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रेम संबंधों को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। एक मामले की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने कहा है कि अगर प्रेम असफल होने पर युवक आत्महत्या करता है, तो महिला को इसका दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। मृतक ने सुसाइड नोट भी छोड़ा था, जिसमे महिला के साथ-साथ एक अन्य व्यक्ति को भी जिम्मेदार बताया गया था। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, हाईकोर्ट में सुनवाई कर रहे जस्टिस अमित महाजन ने कहा कि अगर कोई कमजोर मानसिकता वाला व्यक्ति ऐसा कदम उठाता है, तो उसके लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा, अगर एक प्रेमी प्यार के असफल होने पर आत्महत्या करता है, एक छात्र परीक्षा में खराब प्रदर्शन के लिए आत्महत्या करता है, केस खारिज होने के बाद अगर कोई क्लाइंट सुसाइड करता है, तो महिला, पर्यवेक्षक, वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं मान सकते। उन्होंने कहा, कमजोर मानसिकता वाले व्यक्ति की तरफ से लिए गए फैसले के लिए दूसरे व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं बता सकते। अदालत ने महिला और एक अन्य पुरुष को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में अग्रमि जमानत दे दी है। मृतक के पिता की तरफ से की गई शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। आवेदक महिला सुसाइड करने वाले शख्स के साथ प्रेम संबंध में थी। जबकि, दूसरा आवेदक उनका कॉमन फ्रैंड था। आरोप थे कि आवेदकों ने मृतक को यह कहकर उकसाया था कि उन्होंने शारीरिक संबंध बनाए हैं और जल्दी एक-दूसरे से शादी करने वाले हैं। कोर्ट ने कहा वाटसअप चैट्स से प्रथम द्रष्टया पता चलता है कि मृतक संवेदनशील स्वभाव का था। आगे कहा कि जब भी महिला बात करने से मना करती थी, तब वह उसे आत्महत्या की धमकी देकर डराता था। कोर्ट ने यह भी कहा कि कथित सुसाइड नोट के तथ्य को ट्रायल के दौरान देखा जाएगा।

# सीएम धामी को पूरा भरोसा- उत्तराखंड लोस चुनाव 2024 में भाजपा को पूर्ण बहुमत



**हल्द्वानी, एजेंसी।** उत्तराखंड लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार का बुधवार को आखिरी दिन था। भाजपा के स्टार प्रचारक एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हल्द्वानी में रोड शो कर भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाने की अपील की। इस दौरान पशु चिकित्सालय से लेकर तिकोनिया चौराहे तक रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक मौजूद रहे। बुधवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे मुख्यमंत्री धामी का काफिला कालाढूंगी रोड स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के पास पहुंचा। यहां भाजपा समर्थक बड़ी संख्या में उनका इंतजार कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 3:08 बजे रोड शो शुरू किया। पशु चिकित्सालय से शुरू हुआ रोड शो कालूसिद्ध मंदिर होते हुए नैनीताल रोड स्थित तिकोनिया चौराहे पर शाम 4:34 बजे समाप्त हुआ। रोड शो के दौरान सीएम धामी ने हल्द्वानी की जनता से भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाने की अपील की। साथ ही युवाओं को भी साधने का प्रयास किया। तिकोनिया चौराहे पर मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में हल्द्वानी के लोगों से रिकॉर्ड मतदान और रिकॉर्ड जीत दिलाने का आश्वासन लिया।

**गुरुद्वारे के सामने पहना पटका, कालूसिद्ध मंदिर पर रुकवाया वाहन :** रोड शो शुरू होने के बाद भाजपा समर्थकों ने जगह-जगह मुख्यमंत्री धामी का सम्मान और स्वागत किया। इस दौरान गुरुद्वारा चार साहिबजादे के सामने सिख समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री को पटका पहनाकर सम्मानित किया। तो वहीं जब रोड शो कालूसिद्ध मंदिर पर पहुंचा तो सीएम ने खुद वाहन रुकवाकर मंदिर में दर्शन किए। जब काफिला रवाना हुआ तो एसडीएम कोर्ट के पास मुस्लिम महिलाओं ने सीएए का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री का शुक्रिया अदा करते हुए उन पर पुष्प वर्षा की। इसके बाद तिकोनिया चौराहे के पास भाजपा महिला मोर्चा ने माला पहनाकर और पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

**काफिले के आगे लोकनृत्य की प्रस्तुति :** मुख्यमंत्री धामी के रोड शो में केवल राजनैतिक और भाजपा समर्थक ही नहीं थे। लोक संस्कृति की छवि भी बखूबी प्रस्तुत की गई। एक तरफ लोक नृत्य छोलिया की प्रस्तुति देते हुए कलाकार काफिले के साथ बढ़ रहे थे, वहीं स्कूली छात्राओं का एक समूह सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए रोड शो में शामिल रहा।

**सीएम ने श्रमिकों पर बरसाए फूल :** रोड शो में जहां सीएम धामी को लोग फूल मालाएं पहना रहे थे, वहीं सीएम ने अभिवादन स्वीकार करते हुए लोगों पर फूल बरसाए। इसी बीच जेल तिराहे के पास एक निर्माणाधीन भवन की छत पर बैठे मजदूरों ने जब हाथ जोड़कर सीएम धामी का अभिवादन किया तो धामी ने प्रत्युत्तर में उन श्रमिकों पर पुष्प वर्षा की।

**रूट डायवर्जन कर निकाला रोड शो :** रोड शो के चलते पुलिस ने एक दिन पहले मंगलवार को ही रूट डायवर्जन चार्ट जारी कर दिया था। रोड शो शुरू होने से 20 मिनट पहले ही कालाढूंगी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रही। जाम की दिक्कत पैदा न हो, इसके लिए डायवर्ट रूट से वाहनों की आवाजाही कराई गई।

**योजनाओं की तख्तियां लेकर पहुंचे समर्थक :** रोड शो में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवक-युवतियों और बुजुर्गों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जहां लोगों के हाथ में धाकड़ धामी लिखी तख्तियां भी थीं। वहीं महिलाओं के हाथों में आवास योजना, गैस कनेक्शन योजना, राशन योजना, सीएए लागू करने और जमरानी बांध की स्वीकृति दिलाने का धन्यवाद लिखी तख्तियां थीं।

**भाजपा के रंग की साड़ियों में दिखीं कई महिलाएं :** भाजपा समर्थित कुछ महिला समर्थक भाजपा के झंडे के रंग वाली साड़ी में दिखाई दीं। हाथ में भाजपा का झंडा और सिर पर टोपी और साफे के साथ ही भाजपा को लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने का जोश और संकल्प साफ नजर आ रहा था। मुख्यमंत्री धामी के रोड शो में सुरक्षा व्यवस्था के चलते जिले के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैद रहे। इनके अलावा दूसरे राज्यों से आई फोर्स पंजाब पुलिस, दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी तैनात किया गया था।

## एयरड्रॉप परीक्षण 24 अप्रैल को होगा, इस परीक्षण के बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे- इसरो चेयरमैन



**बेंगलुरु, एजेंसी।** इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अगले सप्ताह अपने गगनयान मिशन के तहत एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने घोषणा की कि 2024 भारत के प्रतिष्ठित पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान का वर्ष होगा। एजेंसी ने कहा कि वह अगले सप्ताह द्वितीय मानव रहित मिशन, एक परीक्षण वाहन उड़ान मिशन और एक एयरड्रॉप का परीक्षण करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसरो चेयरमैन ने बुधवार को अहमदाबाद में एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, एयरड्रॉप परीक्षण 24 अप्रैल को होगा। इस परीक्षण के बाद दो और मानव रहित मिशन होंगे, जो अगले वर्ष होंगे। उन्होंने कहा, अगर सब कुछ ठीक रहा, तो अगले साल के अंत तक मानवयुक्त मिशन को अंजाम दिया जाएगा। तृतीय चंद्र मिशन चंद्रयान-3 की सफलता से उत्साहित (जब भारत चंद्रमा के अब तक अज्ञात दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर उतरने वाला पहला देश बन गया और पहला सूर्य मिशन आदित्य-एल1 जो लैग्रेंज प्वाइंट (एल1) की हेलो कक्षा में पहुंचा। सबसे गर्म ग्रह के बाहरी वातावरण का व्यापक अध्ययन करने के लिए) इसरो गगनयान मिशन की द्वितीय परीक्षण उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। इसरो ने कहा कि उसके सौर वेधशाला अंतरिक्ष यान, आदित्य-एल1 का हेलो-ऑर्बिट इंसर्शन (एचओआई) 06 जनवरी, 2024 को पूरा किया गया था। आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान की कक्षा एक आवधिक हेलो कक्षा है, जो पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित है। यह हेलो कक्षा एल-1 पर एक आवधिक, त्रि-आयामी कक्षा है जिसमें सूर्य, पृथ्वी और एक अंतरिक्ष यान शामिल है। इस विशिष्ट प्रभामंडल कक्षा को पांच वर्षों के मिशन जीवनकाल को सुनिश्चित करने, स्टेशन-कीपिंग युद्धाभ्यास को कम करने और इस प्रकार ईंधन की खपत को कम करने और सूर्य के निरंतर, अबाधित दृश्य को सुनिश्चित करने के लिए चुना गया है।

## किराने की दुकानों पर भी मिलेंगी सर्दी-जुकाम की दवाएं, सरकार ले सकती है बड़ा फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्दी, जुकाम और बुखार में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं को जनरल स्टोर्स पर भी मुहैया कराए जाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, अब तक इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि ओटीसी यानी ओवर द काउंटर दवाओं की नीति पर काम कर रही समिति इस सुझाव पर विचार कर रही है। अब तक अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है, अमेरिका जैसे कई देशों में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली दवाएं किराने की दुकानों पर भी उपलब्ध होती हैं। भारत की ओटीसीनीति पर काम कर रहे कुछ एक्सपर्ट्स की तरफ से एक सुझाव भी आया है, जिसमें यहां भी ऐसी व्यवस्था शुरू करने की बात की गई है, ताकि ग्रामीण इलाकों में पहुंच बेहतर हो सके। हालांकि, अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। दरअसलओटीसी उन दवाओं को माना जाता है जो बगैर डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बेची जा सकती हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में दवाओं को लेकर दिशानिर्देश एकदम स्पष्ट हैं। फरवरी में ही स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक अतुल गोयल की तरफ से एक्सपर्ट्स की एक कमेटी गठित की गई थी, जिसे भारत की ओटीसी ड्रग नीति तैयार करने का काम सौंपा गया था।

# 70 सालों में पहली बार आज पढ़ा-लिखा युवा सबसे ज्यादा बेरोजगार है, महंगाई अपने चरम पर है: सचिन पायलट



**हल्द्वानी, एजेंसी।** कांग्रेस के स्टार प्रचारक एवं राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा को अपने लिए 15 साल चाहिए और दिन रात मेहनत कर देश की रक्षा के लिए जान देने की चाहत रखने वाले युवा को अग्निवीर बनाकर 4 साल में घर भेज देना चाहती है। इसलिए सभी और खासकर युवाओं को इस बार सोच समझ कर वोट करना होगा। हल्द्वानी के रामलीला मैदान में बुधवार को हुई जनसभा ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने अग्निवीर योजना पर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरा। कहा कि यह चुनाव देश की तकदीर तय करेगा। आमजन को खुद सोचना होगा कि पिछले 10 साल में भाजपा ने अपना कौन सा वादा पूरा किया है। बोले, 70 सालों में पहली बार आज पढ़ा-लिखा युवा सबसे ज्यादा बेरोजगार है, महंगाई अपने चरम पर है। भाजपा सरकार ने कहा था हर साल 2 करोड़ रोजगार देगी, कालाधन लाकर 15-15 लाख दिए जाएंगे। किसानों से एमएसपी का वादा भी किया और कोई भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा दस साल का हिसाब नहीं देना चाहती है और 2047 तक की बात कर रही है। अपनी हर नकामी को छुपाने के लिए नेहरू और मनमोहन सिंह का नाम लेती है। भाजपा सरकार ऐसी नीतियां बनाती है, जिससे चंद गिने चुने लोगों को फायदा हो रहा है। इलेक्टोरल बॉन्ड ने बता दिया कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत कहने वाली भाजपा सरकार चंदा दो ठेका लो पर उतर आई है। पायलट अपने 15 मिनट के भाषण में विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा पर हमलावर रहे। इसके बाद उन्होंने हल्द्वानी के लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को वोट देने की अपील करते हुए राजस्थानी अंदाज में राम राम सा कहकर अपनी बात समाप्त की। 400 सीटें होने के बावजूद कभी नहीं कहा विपक्ष मुक्त भारत स्टार प्रचारक सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस का 140 साल का इतिहास है। उसके नेतृत्व में देश को आजादी मिली और कई सारे ऐसे संस्थान मिले जो देश की रीढ़ हैं। कांग्रेस को 1984 के आम चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें मिली, लेकिन कभी भी नेतृत्व ने विपक्ष मुक्त भारत की बात नहीं कही। बोले, अब भाजपा सरकार ने देश के संस्थानों को खोखला कर दिया है। इसका जवाब जनता को देना ही होगी।

**सरकार एजेंसियों का दुरुउपयोग कर रही भाजपा :** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा सरकार देश की सरकारी एजेंसियों का दुरुउपयोग कर रही है। भाजपा को हार का डर सता रहा है। इससे वह चुने गए मुख्यमंत्रियों को जेल भेजने में लगी है, लेकिन देश की जनता यह सब समझ रही है। कहा, प्रतिशोध से काम लेने वाली भाजपा सरकार लोगों को धर्म जाति के नाम पर लड़ाना चाहती है। जबकि कांग्रेस मिलजुल कर रहने की बात करती है। पायलट ने कहा भाजपा सरकार से उसके काम का हिसाब नहीं लिया जा सकता है। सवाल पूछो तो वह जवाब नहीं देते और संसद में वह बोलने नहीं देते हैं। एक दिन में 147 सांसदों को निलंबित कर दिया और कानून पास कर दिया। ऐसा देश के इतिहास में कभी नहीं हुआ। कांग्रेस के स्टार प्रचारक सचिन पायलट ने कहा कि जाति, धर्म, बिरादरी, लिंग से परे हटकर 140 साल पुरानी पार्टी को वोट दें।

## राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला विरासत में मिली राजनीतिक विरासत का आनंद ले रहे हैं : गुलाम नबी आजाद



**उधमपुर, एजेंसी।** पूर्व दिग्गज कांग्रेसी और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने बड़ा दावा किया है कि राहुल गांधी भाजपा शासित राज्य से लोकसभा चुनाव लड़ने से झिझक रहे हैं। उन्होंने अपनी पुरानी पार्टी के उस दावे का भी खंडन किया जिसमें कहा जा रहा है कि राहुल बहादुरी से भाजपा का मुकाबला चुनावी मैदान में कर रहे हैं। इतना ही नहीं, आजाद ने अपने पूर्व अध्यक्ष को चम्मच से खिलाया हुआ बच्चा करार दिया है। गुलाम नबी आजाद ने आगे आरोप लगाया कि राहुल गांधी उस राज्य में शरण लेना चाहते हैं जहां अल्पसंख्यकों की आबादी अधिक है। उन्होंने राहुल गांधी और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर कटाक्ष करते हुए दोनों को चम्मच से दूध पीने वाला बच्चा बताया। आजाद ने कहबा कि दोनों ने अपने दम पर कुछ नहीं किया है। गुलाम नबी आजाद ने कहा, राहुल गांधी भाजपा शासित राज्यों में चुनाव लड़ने से क्यों हिचकिचा रहे हैं? वह भाजपा से लड़ने का दावा करते हैं, लेकिन उनकी हरकतें कुछ और ही संकेत देती हैं। भाजपा शासित राज्यों से क्यों भागे और अल्पसंख्यक बहुल राज्यों में क्यों शरण ली? आपको बता दें कि वह उधमपुर लोकसभा सीट के संगलदान और उखराल इलाकों में रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केरल जैसे राज्यों में सुरक्षित सीटों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाते हुए जमीन पर भाजपा से लड़ने की कांग्रेस और राहुल गांधी की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। नेहरू-गांधी परिवार के करीबी रहे गुलाम नबी आजाद ने कहा कि राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला राजनेता नहीं बल्कि चम्मच से दूध पीने वाले बच्चे हैं। आजाद ने कहा, उन्होंने जीवन में कोई व्यक्तिगत बलिदान नहीं दिया है और वे केवल इंदिरा गांधी और शेख अब्दुल्ला जैसी हस्तियों से विरासत में मिली राजनीतिक विरासत का आनंद ले रहे हैं। दोनों ने अपनी ओर से कुछ नहीं किया है। अब्दुल्ला चिनाब घाटी में डीपीएपी के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं, बीजेपी के खिलाफ नहीं। उन्हें धर्मनिरपेक्ष वोटों को विभाजित करने का काम सौंपा गया है। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया।

## जो मोदी-योगी को अपना नहीं मानते, वे गद्दार हैं : सांसद महेश शर्मा



**गौतमबुद्ध नगर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर सभी पार्टियां अपनी ताकत झोंक रही हैं। एक-दूसरे पर जमकर जुबानी तीर चलाए जा रहे हैं। हालांकि चुनावी बयानबाजी के दौरान माननीयों के मुंह से कई बार ऐसे शब्द निकल जाते हैं, जो विवाद खड़ा कर देते हैं। ऐसा ही कुछ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के गौतमबुद्ध नगर से सांसद महेश शर्मा ने किया है। मंच से एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने ऐसा कुछ बोला जो अब वायरल हो रहा है। कांग्रेस ने इस पर चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग की है। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से पहले महेश शर्मा ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि जो लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना नहीं मानते, वे गद्दार हैं। बुलंदशहर में एक चुनावी रैली के दौरान शर्मा ने कहा, जो लोग मोदी और योगी को अपना नहीं समझते, वे अपने बाप को भी अपना नहीं समझेंगे। अगर कोई कहता है कि वह मोदी-योगी से बढ़कर आपका अपना है, तो वह इस देश का गद्दार है। वह व्यक्ति देश या राज्य का कल्याण नहीं चाहता है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यह शर्मा ने यह टिप्पणी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक विशेष समुदाय को निशाना बनाते हुए की है। 12 अप्रैल को भाषण का एक वीडियो समाचार एजेंसी ने शेयर किया था, लेकिन बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर इसे व्यापक रूप से प्रसारित किया गया। एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने चुनाव आयोग से कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने लिखा, प्रिय चुनाव आयोग, वक्त आ गया है ये तय करने का कि आप किसके हैं? बीजेपी एमपी महेश शर्मा ने वोटर्स को धमकी देते हुए कहा है कि भारत का हर एक नागरिक जो मोदी-योगी को अपना नही समझता (यानि वोट नही देता) वो अपने बाप को भी अपना बाप नही समझता। अगर निष्पक्ष है तो कार्यवाही कीजिये, नही तो महेश शर्मा के मुताबिक आप मोदी के ही है। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के चुनाव के लिए बुधवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व उन्होंने अपनी माता का आशीर्वाद लिया और सेक्टर-19 में सनातन धर्म मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# पहले चरण में केंद्रीय नेता दूर रहे, गहलोत-पायलट ने संभाली प्रचार की कमान



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में पहले चरण के तहत प्रदेश की 12 लोकसभा सीटों के लिए कल 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय स्टार प्रचारकों ने अंतिम दिन प्रचार में पूरी ताकत लगाई। लेकिन, दोनों ही दलों में अन्य राज्यों के कई ऐसे भी स्टार प्रचारक रहे, जिनकी राजस्थान से दूरी बनी रही। ये 24 स्टार प्रचारक प्रचार के लिए नहीं आए। इनमें बड़े नेता भी है, जिनकी कई लोकसभा क्षेत्रों में मांग रही। कांग्रेस में गहलोत और पायलट ने ही प्रचार की कमान संभाली। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिा गांधी के अलाव कांग्रेस का कोई भी स्टार प्रचारक राजस्थान नहीं आया। जातिगत समीकरणों के लिहाज से प्रदेश संगठनों ने इनमें से कई स्टार प्रचारकों की जरूरत भी जताई, लेकिन इनके दौरे तय नहीं हो पाए। इनमें कांग्रेस के 14 और भाजपा के 10 केंद्रीय स्टार प्रचारक शामिल है। इनके अलावा प्रदेश के भी कई स्टार प्रचारक प्रत्याशी हैं, जो अपनी सीट से ही नहीं निकल पाए। इनमें भाजपा के छह और कांग्रेस का एक स्टार प्रचारक है। कांग्रेस के केंद्रीय नेता राजस्थान में प्रचार से दूर रहे। इसके पीछे बड़ी वजह धन की कमी बताया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव से पहले मोदी सरकार ने पार्टी के खाते फ्रीज कर दिए। इस वजह से पार्टी के पास धन की कमी है। केंद्रीय नेताओं को राज्यों में भेजने लायक भी पैसा पार्टी के पास नहीं है। ऐसे में पार्टी के स्टार प्रचारक राजस्थान से दूर रहे। हालांकि, स्टार प्रचारकों की सूची में गहलोत-पायलट पर ही पार्टी ने ज्यादा भरोसा जताया। राजस्थान में कांग्रेस का प्रचार इन दोनों नेताओं के इर्द-गिर्द रहा है।

**भाजपा के 10 केन्द्रीय स्टार प्रचारक नहीं आए :** केन्द्रीय मंत्री नीतिन गड़करी, गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, देवेन्द्र फडणवीस, केशव प्रसाद मौर्य, संजीव बालियान, कृष्णपाल सिंह गुर्जर, मनोज तिवारी, पुरुषोत्तम रूपाला पहले चरण के प्रचार में नहीं आए। भाजपा के प्रदेश संगठन के अनुसार स्टार प्रचारकों के दौरे केन्द्रीय नेतृत्व स्तर पर तय होते हैं। जो स्टार प्रचारक अभी तक नहीं आए, वे दूसरे चरण में प्रचार करेंगे। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा भी केवल एक बार राजस्थान आए। वे प्रत्याशी दुष्यंत सिंह की सभा में शामिल हुए थे। कांग्रेस के इन स्टार प्रचारकों की नहीं हुई एक भी सभा कांग्रेस के जिन स्टार प्रचारकों की प्रदेश में एक भी सभा नहीं हो पाई है। उनमें रजनी पाटिल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, मुकुल वासनिक, सुखविंदर सिंह सुक्खू, रणदीप सिंह सुरजेवाला, प्रमोद तिवारी, चरणजीत सिंह चन्नी, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, इमरान प्रतापगढ़ी, कन्हैया कुमार, पवन खेड़ा, अलका लांबा, बीवी श्री निवास और वरुण चौधरी हैं। विधानसभा चुनाव में शेखावाटी अंचल के सीकर और झुंझुनूं में कांग्रेस के सर्वाधिक विधायक जीतकर आए। इन लोकसभा सीटों में कांग्रेस के 16 विधायक हैं, इसके बावजूद यहां कहीं भी किसी केंद्रीय स्टार के दौरे नहीं हुए।

संक्षिप्त समाचार

## गुजरात के खिलाफ मैच के दौरान कुलदीप ने खोया आपा

### साथी खिलाड़ी पर चिल्लाए

**अहमदाबाद , एजेंसी।** इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए लो स्कोरिंग मैच में दिल्ली ने जीत दर्ज की। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से करारी शिकस्त देकर अंक तालिका में छठा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, गुजरात



की टीम सातवें स्थान पर पहुंच गई है। मैच के दौरान हालांकि दिल्ली के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव अपना आपा खो बैठे और साथी खिलाड़ी मुकेश कुमार पर चिल्लाते नजर आए। हालांकि टीम के कप्तान ऋषभ पंत इस दौरान कुलदीप को शांत कराते नजर आए। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**दिल्ली के गेंदबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन-** इस मैच में दिल्ली के गेंदबाजों ने घातक प्रदर्शन किया और 89 रन के स्कोर पर गुजरात को ऑलआउट कर दिया। इसके जवाब में दिल्ली ने 67 गेंदों के शेष रहते हुए छह विकेट से लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात के बल्लेबाज दिल्ली के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए और नंबर आठ पर उतरे राशिद खान के अलावा कोई भी बल्लेबाज 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट लिए, जबकि खलील अहमद और अक्षर पटेल को एक-एक विकेट मिला।

## टी20 विश्व कप में ऋषभ पंत को भारत का विकेटकीपर-बल्लेबाज होना चाहिए: ब्रॉड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024 टी20 विश्व कप टीम के लिए टीमों का ऐलान होने की आखिरी तारीख से पहले इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के दौरान अच्छा प्रदर्शन कर रहे कई युवा और सीनियर भारतीय खिलाड़ियों के नाम चर्चा का विषय बने हुए हैं. उनमें से एक है विकेटकीपर-बल्लेबाज



ऋषभ पंत हैं. दिसंबर 2022 में एक घातक कार दुर्घटना के बाद 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने इस साल आईपीएल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की. पंत ने डीसी के पहले छह मैचों में 157.72 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए जिसमें दो अर्धशतक बनाए हैं. पंत के प्रदर्शन को देखते हुए इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि जब टीम जून में टी20 विश्व कप में वापसी करेगी तो पंत को भारत का विकेटकीपर-बल्लेबाज होना चाहिए. ब्रॉड ने कहा कि सीज़न शुरू होने पर उन्हें पंत की फिटनेस पर संदेह था, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाज के एक स्पेशल शॉट को देखने के बाद ये खत्म हो गया. ब्रॉड ने बताया, भारतीय टीम के चयन को लेकर थोड़ा विवाद है. उस टीम में आपके कुछ खिलाड़ी लंबित हैं।

# मैं किसी से नहीं मिला: रोहित शर्मा

### टी-20 वर्ल्ड कप: रोहित शर्मा ने खारिज की टीम चयन को लेकर बैठक की खबरें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई थी कि कुछ दिनों पहले टी20 विश्व कप की टीम के चयन को लेकर भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने एक मीटिंग की थी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ टी20 विश्व कप के रोडमैप को लेकर चल रही खबरों को खारिज कर दिया है। हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई थी कि कुछ दिनों पहले टी20 विश्व कप की टीम के चयन को लेकर भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने एक मीटिंग की थी। टी20 विश्व कप का आयोजन आईपीएल 2024 सीजन के बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होना है।



### दो मुख्य मुद्दों को लेकर हुई थी चर्चा

मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि रोहित, अगरकर और द्रविड़ के बीच बैठक के दौरान दो मुख्य मुद्दों को लेकर चर्चा हुई थी। पहली यह कि हार्दिक पांड्या को टी20 विश्व कप टीम में जगह पुख्ता करने के लिए आईपीएल में अधिक गेंदबाजी करनी होगी। वहीं, विराट कोहली को रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग के तौर पर उतारने को लेकर भी चर्चा की गई थी। इन रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा था कि चयनकर्ता रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली को ओपनिंग कराने पर भी विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति कोहली को बतौर ओपनर टीम में शामिल करना चाहती है। इसको लेकर मीटिंग में काफी देर तक चर्चा हुई।

### रोहित ने इन रिपोर्ट्स को बताया फेक न्यूज

रोहित शर्मा ने हालांकि ऐसी किसी भी बैठक से इनकार किया है और उन्होंने इन रिपोर्ट्स को फेक न्यूज करार दिया है। रोहित ने बताया कि उनकी किसी से भी मुलाकात नहीं हुई है। रोहित ने साथ ही फैंस को तब तक ऐसी किसी खबर से बचने के लिए कहा जब तक कि इस बारे में वे उनसे, अगरकर या बीसीसीआई से कोई आधिकारिक बयान ना सुन लें। रोहित ने माइकल वॉन और एडम गिलक्रिस्ट के साथ एक पॉडकास्ट में कहा, मैं किसी से भी नहीं मिला। अजित अगरकर दुबई में कहीं हैं और गोल्फ खेल रहे हैं। द्रविड़ बेंगलुरु में अपने बच्चों को खेलते हुए देख रहे हैं। द्रविड़ मुंबई आए थे, लेकिन वह बस अपने बेटे को सीसीआई में लाल मिट्टी की विकेट पर खिलाने लाए थे।

### कोहली और हार्दिक पर रखी जा रही है निगरानी

आशा की जा रही है कि बीसीसीआई कुछ ही सप्ताह में टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित करेगा। खिलाड़ियों के लिए इस लिहाज से सभी आईपीएल मुकाबले काफी महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं और इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होने के कई दावेदार हैं। एक महीने पहले तक कोहली के 15 सदस्यीय टीम में शामिल होने को लेकर भी सवाल उठ रहे थे।

### कोहली को लेकर लंबे समय से चल रहा है संशय

टी20 विश्व कप के लिए टीम में कोहली के स्थान को लेकर पिछले काफी समय से चर्चा हो रही है। आईपीएल शुरू होने से पहले कुछ रिपोर्ट्स में यह बात भी सामने आई थी कि अगरकर उन्हें टीम से बाहर करने पर विचार कर रहे हैं और उन्हें किसी युवा खिलाड़ी के लिए अपना स्थान खाली करने को बोल रहे हैं।

चामरी अट्टापट्टू ने बेहतरीन पारी खेल श्रीलंका को दिलाई ऐतिहासिक जीत

# टूटे कई रिकॉर्ड



**पोचेफस्ट्रूम, एजेंसी।** श्रीलंका की महिला टीम की कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में 195 रनों की रिकॉर्ड पारी खेल टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। चामरी की इस रिकॉर्ड पारी की मदद से श्रीलंका ने महिला वनडे इतिहास का सबसे सफल रन रेज किया। चामरी की पारी के दम पर श्रीलंका ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर की।

**महिला वनडे में 300 से ज्यादा का लक्ष्य चेज करने वाली पहली टीम बनी श्रीलंका-** श्रीलंका की टीम महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में 300 से अधिक रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल करने वाली पहली टीम बन गई है। उसने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया का 12 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 289 रनों का लक्ष्य प्राप्त किया था। इससे पहले महिला वनडे क्रिकेट में सबसे सफल लक्ष्य प्राप्त का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम ही था।

### वोलवार्ट की पारी से दक्षिण अफ्रीका ने दिया था मजबूत लक्ष्य

इससे पहले, श्रीलंका की कप्तान चामरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ट ने 147 गेंदों पर 23 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 184 रनों की पारी खेली। महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में यह किसी खिलाड़ी का पांचवां निजी सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। दक्षिण अफ्रीका ने वोलवार्ट की पारी के दम पर 50 ओवर में पांच विकेट पर 301 रन बनाए। हालांकि, चामरी की पारी वोलवार्ट पर भारी पड़ गई। चामरी ने 139 गेंदों की अपनी पारी में 26 चौके और पांच छक्के जड़े और उनकी कप्तानी पारी के दम पर ही श्रीलंका ने 44.3 ओवर में ही चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

### चेज करते हुए दूसरा सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर

श्रीलंका कप्तान चामरी के नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वह पुरुष और महिला वनडे क्रिकेट इतिहास में चेज करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2011 में 185* रनों की पारी खेली थी। उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल हैं जिन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ चेज करते हुए नाबाद 201 रन बनाए थे। चामरी महिला क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं, उन्होंने इस मामले में मेग लैनिंग को पीछा छोड़ा जिन्होंने नाबाद 152 रन बनाए थे।

### पहली बार दोनों कप्तानों के बल्ले से निकले 175+ रन

यह पहला मौका है जब वनडे क्रिकेट में एक ही मैच में दोनों टीमों के कप्तानों के बल्ले से 175 से ज्यादा रन निकले हैं। इस मैच में वोलवार्ट ने नाबाद 184 रन और अट्टापट्टू ने नाबाद 195 रनों की पारी खेली। दोनों खिलाड़ियों ने मिलाकर कुल 379 रन बनाए जो वनडे क्रिकेट में कप्तानों द्वारा सर्वाधिक कुल स्कोर है। इस मामले में चामरी और वोलवार्ट ने विराट कोहली और एंजेलो मैथ्यूज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2014 में मिलकर 278 रन बनाए थे। उस मैच में विराट कोहली ने नाबाद 139 रन बनाए थे, जबकि मैथ्यूज के बल्ले से भी इतने ही रन निकले थे।

**एक से अधिक बार 175+ रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं-** चामरी ऐसी पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने महिला वनडे क्रिकेट में एक से अधिक बार 175 से ज्यादा स्कोर बनाया है।



# धोनी अगले साल का आईपीएल भी खेल सकते हैं

### कमेंटरी के दौरान एंकर के सवाल पर रैना ने किया दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुरेश रैना धोनी के साथ टीम इंडिया और आईपीएल में चेन्नई के लिए खेल चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी अगले आईपीएल में भी खेल सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने जियो सिनेमा के एक कार्यक्रम में यह दावा किया है। 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ धोनी ने वानखेड़े स्टेडियम तीन छक्के लगाए थे। इस मैच के बाद हुए डिस्कशन प्रोग्राम में एंकर ने धोनी के आगे खेलने पर सवाल किया था। एंकर ने सबसे पहले सवाल कार्यक्रम में मौजूद पूर्व फास्ट बॉलर आरपी सिंह से यह सवाल किया था। इस पर सिंह ने कहा- इसका बेहतर जवाब रैना दे पाएंगे। धोनी और रैना आईपीएल में भी चेन्नई के लिए एक साथ खेल चुके हैं।

**धोनी की रिटायरमेंट को लेकर 2023 से अटकलें-** धोनी 42 साल के हो गए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से साल 2020 में 15 अगस्त को संन्यास ले चुके हैं। उनके रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही है। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2023 धोनी का आखिरी साल होगा, पर उन्होंने उन्होंने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान टॉस के बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने धोनी से सवाल किया कि आप अपने आखिरी सीजन का आनंद ले रहे हैं? धोनी ने इसका जवाब देते हुए कहा, कि आपने फैसला किया है कि यह मेरा आखिरी आईपीएल है। इसके बाद धोनी हंसने लगे। मॉरिसन ने कहा कि धोनी अगले साल भी खेलते नजर आएंगे।

### धोनी ने मुंबई के खिलाफ आखिरी चार गेंदों पर बनाए थे 20 रन

वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई में खेले गए मैच में आखिरी चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे। उन्होंने लगातार तीन गेंदों छक्के जड़े और एक गेंद पर 2 रन लिए। वहीं उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में भी धोनी ने 16 गेंदों में 37 रन बनाए, जिसमें चार चौके और 3 छक्के शामिल हैं। वहीं इस सीजन में चार मैंचों में उन्हें निचले क्रम में बैटिंग का मौका मिला और उन्होंने 59 रन बनाए।

# सिर्फ 53 गेंदों में हार के बाद तिलमिला गए शुभमन गिल, गुजरात टाइटंस के कप्तान ने किसे बताया विलेन



अहमदाबाद, एजेंसी। आईपीएल 2024 के 32वें मैच में ईशांत शर्मा और मुकेश कुमार की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस को महज 89 रन पर समेटने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर जबरदस्त जीत दर्ज की। गुजरात की पारी में विकेट के पीछे दो कैच और दो स्टंपिंग करने के अलावा दिल्ली के रन चेज में 16 नाबाद रन बनाने वाले ऋषभ पंत को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। उनके अलावा दिल्ली की ओर से जैक-फ्रेजर मैकगर्क ने 20, शाई होप ने 19 और अभिषेक पोरेल ने 15 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। ओपनर पृथ्वी शॉ सात रन बनाकर जल्दी आउट हो गये। सुमित कुमार (9) ने पंत के साथ पांचवें विकेट के लिए नाबाद 25 रनों की साझेदारी की।

**शर्मनाक हार से गुजरात टाइटंस को नुकसान, दिल्ली की पॉइंट्स टेबल में दहाड़-** इस जीत से साथ ही दिल्ली पॉइंट्स टेबल में गुजरात से ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के सबसे कम स्कोर पर अपनी टीम के आउट होने के बाद अपनी निराशा को छिपाने का कोई प्रयास नहीं किया। गुजरात टाइटंस की टीम 17.3 ओवर में 89 रन पर आउट हो गई। यह टूर्नामेंट में गुजरात टाइटंस का सबसे कम स्कोर भी था। उनके जख्मों पर नमक छिड़कते हुए डीसी ने छह विकेट खोकर केवल 8.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

# 16 साल का हुआ आईपीएल... ब्रेंडन मैक्कुलम बने थे शतकवीर

### बेंगलुरु टीम को बनाया फिसड्डी



नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट जगत के लिए 18 अप्रैल का दिन बेहद खास है. इसी दिन फैन्स को इंडियन प्रीमियर लीग जैसा एक शानदार टूर्नामेंट मिला. आईपीएल का आगाज 2008 में हुआ था. यह पहला सीजन शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. (18 अप्रैल) 16 साल का हो गया है. लीग के इतिहास का पहला मैच 2008 में आज ही के दिन बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था. यह मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुआ था.

**कोलकाता ने आरसीबी को 140 रनों से हराया-** उस सीजन में कोलकाता टीम की कप्तानी सौरव गांगुली के हाथों में थी. जबकि आरसीबी की कमान राहुल द्रविड़ संभाल रहे थे. इस पहले ही मुकाबले में आरसीबी टीम फिसड्डी सी नजर आई थी. केकेआर ने इस मैच में 3 विकेट पर 222 रन बनाए थे. जबकि आरसीबी को 15.1 ओवर में 82 रनों पर ही ढेर कर दिया था. इस तरह केकेआर ने यह मैच 140 रनों से जीता था.


पहले ही मैच में केकेआर के ओपनर ब्रेंडन मैक्कुलम ने महज 73 गेंदों में नाबाद 158 रनों की धुआंधार पारी खेली थी.

### पहले सीजन में राजस्थान टीम बनी थी चैम्पियन

आईपीएल का पहला सीजन राजस्थान रॉयल्स ने जीता था. ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वॉर्न ने अपनी कप्तानी में राजस्थान टीम को यह खिताब जिताया था. राजस्थान रॉयल्स ने फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स को 3 विकेट से करारी शिकस्त दी थी. तब भी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी महेंद्र सिंह धोनी के हाथों में थी. टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत ने क्रिकेट फैन्स को इस फॉर्मेट का दीवाना बना दिया.

शिवम दुबे वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने के हकदार, लेकिन...

# एबी डिविलियर्स ने बताई दिक्कत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स भी शिवम दुबे को टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में मौका देने की वकालत कर रहे हैं. यह युवा बल्लेबाज इस सीजन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अहम रोल अदा कर रहा है. यह लेफ्टहैंड बल्लेबाज इस टीम के लिए अब तक खेले 6 मैचों में ही कई अहम पारियां खेल चुका है और वह खुलकर अपना खेल खेल रहे हैं. उन्हें इस बार मिडल ऑर्डर पॉजिशन पर बैटिंग का मौका मिल रहा है और वह पारी को संभालने से लेकर मैच फिनिशर तक का रोल निभा रहे हैं. इस युवा बल्लेबाज ने इस सीजन अब तक 6 मैचों में 242 रन बनाए हैं और वह 163.51 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे हैं. उनके इस खेल की तारीफ साउथ अफ्रीका और ऋष्क्र के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी की है. उन्होंने कहा कि यह युवा खिलाड़ी टी20 वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह बनाने के लिए मजबूती से अपना दावा पेश कर रहा है.

# 22 करोड़ की कंपनी ने पहले साल कर दी 400 करोड़ की बिक्री



नईदिल्ली, एजेंसी। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड ने पहले ही साल कमाल कर दिया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इस फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स कंपनी ने अपने परिचालन के पहले पूर्ण वर्ष में ही 3,000 करोड़ रुपये की सेल हासिल कर ली। फाइनेंशियल ईयर 2024 में कंपनी की कुल बिक्री में बेवरेज ब्रांड कैंपा कोला की सेल 400 करोड़ रुपये रही। इमामी को 3,400 करोड़ रुपये की बिक्री तक पहुंचने में पांच दशक लगे। कंपनी ने पिछले फाइनेंशियल ईयर में यह मुकाम हासिल किया। इसी तरह टूथपेस्ट सेक्टर की दिग्गज कंपनी कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) ने फाइनेंशियल ईयर 2024 में 5,226 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल किया। यह कंपनी आठ दशक से कारोबार कर रही है। इससे पता चलता है कि आरसीपीएल ने कितनी जल्दी अपना बिजनस फैलाया है।

लिस्टेड एफएमसीजी कंपनियों को अभी भी फाइनेंशियल ईयर 2024 के वित्तीय परिणाम घोषित करने हैं। आरसीपीएल ने औपचारिक रूप से 30 नवंबर, 2022 को ऑपरेशन शुरू किया था। कैंपा कोला और इंडिपेंडेंस जैसे ब्रांड्स को ऑपरेट करने वाली यह कंपनी स्टेपल और बेवरेजेज के दम पर सेल्स में ग्रोथ को आगे बढ़ाना चाहती है। सप्लाई की समस्याओं के बीच कंपनी अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कैंपा कोला के लिए एक बॉटलिंग प्लांट लगाना चाहती है। इसके लिए वह अपनी पेरेंट कंपनी से इस वित्त वर्ष में 500-700 करोड़ भी जुटा सकती है। आरसीपीएल की पेरेंट कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स है। यह रिलायंस ग्रुप के खुदरा कारोबार की होल्डिंग कंपनी भी है। एक सूत्र ने बताया कि आरसीपीएल नए बॉटलिंग प्लांट को ऐसी जगह स्थापित करना चाहती है जिससे पूरे देश की दुकानों को आसानी से सप्लाई की जा सके।

### हर सेटर में उतरने की तैयारी

उन्होंने कहा कि रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स के फाइनेंशियल ईयर 2024 के रेवेन्यू में 200,000 से अधिक किराना स्टोर से अर्जित 1,000 करोड़ शामिल हैं। कंपनी इन दुकानों को अपने प्रॉडक्ट्स बेचती है। कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 2025 में 5,000 करोड़ रेवेन्यू का लक्ष्य रखा है। इस साल पेरेंट कंपनी आरसीपीएल में बड़ी पूंजी डालेगी। हालांकि यह रकम अभी तय नहीं की गई है, लेकिन यह 500–700 करोड़ रुपये के बीच रह सकती है। कंपनी खुद अपना बॉटलिंग प्लांट लगाना चाहती है। इसकी वजह यह है कि अन्य बॉटलरों के साथ साझेदारी करने की उसकी पिछली रणनीति कारगर नहीं रही है। रिलायंस ने 2022 में उस समय बंद हो चुके कैंपा ब्रांड को करीब 22 करोड़ में खरीदा था। कैंपा कोला अभी देश के सबसे बड़े कोला बाजार आंध्र प्रदेश में उपलब्ध है लेकिन आपूर्ति की समस्याओं के कारण पूरे देश में इसकी रेगुलर सप्लाई नहीं हो पा रही है। सूत्र ने कहा कि स्टेपल के अलावा बेवरेजेज आरसीपीएल का सबसे बड़ा बिजनस होगा। बॉटलिंग प्लांट के लिए मशीनरी मंगवाने में समय लगता है और इसलिए आरसीपीएल को जल्द ही पूंजी मिल जाएगी। इस बारे में रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स ने ईटी के सवालों का जवाब नहीं दिया। आरसीपीएल कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैकचरर्स के जरिए कैंपा कोला की बॉटलिंग करती है। साथ ही गुजरात में स्ष्ह्य4श्च कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक बनाने वाले एक प्लांट में भी यह काम होता है। इसमें रिलायंस की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में कॉन्ट्रैक्ट बॉटलर्स के साथ काम करती है।

## संक्षिप्त समाचार

# गूगल ने फिर चलाई छंटनी की तलवार

### कॉस्ट कटिंग के बीच कुछ कर्मचारी भारत समेत इन देशों में भेजे जाएंगे

कैलिफोर्निया एजेंसी। बड़ी-बड़ी आईटी कंपनियां इन दिनों संभावित मंदी से जूझ रही हैं। लागत में कमी करने के लिए ये कंपनियां कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार चला रही हैं। इस बीच गूगल से भी ऐसी ही खबर सामने आई है। एक बार फिर अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। गूगल ने बड़े स्तर पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है।

### इसलिए हो रही छंटनी

कंपनी के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कॉस्ट कटिंग यानी लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं की जा रही है। इसलिए इससे प्रभावित कर्मचारी अन्य किसी भूमिका के लिए आवेदन कर सकेंगे। हालांकि, प्रवक्ता ने छंटनी से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की



संख्या और इसमें शामिल टीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

### इन देशों में भेजे जाएंगे कर्मचारी

छंटनी से प्रभावित कुछ लोगों को कंपनी भारत, शिकागो, अटलांटा और डबलिन समेत उन जगहों पर भेजेगी, जहां वह निवेश कर रही है। गौरतलब है, इस साल टेक और मीडिया जगत में कई नौकरियों में कटौती के बाद गूगल में भी यह छंटनी हो रही है, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि छंटनी जारी रह सकती है। साफ है कि कंपनियां आर्थिक अनिश्चितता से जूझ रही हैं।

### इन विभागों के कर्मचारियों पर चली तलवार

एक रिपोर्ट के अनुसार गूगल के रियल एस्टेट और वित्त विभागों की कई टीमों के कर्मचारी इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित वित्त टीमों में गूगल ट्रेजरी, बिजनेस सर्विसेज और रेवेन्यू कैश ऑपरेशन्स शामिल हैं। इतना ही नहीं, गूगल के वित्त प्रमुख रूथ पोराट ने अपने कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। इसमें कहा गया है कि पुनर्गठन में बंगलूरू, मैक्सिको सिटी और डबलिन में विकास का विस्तार शामिल है।

### पहले ही किया था आगाह

ऐसा नहीं है कि यह पहली बार है जब कंपनी ने कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया है। इससे पहले गूगल ने जनवरी में भी अपनी इंजीनियरिंग, हार्डवेयर और सहायक टीमों समेत कई टीमों के सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था।

# गजब का म्यूचुल फंड: 10,000 के एसआईपी को बना दिया 78.32 लाख, निवेशक गदगद

नईदिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार हो या म्यूचुअल फंड में निवेश लंबी अवधि में हमेशा मुनाफा देता है। ज्यादातर समय देखा गया है कि म्यूचुअल फंड में लंबी अवधि के लिए निवेश फायदेमंद रहा है। आज हम आपको एक ऐसे ही फंड के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने निवेशकों को मोटा रिटर्न दिया है। यह आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड है।

### निवेशकों को तगड़ा रिटर्न

बता दें कि अगर किसी निवेशक ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के ब्लू चिप फंड में इसके शुरुआत यानी मई 2008 में एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो मार्च 2024 तक यह बढ़कर 9.6 लाख रुपये हो गया होता। इस



हिसाब से उसने निवेशकों को 9 गुना से अधिक का रिटर्न दिया है। इस फंड ने 2009 से अब तक सालाना 15.33 प्रतिशत चक्रवृद्धि दर से रिटर्न दिया है। बता दें कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फंड का एसआईपी रिटर्न भी शानदार रहा है। अगर किसी निवेशक ने इस फंड में 16 साल में 10,000 रुपये मंथली का एसआईपी किया होता। यानी करीबन 19 लाख रुपये का एसआईपी निवेश आज की तारीख में 78.32 लाख रुपये हो गया होता। इस दौरान इसका 16.15 प्रतिशत का रिटर्न रहा है। वहीं, बेंचमार्क में इसी निवेश पर केवल 14.30 प्रतिशत का रिटर्न मिला है। बता दें कि सालभर में इस फंड ने 42.23 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, बेंचमार्क ने इस दौरान केवल 34.97 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। आपको बता दें कि इस फंड की टॉप होल्डिंग्स में फाइनेंस सर्विस(22 प्रतिशत), तेल, गैस और ईंधन (12.92 प्रतिशत), ऑटोमोबाइल व ऑटो कंपोनेंट्स (10.23 प्रतिशत) और आईटी (8.99 प्रतिशत) सेक्टर हैं।

# गरीब और विकासशील देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही नेस्ले

### रिपोर्ट में सामने आया यह सच

नईदिल्ली, एजेंसी। नेस्ले गरीब देशों में बेचे जाने वाले शिशु दूध में चीनी की अधिक मात्रा मिलाता है, लेकिन यूरोप या ब्रिटेन के अपने मुख्य बाजारों में नहीं। नेस्ले के दो सबसे ज्यादा बिकने वाले बेबी फूड ब्रांड्स में चीन की अधिक मात्रा पाई गई है। जबकि यही उत्पाद ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे हैं। पब्लिक आई की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।




दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि वह दूध और बच्चों से जुड़े उत्पादों में मोटापे और गंभीर बीमारियों को रोकने के लिए जारी दिशानिर्देशों के विपरीत चीनी और शहद जैसी चीजें मिला रही है। नेस्ले की ओर से किया गया उल्लंघन कंपनी के एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों के उत्पादों में देखा गया है।

### भारत में बिकने वाले नेस्ले के बेबी फुड प्रोडट्स में चीनी की मात्रा कितनी

रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिकने वाले नेस्ले के बच्चों से जुड़े उत्पादों की हर सर्विंग में करीब 3 ग्राम चीनी पाई गई। चीनी की इस मात्रा के बारे में पैकेट पर कंपनी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। नेस्ले की ओर से गरीब और विकासशील देशों में बेचे जा रहे उत्पादों में चीनी मिलाने का खुलासा तब हुआ जब स्विस जांच संगठन पब्लिक आई और आईबीएफएएन (इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क) ने एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में बेचे जाने वाले कंपनी के बेबी फूड उत्पादों के नमूने बेल्जियम की प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजे। पब्लिक आई की जांच रिपोर्ट से बुधवार को सार्वजनिक किया गया में कहा गया है कि जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन में नेस्ले द्वारा बेचे गए छह महीने के बच्चों के लिए सेरेलैक गेहूं आधारित अनाज में कोई अतिरिक्त चीनी नहीं मिली, जबकि उसी उत्पाद में इथियोपिया में प्रति सर्विंग 5 ग्राम और थाईलैंड में 6 ग्राम से अधिक चीनी मिली। जांच में सामने आए निष्कर्षों के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैज्ञानिक निगेल रोलिंस ने पब्लिक आई और आईबीएफएएन को बताया, यह नेस्ले की ओर से अपनाया गया एक दोहरा मानक है जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तथ्य बताते हैं कि नेस्ले स्विट्जरलैंड में इन उत्पादों में चीनी नहीं मिलाता है, लेकिन कम संसाधन वाले देशों में वह ऐसा करके खुश है।

### बच्चों के लिए यों नुकसानदेह है चीनी

रिपोर्ट के अनुसार डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि बच्चों के शुरुआती दिनों में चीनी के संपर्क में आने से उनमें शर्करा आधारित उत्पादों के लिए जीवन भर आकर्षित रहते हैं जिससे मोटापे और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। 2022 में, ड्ड।।द्ध ने शिशुओं के लिए खाद्य उत्पादों में चीनी मिलाने पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया था और उद्योगों से अपने उत्पादों में सुधार करने को कहा था।

### नेस्ले इंडिया ने रिपोर्ट पर या प्रतिक्रिया दी

रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए नेस्ले इंडिया के प्रवक्ता ने मीडिया से कहा है कि पिछले 5 वर्षों में, नेस्ले इंडिया ने शिशु अनाज पोर्टफोलियो में अतिरिक्त चीनी की मात्रा को 30 प्रतिशत तक कम किया है ... । प्रवक्ता ने कहा, हम नियमित रूप से अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करते हैं और गुणवत्ता, सुरक्षा और स्वाद से समझौता किए बिना अतिरिक्त चीनी के स्तर को कम करने के लिए अपने उत्पादों में सुधार करना जारी रखते हैं।

# अनिल अंबानी के इस शेयर में तूफानी तेजी

### 2400 प्रतिशत से ज्यादा उछला शेयर का भाव



नईदिल्ली, एजेंसी। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयरों में तूफानी तेजी लौटी है। रिलायंस पावर के शेयर गुरुवार को 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 28.71 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयर लगातार दूसरे दिन अपर सर्किट पर हैं। रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले 4 साल में जबरदस्त उछाल आया है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 1 रुपये से बढ़कर 28 रुपये के पार पहुंच गए हैं। रिलायंस पावर के शेयर पिछले 4 साल में 2400 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं।

### 1 रुपये से 28 रुपये के पार पहुंचे रिलायंस पावर के शेयर

रिलायंस पावर के शेयर 27 मार्च 2020 को 1.13 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 18 अप्रैल 2024 को 28.71 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 4 साल में रिलायंस पावर के शेयरों में 2441 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है। अगर किसी व्यक्ति ने 27 मार्च 2020 को रिलायंस पावर के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में इन शेयरों की वैल्यू 25.40 लाख रुपये होती।

### 1 साल में शेयरों में 132 प्रतिशत का तगड़ा उछाल

रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले एक साल में 132 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है। कंपनी के शेयर 18 अप्रैल 2023 को 12.38 रुपये पर थे। रिलायंस पावर के शेयर 18 अप्रैल 2024 को 28.71 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, पिछले 6 महीने में रिलायंस पावर के शेयरों में 58 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 18.19 रुपये से बढ़कर 28 रुपये के पार पहुंच गए हैं। रिलायंस पावर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 34.35 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 11.06 रुपये है। रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले 3 साल में 513 पर्सेंट की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 16 अप्रैल 2021 को 4.68 रुपये पर थे, जो कि अब 28.71 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

# अबुजा सीमेंट में अदाणी परिवार का निवेश बढ़कर 20 हजार करोड़ हुआ

### हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत पर पहुंची



नईदिल्ली, एजेंसी। अदाणी समूह की सीमेंट बनाने वाली कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने अपने भविष्य से संबंधित बड़ा एलान किया है। कंपनी ने बताया है कि अदाणी परिवार ने कंपनी में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वारंट प्रोग्राम को पूरी तरह सब्सक्राइब कर लिया है। इससे कंपनी में अदाणी परिवार का कुल निवेश बढ़ककर 20,000 करोड़ हो गया है।

ताजा निवेश से अदाणी परिवार की अंबुजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी बढ़कर 70.3 प्रतिशत हो गई। इससे पहले अदाणी परिवार ने शेयरों की हिस्सेदारी के बदले अंबुजा सीमेंट्स में 18 अक्तूबर 2022 को 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

कंपनी ने बताया है कि अंबूजा सीमेंट्स में अदाणी परिवार की ओर से किया गया यह हालिया निवेश 2028 तक कंपनी की सालाना उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 140 मिलियन डॉलर करने में अहम साबित होगा। अंबुजा सीमेंट्स के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अजय ने कहा कि अदाणी परिवार की ओर से किए गए निवेश पर कहा कि इसकी घोषणा करते हुए हम रोमांचित महसूस कर रहे हैं।

यह पूंजी निवेश कंपनी को तेजी से विकसित होने के लिए पूंजीगत रूप से लचीला बनाएगा। इससे कंपनी के पूंजीगत प्रबंधन से जुड़े पहलों को लागू करने में आसानी होगी साथ ही कंपनी का बैलेंसशीट मजबूत होगा। अदाणी परिवार और अंबुजा सीमेंट्स के बीच इस लेनदेन में बार्केलेज बैंक पीएलसी, एमयूएफजी बैंक, मिजूहो बैंक और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने सलाहकार की भूमिका निभाई।

# लिपकार्ट, बिगबास्केट ने ऐसा या कर दिया कि चुनाव आयुत के पास पहुंची शिकायत

नईदिल्ली, एजेंसी। ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और टाटा समूह की इकाई बिगबास्केट के खिलाफ तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। इन कंपनियों ने मतदान के दिन यानी 19 अप्रैल को भी राज्य में डिलीवरी करने वाले कर्मचारियों के जरिये सामान की डिलीवरी करने की बात कही है। जबकि उस दिन मतदान होने की वजह से सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।बुधवार को तमिलनाडु राज्य चुनाव आयुक्त बी कोठी निर्मलसामी के समक्ष दायर शिकायत में चेन्नई हाईकोर्ट के वकील के नरसिम्हन ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से चुनाव के दिन 19 अप्रैल को छुट्टी होने की घोषणा के बावजूद फ्लिपकार्ट और बिगबास्केट ऑर्डर की गारंटीकृत डिलीवरी का वादा कर रही हैं। नरसिम्हन ने कहा कि सरकारी आदेश के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए 19 अप्रैल को 'नेगोशिएबल इंस्ट्रयूमेन्ट एक्ट 1881' की धारा 25 के तहत आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (उत्पाद-शाखा)

### शुष्क दिवस (DRY DAY) आदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह– सचिव, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 01/नि0वि0 –22–23(पार्ट–1)/2020/1186 राँची दिनांक– 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद झारखण्ड राँची के ज्ञापांक – 01/नीति–05–10/2022–651/राँची दिनांक– 01.04.2024 के आलोक में लोहरदगा जिला एवं लोहरदगा जिला के सीमावर्ती जिला में होंने वाले लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान समाप्त होने से 48 घण्टे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पूर्नमतदान के दिन शुष्क दिवस (DRY DAY) घोषित किये जाने का निदेश है।

लोहरदगा जिला में चतुर्थ चरण तथा लोहरदगा जिला के सीमावर्ती जिला लोकसभा क्षेत्र में यथा चतरा (लातेहार) – पंचम, राँची जिला में छठे चरण में निर्धारित है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) में निहित निदेश के आलोक में मैं डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त, लोहरदगा आदेश देता हुँ कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर लोहरदगा जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निम्न प्रकार शुश्क दिवस (DRY DAY) घोषित किया जाता है।

| क्र0 स0 | लोकसभा नम्बर एवं क्षेत्र का नाम | मतदान की तिथि | लोहरदगा जिला में घोषित शुष्क दिवस | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक (समय) से | दिनांक (समय) तक | |
| 1 | 12–लोहरदगा | 13.05.2024 | 11.05.2024 (अपराहन 5 बजे से) | 13.05.2024 (अपराहन 5 बजे तक) | |
| 2 | 4–चतरा (लातेहार) | 20.05.2024 | 18.05.2024 (अपराहन 5 बजे से) | 20.05.2024 (अपराहन 5 बजे तक) | |
| 3 | 8–राँची | 25.05.2024 | 23.05.2024 (अपराहन 5 बजे से) | 25.05.2024 (अपराहन 5 बजे तक) | |
| 4 | मतगणना | 04.06.2024 | 04.06.2024 | | |

शुष्क दिवस (DRY DAY) के उक्त अवधि में लोहरदगा जिला की सभी खुदरा उत्पाद दुकानें एवं अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेगें, तथा किसी प्रकार के होटल रेस्तरा, क्लब, इत्यादि प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्पिरिटयुक्त मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा न तो दिया जायेगा और न वितरित किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त, लोहरदगा।

PR.NO.323876 Lohardaga(24-25):D



## शादीशुदा हैं सुखविंदर सिंह! बोले-

# बगैर उत्सव के भी विवाह होते हैं

### गायक के बयान से मची हलचल

बॉलीवुड हिट गानों को अपनी आवाज देने वाले अनुभवी गायक और संगीतकार सुखविंदर सिंह आज भी अपनी गायकी से लोगों की खूब तारीफें बटोरते हैं। हालांकि, गायक अब एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह उनका कोई गाना नहीं बल्कि निजी जिंदगी है। सुखविंदर सिंह ने हाल ही में, खुलासा किया है कि वह अकेले नहीं हैं और उनकी जिंदगी में कोई खास है। हिंदी सिनेमा में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाले सिंगर सुखविंदर सिंह ने हमेशा अपनी निजी जिंदगी को काफी निजी रखा है। फैंस को भी अभी तक यही लगता था कि सुखविंदर सिंह अविवाहित हैं, लेकिन गायक के इस बयान ने प्रशंसकों के बीच भी काफी हलचल मचा दी है। दरअसल, सुखविंदर सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका मानना है कि लोग बिना बड़े जश्न के भी शादी कर लेते हैं। गायक ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा, जरूरी नहीं है कि जिनके बड़े जश्न नहीं होते हैं, वे शादी नहीं करते! करते हैं ना ऐसे कई सेलिब्रिटीज हैं, जो शादी कर लेते हैं, लेकिन किसी को पता नहीं चलता क्योंकि वे नहीं चाहते कि इसकी खबर बने। कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जो संवेदनशील होते हैं, ऐसा रिश्ता नहीं है कि आपने गुनाह किया है, जो इसे छुपाकर रखा जाए। गायक ने यह भी खुलासा किया कि वह अपने रिश्ते के बारे में हमेशा चुप क्यों रहते हैं। उन्होंने कहा, गोपनीयता है मेरी बस। छुपाने वाला इसमें कुछ नहीं है। अगर किसी कलाकार को कोई ऐसा व्यक्ति मिल जाए जो उनकी सोच को स्वतंत्र रखता है, तो ऐसा रिश्ता हमेशा के लिए रहता है। कलाकार बहुत अजीब लोग होते हैं। सुखविंदर सिंह ने आगे कहा, मुझे रिश्तों को लाइमलाइट में डालने का शौक नहीं है। अगर कोई चाहता है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है, यह दोनों स्थितियों में अपराध नहीं है।

# गर्भवती होने के बावजूद सिंघम अगेन की शूटिंग पर पहुँची दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण ने कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर प्रेग्नेंसी को आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किया था। अब सोशल मीडिया पर 'सिंघम अगेन' के सेट से उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री पुलिस की वर्दी में दिख रही हैं।



दावा किया जा रहा है कि वह फिल्म में एक्शन सीन करते हुए दिखाई देंगी। सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री पुलिस की वर्दी में हैं। उनके चारों ओर जो कलाकार हैं वो गुंडों की वेशभूषा में है। इससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि वो एक एक्शन सीन कर रही हैं। फैंस यह भी दावा कर रहे हैं कि शूट के दौरान उनका बेबी बंप भी दिख रहा है। यह तस्वीरें दीपिका पादुकोण के एक फैन पेज से साझा की गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दीपिका की सुरक्षा के लिए उनकी बॉडी डबल भी वहां मौजूद थी। कहा जा रहा है कि दीपिका के एक्शन सीन उनकी बॉडी डबल ही कर रही हैं, ताकि गर्भवती स्टार को किसी तरह की परेशानी ना हो। 'सिंघम अगेन' में दीपिका पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी। फिल्म में दीपिका लेडी सिंघम पुलिस अधिकारी 'शक्ति शेट्टी' के किरदार में दिखेंगी। फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, करीना कपूर खान, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।



# रजनीकांत की वेट्टियान में खलनायक की भूमिका में नजर आएगा भल्लाल देव

दक्षिण भारत के सुपर सितारे रजनीकांत का 72 साल की उम्र में भी जलवा कम नहीं हुआ है। तमिल फिल्मों की दुनिया में आज भी रजनीकांत से बड़ा दूसरा कोई सितारा नहीं हैं। गत वर्ष प्रदर्शित हुई उनकी फिल्म जेलर ने जिस तरह से कामयाबी पायी वह अन्य सितारों को आश्चर्यचकित कर गई। इस फिल्म ने दुनियाभर से 700 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की। जेलर के बाद रजनीकांत इन दिनों अपनी अगली फिल्मों को लेकर खासी चर्चाओं में

बताया जा रहा है कि रजनीकांत इन दिनों दो फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इनमें से एक फिल्म जय भीम देने वाले निर्देशक टीजे ज्ञानवेल की वेट्टियान है। इस फिल्म को लेकर तमिल सिनेमा में लगातार बज बना हुआ है। जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत धमाकेदार अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर चर्चा है कि निर्माताओं ने रजनीकांत की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म के लिए खलनायक की खोज पूरी कर ली है। यह विलेन कोई और नहीं बल्किबाहुबली का भल्लालदेव यानी राणा दग्गुबाती है। हालांकि अभी तक निर्माताओं की ओर से आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया गया है। मगर तमिल सिनेमा के गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि रजनीकांत की इस फिल्म में राणा दग्गुबाती की एंट्री होने वाली है।

फिल्म की कहानी क्रिमिनल एक्टिविटीज की थीम पर बुनी हुई है। जो एजुकेशन सिस्टम को कैसे बर्बाद करता है। इसमें राणा दग्गुबाती का किरदार एक ऐसे विलेन का होगा जो गैजेट्स लवर है और मॉर्डन टेक्नोलॉजी का मिसयूज करता है। फिल्म में रजनीकांत एक बार फिर पुलिस अधिकारी के किरदार में दिखाई देंगे। यह फिल्म इसी साल अक्टूबर 2024 तक सिल्वर स्क्रीन पहुंचने की तैयारी में हैं। इसमें रजनीकांत के साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आने वाले हैं। इससे पहले इन दोनों ने अपने समय में आखिरी बार गिरफ्तार में स्क्रीन्स शेयर किया था।

गिरफ्तार में कमल हासन ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। वो फिल्म में अमिताभ के छोटे भाई बने थे।

अमूमन एक वक्त पर एक ही फिल्म पर काम करने वाले रजनीकांत नेवेट्टियान के साथ ही निर्देशक लोकेश कनगराज की अगली फिल्म को लेकर भी हाथ मिला लिया है। उनकी अगली फिल्म थलाइवा 171 के टाइटल का खुलासा जल्दी ही होने वाला है। इस फिल्म का मेकर्स एक जबरदस्त फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर चुके हैं।

# थलाइवा 171 में नजर आ सकती हैं श्रुति हासन



रजनीकांत के साथ पहली बार काम करेंगे लोकेश कनगराज

दो वर्ष पूर्व कमल हासन को लेकर सिने दर्शकों को विक्रम देने वाले निर्देशक लोकेश कनगराज इन दिनों अपनी अगली फिल्म को लेकर खासी चर्चाओं में हैं।

इस फिल्म की चर्चाओं को एक कारण जहाँ स्वयं लोकेश कनगराज हैं वहीं दूसरी ओर इस फिल्म की चर्चाओं का मुख्य कारण इस फिल्म के मुख्य सितारे रजनीकांत हैं, जिनके साथ कनगराज की यह पहली फिल्म है। अभी तक इस फिल्म का कोई शीर्षक तय नहीं किया गया है, फिलहाल इसे थलाइवा 171 के नाम से जाना जा रहा है। बताया जा रहा है कि निर्माताओं द्वारा इस फिल्म का शीर्षक 22 अप्रैल को घोषित किया जाएगा।

तमिल सहित इस फिल्म की चर्चा उत्तर भारत की मीडिया और सोशल मीडिया पर भी जमकर हो रही है। अब थलाइवा 171 को लेकर एक और जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि लोकेश कनगराज ने अपनी इस फिल्म में श्रुति हासन को मुख्य भूमिका निभाने के लिए साइन कर लिया है। श्रुति हासन ने कुछ वक्त पहले ही निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ एक सुपरहिट म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया था। जिसमें लोकेश कनगराज मेन एक्टर बने थे। इस म्यूजिक वीडियो में दोनों की ही जोड़ी दर्शकों को काफी पसंद आई है।

खबर है कि श्रुति हासन से निर्देशक लोकेश कनगराज खासा इंप्रेस हैं। ऐसे में वो उन्हें रजनीकांत स्टारर अपनी अगली फिल्म में लीड एक्ट्रेस के तौर पर साइन कर रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या रजनीकांत अपने दोस्त कमल हासन की बेटी श्रुति हासन के साथ निर्देशक लोकेश कनगराज की इस मूवी में रोमांटिक जोड़ी में नजर आएंगे या फिर दोनों के किरदार एक दूसरे के अपोजिट किसी और अवतार में दिखेंगे।

एक मीडिया रिपोर्ट की मानें तो श्रुति हासन इस मूवी में सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी का किरदार निभाने वाली हैं। यही नहीं, चर्चा है कि सुपरस्टार रजनीकांत की अपकमिंग मूवीथलाइवा 171 में तेलुगु एक्टर सत्यराज भी नजर आने वाले हैं। बाहुबली के कट्प्पा को इस फिल्म में एक दिलचस्प किरदार के लिए साइन किया गया है। हालांकि अभी ये रिपोर्ट्स आधिकारिक नहीं हैं। हमें फिल्ममेकर्स की ओर से इन रिपोर्ट्स के आधिकारिक ऐलान का इंतजार है।



# खलनायक 2 की रेस में रणबीर कपूर रणवीर सिंह, यश और अल्लू अर्जुन

सुभाष घई नेखलनायक 2 की स्क्रिप्टिंग पूरी कर ली है। निर्देशक, जिन्होंने तीन दशक पहले संजय दत्त के साथखलनायक बनाई थी, बल्लू बलराम की भूमिका निभाने के लिए कुछ लोकप्रिय युवा अभिनेताओं के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। निर्देशक सुभाष घई ने फिल्म की स्क्रिप्टिंग पहले ही पूरी कर ली है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि 1993 की फिल्म के सीक्वल में संजय दत्त को वापस लाया जाएगा या नहीं, घई बल्लू बलराम की भूमिका के लिए एक युवा और गतिशील अभिनेता को लेने की उम्मीद कर रहे हैं। दरअसल, साउथ के पॉपुलर एक्टर भी उनकी लिस्ट में हैं। सुभाष घई बल्लू बलराम के किरदार के लिए रणवीर सिंह और रणबीर कपूर जैसे अभिनेताओं से संपर्क करना चाहते हैं। दरअसल, वह सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं हैं। अल्लू अर्जुन और यश भी उनकी लिस्ट में हैं और वह उनसे भी संपर्क करना चाहते हैं, वह बस कोई ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो बल्लू बलराम की विरासत को आगे ले जा सके। खलनायक में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर थे। पिछले साल फिल्म की 30वीं सालगिरह मनाने के लिए कलाकार एक साथ आए थे। यह फिल्म रिलीज होते ही विवादों से घिर गई थी। फिल्म का गाना,चोली के पीछे क्या है, एक बड़ा हिट था और इसे 2024 की फिल्म,क्रू में दोहराया गया था।

# सिंघम अगेन में डांस नंबर कर सकती है करीना



भारतीय सिनेमा की चर्चित फ्रेंचाइजी सिंघम की अगली फिल्म सिंघम अगेन आने वाली है। इस फिल्म की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। लंबे ब्रेक के बाद रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की इस अगली फिल्म के साथ आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

साथ ही अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी होंगें। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म में एक डांस नंबर भी जोड़ा गया है। फिल्म सिंघम अगेन का डांस नंबर करीना कपूर कर रही हैं। खबर है कि अभिनेत्री ने मुंबई में आज इस हॉट डांस नंबर की शूटिंग की है। इस स्पेशल नंबर में वह टाइगर श्रॉफ और अजय देवगन के साथ नजर आएंगी। करीना कपूर इन दिनों फिल्म क्रू के चलते छाई हुई हैं।

### सलमान संग काम करने पर बोले अरबाज

# हम साथ रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे के बारे में सब नहीं जानते हैं



बॉलीवुड के दबंग अभिनेता सलमान खान अक्सर चर्चा में रहते हैं। सलमान खान के व्यक्तिगत रिश्ते चाहे जैसे भी रहे हो पर वह अपने परिवार को लेकर काफी संवेदनशील नजर आते हैं। अरबाज खान ने अपने भाई सलमान खान के साथ काम करने के बारे में बात की और कहा कि भले ही वे साथ रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे की सीमाओं का सम्मान करते हैं। एक नए इंटरव्यू में अरबाज ने कहा कि सलमान उनकी जिंदगी के बारे में सब कुछ नहीं जानते और न ही वह सलमान की जिंदगी के हर पहलू पर नजर रखते हैं। अरबाज ने कहा कि लोगों की धारणा है कि खान परिवार में हर कोई अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में कुछ भी करते समय पूरी तरह से जागरूक होते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने आगे साझा किया, मुझे लगता है कि हममें से ज्यादातर लोग बहुत निजी जीवन जीते हैं। हम सब साथ रहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि सलमान मेरे बारे में सब कुछ जानते हैं या मैं सलमान के बारे में सब कुछ जानता हूं और ये जरूरी नहीं कि हम एक दूसरे के बारे में सब कुछ जानते हों क्योंकि जब आपका अपना भाई हो तब भी उसकी निजी जिंदगी निजी होती है।

# आयशा खान को गाने के शूट से एक दिन पहले कर दिया गया था रिप्लेस

'बिग बॉस 17' में बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री लेने वाली अभिनेत्री आयशा खान ने एक चौकाने वाला खुलासा किया है। हाल ही में अभिनेत्री का नया गाना 'खाली बोतल' यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। 'बिग बॉस 17' फेम आयशा खान का नया गाना 'खाली बोतल' यूट्यूब पर रिलीज हो चुका है। गाने को यूट्यूब पर अब तक लाखों व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में आयशा के साथ उनके दोस्त अभिषेक भी हैं। हाल ही में गाने के प्रमोशन के लिए दोनों ने एक साक्षात्कार दिया था। इस साक्षात्कार में आयशा ने हैरान करने वाला खुलासा किया। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे एक गाना शूट करने के लिए उन्होंने अपनी बोर्ड की परीक्षा छोड़ने का निर्णय ले लिया था, लेकिन इसका अंत काफी दु:खद रहा। आयशा और अभिषेक की ऑफ स्क्रीन केमिस्ट्री काफी अच्छी है। फैंस उनकी दोस्ती को बहुत पसंद करते हैं।



# आमिर के डीपफेक वीडियो के मामले में पुलिस का एक्शन

### अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

आमिर इन दिनों अपने वायरल डीपफेक वीडियो के कारण सुर्खियां बटोर रहे हैं। डीपफेक वीडियो एक राजनीतिक दल का विज्ञापन अभियान था, जिसमें वे राजनीतिक पार्टी का प्रचार करते हुए नजर आ रहे थे। हाल ही में अभिनेता के आधिकारिक प्रवक्ता ने इस वीडियो के खिलाफ बयान जारी किया था और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। वहीं अब ताजा जानकारी सामने आई है कि मुंबई पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की है। आमिर खान का एक राजनीतिक पार्टी को प्रमोट करने वाला डीपफेक वीडियो वायरल होने के बाद मुंबई पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। खबर है कि अभिनेता के ऑफिस की ओर से खार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया गया है।